# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : सोमवार, 27 जुलाई, 2026 | वर्ष -01 | अंक-160 | पृष्ठ -14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## मीराबाई चानू ने दिलाया भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स का पहला गोल्ड



**ग्लासगो (एजेंसी)।** ओलंपिक मेडलिस्ट मीराबाई चानू ने लगातार तीसरी बार कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचने के बाद अपनी सफलता का श्रेय परिवार के अटूट समर्थन को दिया। उन्होंने कहा कि चोटों, संघर्षों और कई त्यागों से भरे सफर के दौरान उनके परिवार ने हर कदम पर उनका साथ दिया। रविवार को ग्लासगो में कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में महिलाओं का 48 किलोग्राम का खिताब जीतने के बाद मीराबाई ने पत्रकारों से कहा, "मेरे परिवार ने आज तक मेरा बहुत साथ दिया है। मुझे कई चोटें लगीं, लेकिन मेरे परिवार ने मेरा बहुत समर्थन किया।"

**लगातार तीसरी बार बनीं चैंपियन**

## संक्षिप्त खबरें

### तेज प्रताप को 14 दिनों के लिए बेऊर जेल भेजा

**पटना।** बिहार बंद के दौरान छात्रों के आंदोलन का समर्थन करने पहुंचे पूर्व मंत्री और जनशक्ति जनता दल के प्रमुख तेज प्रताप यादव को शनिवार शाम पुलिस ने गिरफ्तार लिया. दिन में रामगुलाम चौक पर छात्र आंदोलन में शामिल होने के बाद शाम को उन्हें पटना के एक मॉल से पुलिस ने गिरफ्तार किया और दीघा थाना ले गई. इसके बाद 14 दिनों के लिए बेऊर जेल भेजा गया है। शनिवार को पेपर लीक मामले, छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज और शिक्षा से जुड़े अन्य मुद्दों को लेकर बुलाए गए बिहार बंद के दौरान तेज प्रताप यादव सुबह करीब 11 बजे रामगुलाम चौक पहुंचे थे(

### सूबे के 16 जिलों में बारिश और तूफान का अलर्ट

**पटना।** बिहार में मानसून की सक्रियता एक बार फिर तेजी से बढ़ गई है, जिससे राज्य के बड़े हिस्से में मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल चुका है. मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार, आज राज्य के कई हिस्सों में घने बादल छाए हुए हैं और बारिश का दौर जारी है। मौसम वैज्ञानिकों ने बिहार के 16 प्रमुख जिलों में गरज-चमक के साथ मूसलाधार बारिश की प्रबल संभावना जताई है. विशेष रूप से पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सिवान, सारण, बक्सर, भोजपुर, रोहतास और कैमूर (भभुआ) में भारी मेघगर्जन देखने को मिल सकता है।

### अब नेपाल में भी चलेंगे भारत के ₹200 और ₹500 के नोट

**काठमांडु ।** नेपाल घूमने या बिजनेस के लिए जाने वाले भारतीयों के लिए अच्छी खबर है. नेपाल सरकार ने लगभग एक दशक पुराना बैन हटाते ₹200 और ₹500 मूल्यवर्ग के नए भारतीय नोटों के इस्तेमाल को मंजूरी दे दी है. नेपाल राष्ट्र बैंक (NRB) ने 23 जुलाई 2026 को इस संबंध में एक आधिकारिक अधिसूचना की. इस फैसले के बाद अब भारतीय और नेपाली नागरिक आसानी से ₹200 और ₹500 के नए नोट नेपाल ले जा सकेंगे। नेपाल राष्ट्र बैंक के नए नियमों के मुताबिक, यह छूट केवल 9 नवंबर 2016 के बाद जारी किए गए ₹200 और ₹500 के नए भारतीय करेंसी नोटों पर ही लागू होगी।

## तीसरे टी 20 में 35 रन से हारी जिम्बाब्वे, भारत ने 3-0 से जीती सीरीज

**हरारे (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम ने जिम्बाब्वे के 3 टी20 मैचों की सीरीज में 3-0 से हरा दिया है। रविवार को खेले गए तीसरे टी20 मुकाबले में श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली टीम इंडिया ने जिम्बाब्वे को 35 रन से हराकर सीरीज पर अजेय रहते हुए कब्जा किया।

193 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे की शुरूआत बेहद खराब रही। टीम ने पहली ही गेंद पर ओपनर ब्रायन बेनेट का विकेट खो दिया। इसके बाद टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट खोए। 65 रन पर 4 विकेट गंवा चुकी जिम्बाब्वे के लिए 5वें विकेट के लिए रयान बर्ल और वेस्ली मधेवेरे ने 60 रन की पारी घोषित की। इसी साझेदारी की वजह से जिम्बाब्वे 150 के पार पहुंच सकी। जिम्बाब्वे की तरफ से रयान बर्ल एकमात्र बल्लेबाज रहे, जो भारतीय गेंदबाजों का सामना कर सके। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए बर्ल ने शानदार अर्धशतक लगाया। बर्ल 43 गेंदों पर 54 रन बनाकर नाबाद रहे। इसके अलावा, बेन करन ने 20, डियोन मायर्स ने 19, मधेवेरे ने 28, और ब्रैड इवांस ने 14 रन बनाए। जिम्बाब्वे 20 ओवर में 7 विकेट पर 157 रन बना सकी और 35 रन से मैच हार गई। भारत की तरफ से मयंक यादव सबसे सफल गेंदबाज रहे। मयंक ने 4 ओवर में यश ठाकुर ने 4 ओवर में 45 रन देकर 2, अशोक शर्मा ने 4 ओवर में 20 रन देकर 1, रवि बिश्नोई ने 4 ओवर में 24 रन देकर 1 विकेट लिए। इससे पहले, भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट के नुकसान पर 192 रन बनाए थे। भारत की तरफ से युवा सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने 81 रनों की विस्फोटक पारी खेली। वैभव ने 49 गेंदों की अपनी पारी में 4 छक्के और 8 चौके लगाए। यह उनका दूसरा टी20 अर्धशतक था। वैभव ने ईशान किशन के साथ दूसरे विकेट के लिए 75 और तीसरे विकेट के लिए कप्तान अय्यर के साथ 50 रन की साझेदारी की थी।



## दुर्गावती पंप भंडारण परियोजना के क्रियान्वयन में तेजी लाएं : मुख्यमंत्री

### बिहार राज्य वन्यप्राणी पर्षद की 15वीं बैठक आयोजित

**पटना (एनएसबी)।** रविवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बिहार राज्य वन्यप्राणी पर्षद की 15वीं बैठक में वन्यजीव संरक्षण, ईको टूरिज्म और हरित विकास से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों की समीक्षा की गई। बैठक में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर ने बैठक से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। राज्य में वन्यजीव संरक्षण, प्रकृति आधारित पर्यटन (ईको टूरिज्म) के विस्तार तथा पर्यावरणीय संतुलन को सुदृढ़ करने से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

**वन्यजीव एवं प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण के लिये सरकार प्रतिबद्ध**



**प्रस्तावों के समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश :** बैठक के दौरान सीएम ने कहा कि बिहार में वन्यजीव संरक्षण के साथ-साथ ईको टूरिज्म को बढ़ावा देकर रोजगार, निवेश और स्थानीय आर्थिक गतिविधियों के नए अवसर विकसित किए जाएं। उन्होंने सभी प्रस्तावों के समयबद्ध क्रियान्वयन एवं नियमित निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्यटन से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं के संचालन एवं रखरखाव को पीपीपी मॉडल पर विकसित करने की कार्ययोजना तैयार की जाए। पर्यटन स्थलों पर व्यावसायिक गतिविधियों को सुव्यवस्थित ढंग से विकसित किया जाए, जिससे पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हों।

### ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने वाले प्रस्तावों को प्राथमिकता दें

सीएम ने कहा कि पर्यटन परियोजनाओं को पीपीपी मॉडल पर विकसित करें। ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने वाले प्रस्तावों को प्राथमिकता दी जाए। रोहतास एवं दुर्गावती क्षेत्र में ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने तथा ग्रीन एनर्जी के संभावित निवेश को प्रोत्साहित करने रोहतास क्षेत्र में ईको टूरिज्म के व्यापक विकास की कार्ययोजना तैयार की जाए। 2600 मेगावाट क्षमता वाली दुर्गावती पंप भंडारण परियोजना के क्रियान्वयन में तेजी लाई जाये। बांध के आसपास के क्षेत्रों का समुचित विकास करते हुए होटल, रेस्टोरेंट एवं अन्य पर्यटन सुविधाएं विकसित की जाय। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण एवं पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर विरासत एवं प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण को गति दी जाए।

## बिहार में वेस्ट टू वेल्थ को दिया जायेगा बढ़ावा : मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात, जताया पीएम का आभार**

**पटना (एनएसबी)।** रविवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौघरी भगवान उत्सव हॉल जक्कनपुर में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 136वें संस्करण के लाइव प्रसारण में शामिल हुए। आकाशवाणी पर प्रसारित मन की बात के लाइव प्रसारण कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने सीतामढ़ी में कचरे की रिसाइकलिंग कर बनाई जा रही बेंच को सराहनीय कार्य बताया। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक कचरे से बना यह बेंच न सिर्फ मजबूत, टिकाऊ और आरामदायक है बल्कि इको फ्रेंडली भी है। यह बताता है कि रिज्यूस, रीयूज, रीसाइकिल सिर्फ एक नारा नहीं बल्कि यह जीवन का एक अहम हिस्सा है। यह अनूठी पहल वेस्ट टू वेल्थ का शानदार उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने पीएम के मन की बात कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात कहा कि प्रधानमंत्री देश की भिन्न-भिन्न खासियतों एवं पहलुओं पर देशवासियों से सीधे संवाद कर उन्हें प्रेरित तथा प्रोत्साहित करते हैं। प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात कार्यक्रम में बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, स्थानीय उत्पादों और जनजीवन से जुड़े विषयों का उल्लेख किया जाना राज्यवासियों के लिए गर्व और सम्मान का विषय है।

## परीक्षा सुधारों पर पीएम मोदी का बड़ा

## नंदन नीलेकणि के नेतृत्व में बनेगी हाई-पावर्ड टास्क



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को जारी अपने वीडियो संदेश में परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और छात्रों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात दोहराई।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार किसी भी कीमत पर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को बख्शने वाली नहीं है और ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स प्लेटफॉर्म पर जारी एक वीडियो में कहा कि देश के लाखों विद्यार्थियों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि परीक्षा प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की धांधली या भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले कई आरोपी जेल में हैं और ऐसे मामलों के त्वरित निपटारे के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट की व्यवस्था भी की गई है। पीएम मोदी ने कहा कि सरकार ने संसद में इस संबंध में कानून बनाने का भी निर्णय लिया है, ताकि परीक्षा प्रणाली को अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि परीक्षा सुधारों को लागू करने और आधुनिक तकनीक के अधिकतम उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए विश्व प्रसिद्ध प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ नंदन नीलेकणि की अध्यक्षता में एक हाई-पावर्ड टास्क फोर्स गठित की जाएगी। प्रधानमंत्री के अनुसार, यह टास्क फोर्स परीक्षा सुधारों पर व्यापक सुझाव देगी और आने वाली परीक्षाओं के लिए स्पष्ट एवं प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करेगी। समिति की रिपोर्ट के आधार पर सरकार आवश्यक सुधारों को लागू करेगी, जिससे परीक्षा प्रणाली अधिक पारदर्शी, तकनीक आधारित और भरोसेमंद बन सके।

## छात्रों पर दर्ज मुकदमे वापस लो नहीं तो होगा आंदोलन : तेजस्वी



**सीएम सम्राट चौधरी पर बोला तीखा हमला, दिया अल्टीमेटम**

**पटना (एनएसबी)।** करीब 24 दिनों बाद विदेश यात्रा से नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव रविवार को बिहार लौट आए हैं। पटना एयरपोर्ट पर तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने मुख्यमंत्री को सड़क छाप गुंडा बताते हुए कहा कि जिनके ऊपर 7 हत्या जैसे गंभीर मामलों के मुकदमे रहे हों, वे आज पुलिस के जरिए छात्रों और विपक्ष की आवाज दबाने का काम कर रहे हैं। तेजस्वी ने चेतावनी दी कि यदि छात्रों पर दर्ज मुकदमे वापस नहीं लिए गए और गिरफ्तार लोगों को रिहा नहीं किया गया तो बिहार में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

तेजस्वी ने कहा कि पिछले कई दिनों से छात्र अपने भविष्य को लेकर सड़कों पर आंदोलन कर रहे थे। दिल्ली में छात्रों की मांग मान ली गई और यह फैसला हुआ कि आंदोलन के दौरान जिन छात्रों पर मुकदमे दर्ज हुए हैं, उन्हें वापस लिया जाएगा। लेकिन बिहार में सरकार छात्रों पर कार्रवाई कर रही है और उन्हें जेल भेजा जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि पटना समेत कई जिलों में छात्रों पर लाठीचार्ज किया गया। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं को हिरासत में लिया गया और हजारों छात्रों के नाम एफआईआर में शामिल किए गए। तेजस्वी ने आगे कहा कि आंदोलन के दौरान कई विधायकों को भी गिरफ्तार किया गया। बड़े भाई तेज प्रताप यादव को भी गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया। यह सरकार की तानाशाही है। विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है। तेजस्वी ने सरकार को एक दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि कल तक सभी छात्रों पर दर्ज मुकदमे वापस नहीं लिए गए, गिरफ्तार छात्रों और अन्य लोगों को रिहा नहीं किया गया, तेज प्रताप यादव को भी जेल से नहीं छोड़ा गया तो राजद पूरे बिहार में बड़ा आंदोलन करेगा।

## संसद मार्च में पुलिस एक्शन के खिलाफ सुनवाई आज

**सुप्रीम कोर्ट में 2 याचिकाएं पहुंचीं, पुलिस पर जरूरत से ज्यादा बल प्रयोग का आरोप**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट सोमवार को दो अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। इन याचिकाओं में आरोप है कि ठएएळ पेपर लीक और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस ने ज्यादती की। ये याचिकाएं 20 जुलाई के संसद मार्च से जुड़ी है, जिसे कॉकरोच जनता पार्टी ने आयोजित किया था।

27 जुलाई की कॉज लिस्ट के मुताबिक, इन याचिकाओं को उखक सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहना की बेंच में रखा जाएगा। उखककी अध्यक्षता वाली बेंच ने 24 जुलाई को इन याचिकाओं पर सुनवाई करने पर सहमति जताई थी। सीनियर एडवोकेट गोपाल शंकरनारायणन ने बेंच से कहा था, "पुलिस छात्रों के खिलाफ बहुत ज्यादा बल प्रयोग कर रही है।" अब सुप्रीम कोर्ट इन याचिकाओं पर सुनवाई कर यह तय करेगा कि आगे क्या कदम उठाए जाने चाहिए।

**संसद मार्च के दौरान लाठीचार्ज, 100 से ज्यादा घायल :** कॉकरोच जनता पार्टी ने 20 जुलाई को जंतर-मंतर से संसद तक मार्च निकाला था। सुबह 8 से शाम 5 बजे तक चले प्रदर्शन में कई बार प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हुई थी। कुछ प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड तोड़े, संसद की ओर मार्च किया। ये लोग जंतर-मंतर से संसद मार्ग, जनपथ चौराहा, वॉर मेमोरियल, कर्तव्य पथ, विजय चौक से संसद के करीब पहुंच गए थे।। इन लोगों ने संसद में घुसने की कोशिश की थी। जिसके बाद पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े थे। देर शाम को पथराव की तस्वीरें भी सामने आईं। इसमें 100 से ज्यादा लोग घायल हुए। हालांकि पुलिस ने शाम 5 बजे तक जंतर-मंतर को खाली करा लिया। लेकिन, रात करीब 11 बजे उखढ समर्थक जंतर-मंतर पहुंचे और फिर से प्रदर्शन शुरू कर दिया था।

## रोहतास में बादमाशों ने लाखों का आभूषण लूटे

**सासासाम (एनएसबी)।** रोहतास में रविवार को दिनदहाड़े अपराधियों ने ज्वेलरी दुकान में बड़ी लूट की वारदाते को अंजाम दिया। हेलमेट और चेहरा ढंक कर पहुंचे पांच हथियारबंद अपराधियों ने बिक्रमगंज बाजार स्थित हीरा आभूषण भंडार में घुसकर दुकानदार को हथियार की नोक पर पहले बंधक बनाया। इसके बाद अपराधी लाखों रुपए के सोने चांदी के आभूषण लूट कर फरार हो गए। घटना के बाद पूरे बाजार में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही बिक्रमगंज थाने की पुलिस तथा वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले में जांच शुरू की। घटना बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के बिक्रमगंज बाजार में आरा जाने वाली मुख्य सड़क पर स्थित हीरा आभूषण भंडार की है।

## पाकिस्तान के साथ अब कोई भी बातचीत सिर्फ पीओके पर फोकस होगी : राजनाथ

### भारतीय सेना के योद्धा बेजोड़, कारगिल में दी गई कुबार्नी पीढ़ियों को प्रेरित करेगी : सेना प्रमुख



**द्रास (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को 27वें कारगिल विजय दिवस पर द्रास से देश को संबोधित किया। उन्होंने फिर से कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान की हर हरकत का जवाब देने के भारत के इरादे और काबिलियत को दिखाया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ कोई भी बातचीत सिर्फ. पीओके पर फोकस होगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत तरक्की के लिए खड़ा है, जबकि पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि ह्लयह दिल मांगे मोरह्व की भावना अब डिफेंस में आत्मनिर्भरता और विकसित भारत 2047 के विजन की ओर भारत के कदम को आगे बढ़ा रही है। कारगिल विजय दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की संप्रभुता के विरुद्ध हर घृणित कृत्य का उसी दृढ़ता से जवाब से दिया जाएगा, जिस दृढ़ जवाब से भारतीय रक्षा बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकवादियों और उनके संरक्षकों को अद्वितीय वीरता के साथ दिया था। राजनाथ सिंह ने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान में सेना और आतंकवादियों के बीच का अंतर मिट चुका है, क्योंकि पाकिस्तान ने आतंकवाद को अपनी राज्य नीति का हिस्सा बना लिया है।

## भोजपुर : दो बाइक की टक्कर में तीन की मौत



**आरा (एनएसबी)।** बिहार में भोजपुर जिले के पीरो थाना क्षेत्र अन्तर्गत धोबी घटवा के पास रविवार दो बाइक की टक्कर में तीन युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान जगदीशपुर थाना क्षेत्र के तिंदुनी गांव निवासी ललन सिंह के पुत्र प्रदीप कुमार, बिहिया थाना क्षेत्र के धरहरा गांव निवासी बादल मुसहर के बेटे गोलू कुमार और धरहरा गांव के ही एक अन्य युवक शामिल हैं।

पुलिस के मुताबिक गोलू कुमार अपने एक साथी के साथ बाइक से रोहतास जिले के काराकाट से अपने गांव लौट रहे थे। वहीं, दूसरी बाइक पर सवार प्रदीप कुमार अपने गांव से पीरो स्थित एक रिश्तेदार के घर खिड़की-दरवाजे की मापी के सिलसिले में जा रहे थे। इसी दौरान धोबी घटवा के पास दोनों बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। ये हादसा इतना भीषण था कि तीनों युवकों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए आरा भेज दिया है और जांच में जुट गई है। दीपक कुमार शाह थानाध्यक्ष पीरो थाना ने मीडिया से बातचीत में बताया कि बाइक दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हुई है। तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए आरा भेजा गया है।

# बांकीपुर उपचुनाव : पीके का भाजपा पर बड़ा हमला

**पीके बोले - बीजेपी प्रशासन का इस्तेमाल कर हमारे नेताओं को परेशान कर रही, जीविका दीदियों को भाजपा का प्रचार करने के लिए लगाया है, अगर 24 घंटे में इसे नहीं रोका तो चुनाव आयोग के बाहर धरने पर बैठेंगे**


जन सुराज के सूत्रधार और बांकीपुर से प्रत्याशी प्रशांत किशोर ने रविवार को एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** जन सुराज के सूत्रधार और बांकीपुर से प्रत्याशी प्रशांत किशोर ने रविवार को एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

उन्होंने बांकीपुर उपचुनाव में जीविका दीदियों द्वारा बीजेपी का प्रचार करने पर रोक लगाने समेत कई मुद्दों पर बात रखी। पीके ने छात्रों के आंदोलन पर भी बड़ा बयान दिया है। पीके ने कहा कि हम लोग सिर्फ चुनाव आयोग को डेलीगेशन भेजकर या प्रेस वार्ता कर रुकने वाले नहीं हैं। बीजेपी ने 1 हजार वर्कर, नेता, अभिनेता लगाए हैं वह उनका अधिकार है, लोकतंत्र में सभी पार्टी का अधिकार है कि जो भी लोकतांत्रिक तरीके से सही है वो कर सकते हैं। जनता उसे देखेगी कि एक प्रशांत किशोर को हराने के लिए बांकीपुर में बीजेपी को कितनी ताकत लगानी पड़ रही है। कितने नेता-संसाधन लगाने पड़ रहे हैं। एक तरीके से जन सुराज के हम लोग इसे अपनी जीत मानते हैं। जो भाजपा के नेता, विधायक, सांसद और मंत्री अपने क्षेत्र में नहीं जा रहे थे। कम से कम चुनाव परिणाम आने से पहले ही ये लोग बांकीपुर की जनता के पास जा तो रहे हैं। यह बड़ी लोकतांत्रिक जीत है। यह जीत जन सुराज की नहीं बल्कि बांकीपुर के उन मतदाताओं की है जिन्होंने यह तय कर लिया है कि वो किसी राजनीतिक दल के किसी विचारधारा के बंधुआ मजदूर नहीं हैं। उनके पास विकल्प है तो उसे जांचेंगे-परखेंगे अगर सही लगेगा तो मतदान भी करेंगे।

पीके ने आगे कहा कि यहां तक तो ठीक है राजनीति में आप 500 नेता बुलाइए, हमें दिक्कत नहीं है। लड़ाई लड़ी जाएगी। दिक्कत यह है कि आप प्रशासन का इस्तेमाल सिर्फ दबाव बनाने के लिए नहीं कर रहे हैं। हम लोग जानते हैं कि जिसकी सरकार रहती है थोड़ा बहुत वह दूसरों को परेशान करते हैं। जन सुराज के जो लोग होटलों में रुके हैं, अपने खर्चे से भी आएं हैं, हर दिन उन होटलों में रेड हो रहा है। भाजपा के लोग और इलेक्शन कमीशन यह बताए कि भाजपा के लोग यहां आकाश में रुके हैं। आखिर उन होटलों पर रेड क्यों नहीं हो रहा है उनसे क्यों नहीं पूछा जा रहा है कि आपका बिल कौन दे रहा है भाजपा के इतने लोग आए हैं उनके रहने-खाने का पैसा कौन दे रहा है यह भी तो बताइए।

पीके ने आगे कहा कि कल जो घटना हुई है पटना के डीएम ने जो ऑफिशियल ट्वीट करके वही घिनौना काम किया जो नवंबर 2025 विधानसभा चुनाव में हुआ था। वोटरों के जागरूकता के नाम पर जो सरकार के हाफ पेड कर्मचारी जीविका दीदियां हैं उनके जरिए महिलाओं तक फिर से पहुंच कर उनको यह बताना कि अगर आप एनडीए को, भाजपा को वोट नहीं देंगे तो सरकारी सुविधाएं जैसे आपका अनाज-पेंशन सब बंद कर दिया जाएगा। प्रेस कन्फ्रेंस के मौके पर प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती, विधानसभा प्रभारी रामबली चंद्रवंशी, पूर्व विधायक किशोर कुमार, सुभाष कुशवाहा, कुमार सौरव, कुमार शांतनु, राकेश पटेल, मसीउद्दीन, संजय ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

## जन सुराज पार्टी के शिष्टमंडल ने बांकीपुर उपचुनाव को लेकर चुनाव पर्यवेक्षक को सौंपा ज्ञापन, जीविका दीदियों की प्रतिनियुक्ति पर रोक और पटना डीएम को चुनाव कार्य से मुक्त करने की मांग

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** जन सुराज पार्टी का एक शिष्टमंडल रविवार को पूर्व विधायक किशोर कुमार मुन्ना के नेतृत्व में बिहार चुनाव आयोग पहुंचा और बांकीपुर उपचुनाव में जीविका दीदियों समेत अन्य गैर एवं अर्ध-सरकारी कर्मियों की प्रतिनियुक्ति न किए जाने तथा पटना डीएम को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आलोक में 3 अगस्त तक बांकीपुर उपचुनाव कार्य से मुक्त करने की मांग को लेकर चुनाव पर्यवेक्षक को ज्ञापन सौंपा। जन सुराज पार्टी के शिष्टमंडल की ओर से चुनाव पर्यवेक्षक के समक्ष दो प्रमुख मांगें रखी गईं।

1 आदर्श आचार संहिता के लागू रहने की अवधि में गैर एवं अर्ध-सरकारी जीविका दीदियों कर्मियों की प्रतिनियुक्ति पर रोक लगे।

2 पटना जिलाधिकारी ने आदर्श आचार संहिता के अनुच्छेद 324 का उल्लंघन करते हुए जीविका दीदियों से ठश्रच के पक्ष में खुले तौर पर प्रचार करवाया जा रहा है। ये जीविका दीदियां बीजेपी का झंडा लगाकर प्रचार कर रही हैं ।

बांकीपुर चुनाव कार्य से पटना डीएम को 3 अगस्त तक मुक्त करने की मांग को लेकर जन सुराज के शिष्टमंडल, जिसमें बांकीपुर विधानसभा चुनाव प्रभारी रामबली चन्द्रवंशी, पूर्व विधायक किशोर कुमार मुन्ना और जन सुराज के राष्ट्रीय प्रवक्ता कुमार सौरभ सिंह शामिल थे, ने चुनाव पर्यवेक्षक को ज्ञापन सौंपा।

जन सुराज की मांगें अगले 24 घंटे में पूरी नहीं की गईं तो जन सुराज के सभी पदाधिकारी और बांकीपुर प्रत्याशी प्रशांत किशोर सोमवार को चुनाव आयोग के सामने धरने पर बैठेंगे।

## खबरें : एक नजर में

### बांकीपुर प्रत्याशी रेखा गुप्ता के समर्थन में बैठक एवं रोड शो


बांकीपुर प्रत्याशी रेखा गुप्ता के समर्थन में बैठक एवं रोड शो।

**पटना / एनएसबी।** बांकीपुर उपचुनाव के लिए राष्ट्रीय जनता दल के नेताओं के द्वारा बैठक एवं जनसंपर्क तथा रोड शो का आयोजन किया गया । पहली बैठक चांदपुर बेला में पूर्व विधायक रेखा पासवान भाई अरुण सनी पासवान के नेतृत्व में हुआ । दलित मोहल्ले में जन जागरण अभियान चलाया गया । दूसरी बैठक वार्ड नंबर 30 हरिश्चंद्र नगर में हुआ । जिसकी अध्यक्षता रणविजय साहू ने की । तीसरी बैठक लोहानीपुर में कार्यालय उद्घाटन के साथ हुआ । जिसमें रामानंद यादव प्रेम गुप्ता बल्ली यादव ने हिस्सा लिया। रोड शो के तहत रेखा गुप्ता रणविजय साहू रामानंद यादव के नेतृत्व में गांधी मैदान से रोड शो का आयोजन किया गया। जिसमें रणविजय साहू रामानंद यादव बीमा भारती गणेश यादव साकेत यादव बिन्दन यादव पिंकी देवी अनीता भारती पूजा शेखर सुनीता कुशवाहा रामदुलारी देवी नीतू रविदास शाहित सैकड़ो लोगों ने ने भाग लिया ।

### 27 एवं 28 जुलाई को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी का बांकीपुर विधानसभा में रोड शो

**पटना / एनएसबी।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव का बाकी पुर विधानसभा के उपचुनाव को लेकर 27 जुलाई एवं 28 जुलाई को रोड शो किया जाएगा। महागठबंधन के संयोजक डॉक्टर रामानंद यादव चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष अखतरूल इमाम शाहीन एवं बाकीपुर विधानसभा के प्रभारी रणविजय साहू ने पत्र जारी कर सभी को सूचित किया है।

27 जुलाई को बांकीपुर विधानसभा के मुख्य कार्यालय मीठापुर से दोपहर 1 बजे से शुरू होगा और चांदपुर बेला सिपारा विग्रह पुर पोस्टल पार्क चिड़िया टाल पुल गोरिया टोली लालजी टोला पीर मोहनी (उमा सिनेमा) आयुर्वेदिक कलेज से लोहानीपुर साहित्य सम्मेलन दरियापुर खेतान मार्केट बिरला मंदिर होते हुए सब्जी बाग चौराहा में शाम के 6 बजे समाप्त होगा।

28 जुलाई को सुबह 10 बजे से पुराना हडताली मोड़ पहलवान मार्केट बोरिंग रोड से शुरू होगी और बोरिंग रोड चौराहा राजापुर पर दुजार मस्जिद पुलिस लाइन चौराहा लोदीपुर में रोड चीन कोठी उत्तरी मंदिर इनकम टैक्स गोलंबर किदवई पुरी होते हुए चकारम देवी मंदिर में समाप्त हो जाएगा ।

### भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष को जान से मारने की मिली धमकी, पाटलिपुत्र थाना में कराया गया मामला दर्ज

**पटना / एनएसबी।** प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष व बिस्फी के पूर्व विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल को मोबाइल फोन पर जान से मारने की धमकी दी गई है । उन्होंने इस संबंध में पाटलिपुत्र थाना में मामला दर्ज कराया है। पाटलिपुत्र पुलिस ने मामला दर्ज कराए जाने की पुष्टि की है। पुलिस के मुताबिक उन्होंने अज्ञात व्यक्ति पर फोन कर गाली-गलौज करने, धमकी देने का मामला दर्ज कराया है। मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। हरिभूषण ठाकुर बचौल ने पुलिस को दिए आवेदन में कहा है कि 25 जुलाई की देर शाम करीब 8: 46 बजे उनके मोबाइल नंबर पर एक मोबाइल नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले व्यक्ति ने बातचीत के दौरान अभद्र भाषा का प्रयोग किया और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के अनुसार, कॉल करने वाला लगातार आपत्तिजनक बातें करता रहा, जिससे उन्हें अपनी सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता हुई। बचौल ने कहा कि धमकी मिलने के बाद उन्होंने संबंधित नंबर पर दोबारा संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं किया गया। इसके बाद उन्होंने पूरे मामले की जानकारी लिखित रूप से पाटलिपुत्र पुलिस को दी और आरोपी की पहचान कर उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। भाजपा नेता ने अपने आवेदन में कहा है कि उन्हें मिली धमकी को गंभीरता से लिया जाए। उन्होंने पुलिस से आग्रह किया है कि कॉल करने वाले की पहचान कर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी मांग की है। मामला दर्ज होने के बाद पाटलिपुत्र पुलिस धमकी देने वाले मोबाइल नंबर की कॉल डिटेल, तकनीकी साक्ष्य और अन्य इलेक्ट्रनिक रिकॉर्ड की जांच कर रही है।

## 46 वां राज्य सम्मेलन कराने का निर्णय

**बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ (गोप गुट ) के दोनों घटकों के नेताओं की बैठक**

**30 अगस्त को गयाजी में बैठक कर स्थान एवं तिथि की घोषणा की जाएगी**




**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ (गोप गुट ) के दोनों घटकों के नेताओं की संयुक्त बैठक की गयी। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता राजीव कुमार अखौरी एवं अजय कुमार ने किया तथा संचालन चन्द्रभूषण चौधरी एवं कृष्णनंदन सिंह ने किया।

संयुक्त बैठक में संघ की स्थिति एवं कर्मचारियों के ज्वलंत मांगों की पूर्ति नहीं होने पर दुःख व्यक्त किया गया तथा इसके लिए संगठन की एकता की आवश्यकता पर बल दिया गया। संयुक्त रूप से 46 वां राज्य सम्मेलन कराने का निर्णय लेने से पूर्व विभिन्न जिलों में दौरा करने का निर्णय लिया गया तथा इसके लिए 30 अगस्त, 2026 को गयाजी जिला के मगध मेडिकल कलेज हस्पिटल में बैठक कर स्थान एवं तिथि की घोषणा करने का भी निर्णय लिया गया। चिकित्सा संघ के संयुक्त बैठक में चिकित्सा संघ के नेताओं के अलावे महासंघ (गोप गुट ) के महासचिव प्रेमचंद कुमार सिन्हा भी शामिल हुए एवं जिलों में समन्वय स्थापित कर संघ को सुढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आश्वासन दिया एवं इसके लिए आवश्यकता के अनुसार जिलों में दौरा करने का भी आश्वासन दिया।

## विधान सभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार ने कारगिल चौक पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की



**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर सर्वोच्च बलिदान देने वाले भारतीय सैनिकों के शौर्य, पराक्रम व बहादुरी को नमन करते हुए उनके सम्मान में गांधी मैदान के कारगिल चौक पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें उन वीर सैनिकों की याद दिलाता है जिन्होंने इस भूमि को बचाने के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर हमारी मातृभूमि की रक्षा की थी। यह दिन भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस, बलिदान और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है, जब हमारे वीर जवानों ने 18,000 फीट की उंचाई पर घुसपैठियों को खदेड़कर भारत की सीमाओं की रक्षा की। 26 जुलाई 1999 को भारतीय सेना का अपरेशन विजय में निर्णायक संघर्ष केवल एक सैन्य विजय नहीं था, बल्कि यह एक राष्ट्र की अडिग इच्छा, अद्वितीय संकल्प और सामर्थ्य का साक्ष्य भी है।

### एनडीए उम्मीदवार के लिए मंत्री श्रवण कुमार ने निशांत के साथ किया चुनाव प्रचार

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राजधानी के बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार समाप्त होने में दो दिन बचे हुए हैं। ऐसे में सत्तारूढ़ दल ने पूरी ताकत झोक दी है। इसी क्रम में ग्रामीण विकास विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने रविवार को इस विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में जोरदार जनसंपर्क किया। मंत्री श्रवण कुमार ने सिपारा के इन्द्रपुरी स्थित एसआर गार्डन बैंट हॉल में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। उनके साथ स्वास्थ मंत्री निशांत, पथ निर्माण मंत्री ई शैलेंद्र, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष संजय झा भी मुख्य रूप से मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री व्यवसायिक पाठ्यक्रम योजना से संवर रहा युवाओं का भविष्य

**प्रदेश के 10 केंद्रों पर कैट, मैट, क्लैट, नेट, गेट सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की कराई जा रही है निशुल्क तैयारी, वर्तमान में 1,025 छात्र-छात्राएं उठा रहे लाभ**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** आर्थिक अभाव अब पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के मेधावी छात्र-छात्राओं के सपनों की राह में बाधा नहीं बन रहे हैं। उन्हें देश के प्रतिष्ठित प्रबंधन, विधि एवं उच्च शिक्षण संस्थानों तक पहुंचाने के उद्देश्य से राज्य सरकार की मुख्यमंत्री व्यवसायिक पाठ्यक्रम मार्गदर्शन एवं उत्प्रेरण योजना प्रभावी साबित हो रही है। योजना के तहत विद्यार्थियों को कैट, मैट, क्लैट, न्यायिक सेवा, नेट, गेट, सीएसआईआर-जेआरएफ, पीएचडी एवं एमफिल जैसी परीक्षाओं की तैयारी कराई जा रही है। विद्यार्थियों को इन प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क तैयारी के साथ अध्ययन सामग्री के लिए एकमुश्त 3,000 रुपये की आर्थिक सहायता भी दी जा रही है। वर्तमान में राज्य के 10 केंद्रों पर 1,025 छात्र-छात्राएं इस योजना का लाभ लेकर अपने भविष्य को नई दिशा दे रहे हैं।

पटना के चंद्रगुप्त प्रबंध संस्थान एवं ललित नारायण मिश्र प्रबंधन संस्थान में कैट मैट की तैयारी कराई जा रही है, जबकि चाणक्य नेशनल ल यूनिवर्सिटी पटना में क्लैट और न्यायिक सेवा परीक्षा की कोचिंग दी जा रही है। इसके अलावा राज्य के पांच विभिन्न विश्वविद्यालयों में नेट, गेट, सीएसआईआर-जेआरएफ, पीएचडी एवं एमफिल की निशुल्क तैयारी की व्यवस्था की गई है।

वित्तीय वर्ष 2021-22 में शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं की प्रबंधन, विधि तथा उच्च शिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक भागीदारी बढ़ाना है। राज्य सरकार का मानना है कि गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन और आर्थिक सहयोग के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं को उच्च शिक्षा और बेहतर करियर के अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं।

## शहीदों के सपनों को साकार करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी : मंत्री


ग्रामीण विकास विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार।

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** ग्रामीण विकास विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने कारगिल विजय की 27वीं वर्षगांठ पर कहा कि हम उन वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। इन वीरों ने देश की आन-बान-शान के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। 26 जुलाई 1999 का दिन हर भारतीय के लिए गर्व और प्रेरणा का दिन है। उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। कारगिल के शहीदों का साहस आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति और कर्तव्य का पाठ पढ़ाता रहेगा। सेना पर गर्व हमारे जवान हर मौसम,हर परिस्थिति में सीमा की रक्षा कर रहे हैं। पूरा देश उनके साथ है। शहीदों के परिवारों की देखभाल करना सरकार और समाज दोनों का कर्तव्य है। उनके बच्चों की शिक्षा और परिवार के कल्याण के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। हम सब मिलकर एक सशक्त, एकजुट और आत्मनिर्भर भारत बनाने का संकल्प लें। उक्त बातें मंत्री ने बिहारशरीफ में रविवार को 38वीं बिहार बटालियन एनसीसी की ओर से कारगिल पार्क में आयोजित 27वें विजय दिवस समारोह में कहीं। यहां मंत्री के साथ सांसद कौशलेंद्र कुमार और कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राजेश बहरी ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को श्रृद्धांजलि दी।

## मन की बात राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी का सशक्त माध्यम : प्रो. (डा.) जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण भाजपा बिहार प्रदेश वाणिज्य प्रकोष्ठ द्वारा प्रदेश सह-संयोजक ' राजीव कुमार सिंह' के श्रीकृष्णापुरी स्थित आवासीय परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश संयोजक 'प्रो (ड़ा) जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता', प्रदेश सह-संयोजक 'अमृतेष कुमार गुप्ता' सहित प्रकोष्ठ के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस अवसर पर प्रदेश संयोजक 'प्रो (ड़ा) जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता' ने कहा कि प्रधानमंत्री का 'मन की बात' कार्यक्रम राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी को सशक्त बनाने वाला एक प्रभावी मंच बन चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में 'वोकल फर लोकल', स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने, पारंपरिक हस्तशिल्प के संरक्षण, महिला सशक्तिकरण तथा विकसित भारत के निर्माण में जनसहभागिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रेरणादायी विचार रखे।


'मन की बात' का सामूहिक श्रवण करते नेता।

उन्होंने कहा कि स्वदेशी एवं स्थानीय उत्पादों को अपनाना देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ छोटे व्यापारियों, कारीगरों एवं उद्यमियों को नई उर्जा प्रदान करता है।

प्रदेश सह-संयोजक 'अमृतेष कुमार गुप्ता' ने कहा कि प्रधानमंत्री का संदेश आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और अधिक सुढ़ करता है। उन्होंने कहा कि युवाओं का नवाचार, महिलाओं की बढ़ती भागीदारी तथा समाज के प्रत्येक वर्ग का सकारात्मक योगदान ही विकसित भारत की मजबूत आधारशिला है। उन्होंने नागरिकों से प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुँचाने तथा स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के मेजबान 'राजीव कुमार सिंह' ने कहा कि 'मन की बात' समाज में सकारात्मक सोच, जनजागरूकता एवं राष्ट्रहित की भावना को सुदृढ़ करने वाला प्रेरणास्रोत है।

वहीं प्रकोष्ठ के 'मुख्य प्रवक्ता नरेश महतो' ने कहा कि प्रधानमंत्री के विचार समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं तथा स्थानीय व्यापार और उद्यमिता को नई गति देते हैं। 'मन की बात कार्यक्रम के प्रभारी नीरज गौतम' ने कहा कि प्रत्येक नागरिक यदि अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करे, तो विकसित भारत का संकल्प शीघ्र साकार होगा।

कार्यक्रम में प्रदेश संयोजक 'प्रो (ड़ा) जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता', प्रदेश सह-संयोजक 'अमृतेष कुमार गुप्ता', 'राजीव कुमार सिंह', 'ओम प्रकाश गुप्ता', मुख्य प्रवक्ता 'नरेश महतो', 'नीरज गौतम', 'संजीव पाल' 'दिलीप कुमार गुप्ता, अंजनी गुप्ता, देवेंद्र कुमार गुप्ता, सुजीत कुमार, अनामिका सिंह, मधु प्रिया' सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबरें खास-खास

### 136वें मन की बात कार्यक्रम में पर्यटन मंत्री केदार गुप्ता ने लिया भाग


पर्यटन मंत्री केदार गुप्ता ने पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में भाग लिया व महावीर मंदिर में पूजा - अर्चना की एवं एनडीए समर्थित प्रत्याशी के समर्थन में क्षेत्रों में चलाया सघन जनसंपर्क अभियान।

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पटना बांकीपुर विधानसभा अंतर्गत नगर निगम वार्ड संख्या 39 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 136वें मन की बात कार्यक्रम में मुजफ्फरपुर जिले के कुढ़नी विधायक सह राज्य के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने भाग लिये एवं स्थानीय नागरिकों के साथ इस कार्यक्रम को सुनें। पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने इस दौरान वार्ड के विभिन्न मोहल्लों में घर-घर जाकर सम्मानित मतदाताओं से संवाद किया तथा बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में एनडीए समर्थित प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा को भारी मतों से विजयी बनाने हेतु पूर्णरूपेण समर्थन करने एवं चुनाव चिन्ह कमल छाप पर मतदान करने की अपील किया। पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने इस दौरान कहा कि जनता का उत्साह, स्नेह और विश्वास यह दर्शाता है कि विकास, सुशासन और जनसेवा की राजनीति के प्रति लोगों का भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है, क्षेत्रों के जनता के एनडीए समर्थित प्रत्याशी के प्रति अतिउत्साही देखकर स्पष्ट विश्वास है कि जनता का आशीर्वाद बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में एनडीए समर्थित प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा को ऐतिहासिक विजय दिलाएगा। इधर, पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने पटना स्थित श्री महावीर मंदिर में प्रभु श्री हनुमान जी के चरणों में पूजा-अर्चना कर बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में एनडीए समर्थित प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा की ऐतिहासिक विजय एवं बिहार की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि विश्वास है कि जनता के आशीर्वाद, कार्यकर्ताओं की मेहनत और प्रभु की पा से बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में एनडीए समर्थित प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा की ऐतिहासिक विजय निश्चित होगी।

### गिरफ्तार छात्र युवाओं को रिहा करने की मांग को लेकर राजद एमएलसी ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री को पत्र लिखा

**पटना / एनएसबी।** राष्ट्रीय जनता दल के विधान परिषद सदस्य मो. कारी सोहैब ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को अलग अलग पत्र लिखकर कहा कि नीट पेपर लीक एवं परीक्षाओं में कथित धांधली के खिलाफ तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर छात्रों एवं युवाओं द्वारा लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन एवं बिहार बंद किया गया था। इस दौरान बिहार के विभिन्न जिलों में पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किए जाने तथा बड़ी संख्या में छात्र एवं युवाओं की गिरफ्तारी की जानकारी सामने आई है। जबकि केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह के साथ दिल्ली में (सीजेपी) की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में सरकार ने स्पष्ट किया कि आंदोलन के दौरान छात्रों पर दर्ज की गई सभी एफआईआर वापस ली जाएंगी। राष्ट्रीय जनता दल के विधान परिषद सदस्य मो. कारी सोहैब ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से पत्र के माध्यम से आग्रह किया है कि छात्र हित एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को ध्यान में रखते हुए बिहार बंद के दौरान गिरफ्तार सभी छात्रों एवं युवाओं को अविलंब रिहा किया जाए। आंदोलन के दौरान दर्ज सभी मुकदमे तत्काल वापस लिए जाएं। पुलिस लाठीचार्ज की निष्पक्ष एबं उच्चस्तरीय जांच कर दोषी पलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए. भविष्य में शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक आंदोलनों के दौरान छात्रों एवं युवाओं के साथ संवेदनशील व्यवहार सुनिधचित करने हेत् आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं।

### गिरफ्तार किए गए सभी आंदोलनकारी को सरकार अविलंब रिहा करे : अरुण यादव


अरुण कुमार यादव।

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने कहा कि बिहार सरकार बिहार बंद के दौरान गिरफ्तार किए गए सभी आंदोलनकारी छात्र-युवाओं को बिना शर्त रिहा करे तथा उनके विरुद्ध दर्ज सभी मुकदमे वापस ले अन्यथा राजद करेगा आंदोलन। राजद प्रवक्ता ने कहा कि लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग कर रहे छात्र-युवाओं को गिरफ्तार करना तथा उनके ऊपर मुकदमा दर्ज करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और अलोकतांत्रिक है। सरकार लोकतांत्रिक अधिकार का सम्मान करने के बजाय दमनकारी रवैया अपनाकर अपनी विफलताओं को छिपाने का प्रयास कर रही है।

### डा. अनिल सुलभ का सम्मेलन अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुना जाना निश्चित

**अंतिम दिन भी किसी अन्य प्रत्याशी ने नामांकन नहीं किया, दोनों दिन डा. सुलभ की ओर से पर्चे भरे गए**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** आगामी कार्यकाल के लिए,बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष पद पर हो रहे निर्वाचन के लिए नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो गयी है। नामांकन के अंतिम दिन तक केवल डा अनिल सुलभ की ओर से ही, कुल समूच्यों (सेट) में नामांकन-प्रपत्र भरे गए और किसी भी अन्य ने अपना नामांकन नहीं किया। जुलाई की संध्या चार बजे नामांकन-प्रपत्रों की जाँच होगी। यदि डा सुलभ की ओर से भरा गया एक भी नामांकन-प्रपत्र सही पाया जाएगा, तो उनका निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित होना निश्चित है। रविवार को भी पूर्वाहन साढ़े बजे से अपराहन तीन बजे तक, डा सुलभ की ओर से सेट में, निर्वाचन पदाधिकारी पण्डित जी पाण्डेय, सहायक निर्वाचन पदाधिकारियों धनंजय चौबे और राधे रमण (तीनों अधिवक्ता पटना उच्च न्यायायालय) के समक्ष नामांकन किए गए। प्रत्येक सेट के लिए निर्वाचक सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दी। आज प्रस्तावक के रूप में उपस्थित निर्वाचक-सदस्यों में, प्रेमलता मिश्र प्रेम, डा पूनम आनन्द, आराधना प्रसाद, डा सुमेधा पाठक, डा पूनम देवा, अभिलाषा कुमारी, डा सीमा रानी, उत्तरा सिंह, डा नीतू, राजकांता राज, डा कुमार अरुणोदय, डा रत्नेश्वर सिंह, ब्रह्मानन्द पाण्डेय, डा विद्या चौधरी, आचार्य विजय गुंजन, डा शालिनी पाण्डेय, जय प्रकाश पुजारी, अंकेश कुमार, शिवानन्द गिरि, नेहाल कुमार सिंह, श्नर्मिलश, प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, ई बाँके बिहारी साव, लता प्रासर, मधुरानी लाल, नूतन सिन्हा, डा ओम् प्रकाश पाण्डेय, सूर्य प्रकाश उपाध्याय, डा प्रशांत कुमार, डा पंकज प्रियम, भास्कर त्रिपाठी, डा प्रतिभा रानी, डा रेणु मिश्रा, डा आशा रघुदेव, डा इंदु पाण्डेय, डा अनिमेश कुमार सिंह , चित्तरंजन भारती, सागरिका राय, डा नम्रता कुमारी, बिंदेश्वर प्रसाद गुप्ता, राजप्रिया रानी, सदानन्द प्रसाद, कमल किशोर कमल, सुनील कुमार श्मलंगश, हृदय नारायान झा, ज्योति मिश्रा, सुजाता मिश्रा, डा सुषमा कुमारी, विपुल कुमार, संगीता मिश्र, निशा परासर तथा धर्मेश मेहता सम्मिलित थे।



### किसान सभा पटना जिला विस्तारित बैठक सम्पन्न

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** 26 जुलाई को जमाल रोड पटना में बिहार राज्य किसान सभा के पटना जिला कौंसिल की बैठक शिव कुमार विधार्थी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में 10 अगस्त को राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत जेल भरो आंदोलन को सफल बनाने के योजना बनायी गयी ! पटना जिलाधिकारी से समक्ष प्रदर्शन कर गिरफ्तारी दी जाएगी! मसौढ़ी, पालीगंज, फतुहा में कन्वेंशन आयोजित की जाएगी, किसानों को जेल भरो आंदोलन में शामिल होने का अपील किया जायेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### बेनीपुर में उत्साहपूर्वक सुनी गई प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम



**बेनीपुर (एनएसबी)।** पंचायत विकास दिवस के अवसर पर रविवार को बेनीपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायत सरकार भवन एवं बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम ह्यमन की बातह्व के 136वें संस्करण को भाजपा कार्यकताओं एवं आमजनों ने उत्साहपूर्वक सुना।ग्राम पंचायत सज्जनपुरा के पंचायत सरकार भवन में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुनीन्द्र यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री ने इस संस्करण में कारगिल विजय दिवस, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि, गुरु पूर्णिमा, स्वतंत्रता दिवस, लोकल प्रोडक्ट्स, प्लास्टिक मुक्त भारत, ह्यएक पेड़ मां के नामह्व, साइंस ओलंपियाड, विक्रम-1 की सफलता, युवा नवाचार, कॉमनवेल्थ गेम्स, ह्यकैच द रेनह्व, जल संरक्षण, युद्धपोत आईएनएस महेंद्रगिरि, पिनाका मिसाइल एवं पर्यावरण पूजा जैसे विषयों पर प्रेरणादायक विचार साझा किए।कार्यक्रम में मुखिया कुंदन कुमार सिंह, पंचायत सचिव कौशल किशोर सिंह, कार्यपालक सहायक चंद्रमणि, किसान सलाहकार अजीत कुमार साहू सहित महेंद्र दास, मोहन यादव, सुनील मंडल व दर्जनों पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।इधर, बेनीपुर पूर्वी मंडल के मकरमपुर पंचायत अंतर्गत कोठबन्ना बूथ संख्या 97-98 पर मंडल अध्यक्ष रजनीश सुंदरम की अध्यक्षता में ह्यमन की बातह्व सुनी गई। प्रधानमंत्री ने प्लास्टिक का उपयोग कम करने और अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आह्वान किया। इस अवसर पर पंचायत अध्यक्ष अरुण चौधरी, संजय मिश्रा, बमबम चौधरी, गौडी शर्मा, लालटून शर्मा सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### कैथवार तटबंध पर अज्ञात वाहन की ठोकर से एक की मौत

**तारडीह (एनएसबी)।** सकतपुर थाना क्षेत्र के कैथवार तटबंध पर शनिवार देर रात अज्ञात वाहन की ठोकर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान समाचार लिखे जाने तक नहीं हो सकी थी। जानकारी के अनुसार, 25 जुलाई की देर रात कैथवार तटबंध पर एक अज्ञात वाहन ने पैदल जा रहे व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी।हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।सूचना मिलते ही सकतपुर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच, दरभंगा भेज दिया।थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हुई है। मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही फरार अज्ञात वाहन एवं उसके चालक की तलाश किया जा रहा है।

### परिसीमन और नए रोस्टर ने बिगाड़ा सियासी समीकरण

**कई सीटें सामान्य एवं आरक्षित होने की आशंका से कहीं खुशी कहीं मायूसी**

**कुशेश्वरस्थान(एनएसबी)।** प्रखंड अंतर्गत पंचायत चुनाव से पहले हुए परिसीमन और नई आरक्षण रोस्टर जारी होते ही राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। कई पंचायत और वार्ड की सीटें जो पहले आरक्षित थी इस बार सामान्य हो गई है। सीट सामान्य होते ही उन उम्मीदवारों में मायूसी छा गई है जो वर्षों से आरक्षित सीट के भरोसे तैयारी कर रहे थे। वहीं सामान्य वर्ग के नए चेहरों में उत्साह देखा जा रहा है वहीं चौक, चौराहों, चाय दुकानों, और पान की गुमटियों पर इसी को लेकर दिनभर चर्चा जोड़ों पर है लोग अपने-अपने स्तर से नए समीकरण का गुणा भाग लगाते नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रोस्टर रोटेशन एक स्वाभाविक प्रक्रिया है लेकिन इस बार बड़े पैमाने पर बदलाव होने से कई दावेदारों की रणनीति फेल हो गई है। कई निर्वतमान जनप्रतिनिधियों को इस बार दूसरी सीट तलाशनी पर रही है। वहीं कई लोग यह भी चर्चा कर रहे हैं कि सामान्य सीट पर भी आरक्षित वर्ग का व्यक्ति चुनाव लड़ सकता है इसीलिए कई नई चेहरे भी हिम्मत जुटा रहे हैं वैसे प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार आरक्षण का निर्धारण जनसंख्या और चक्र चक्रानुक्रम के आधार पर किया गया है।

### सुशासन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, पारदर्शी एवं जवाबदेह पंचायत व्यवस्था पर दिया गया बल

**तारडीह (एनएसबी)।** तारडीह प्रखंड के राजाखरवार पंचायत में "थीमझ्8 : गुड गवर्नेंस (सुशासन)" के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया सुरेश सिंह ने की, जबकि पंचायत सेवक अनुराग सिंह सहित पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद रहे।कार्यक्रम में सुशासन की अवधारणा पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया गया कि गुड गवर्नेंस का उद्देश्य पंचायत में पारदर्शिता, जवाबदेही, जनभागीदारी तथा भ्रष्टाचार-मुक्त प्रशासन सुनिश्चित करना है, ताकि सभी पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर और निष्पक्ष रूप से मिल सके।इस दौरान पारदर्शिता, जवाबदेही, जनभागीदारी, विधि का शासन, समानता एवं समावेशिता,प्रभावशीलता एवं दक्षता तथा उत्तरदायी प्रशासन जैसे सुशासन के प्रमुख तत्वों पर प्रकाश डाला गया। साथ ही नियमित ग्राम सभा एवं वार्ड सभा के आयोजन, सामाजिक अंकेक्षण, शिकायत निवारण व्यवस्था को सुदृढ़ करने, योजनाओं की जानकारी सार्वजनिक करने तथा पंचायत अभिलेखों के पारदर्शी रखरखाव पर विशेष जोर दिया गया।मुखिया सुरेश सिंह ने कहा कि सुशासन की सफलता तभी संभव है जब प्रत्येक ग्रामीण पंचायत की विकास प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाए। कार्यक्रम के अंत में स्वच्छ, पारदर्शी, जवाबदेह एवं जनहितकारी पंचायत व्यवस्था को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया।

### मानसिक और शारीरिक संतुलन बनाए रखने योग शिविर आयोजित



**दरभंगा(एनएसबी)।** मानसिक और शारीरिक संतुलन बनाए रखने, जोर का जकरन दूर करने के लिए, योग का आयोजन आरोग्य भारती दरभंगा के द्वारा तारा मंदिर राज दरभंगा प्रांगण में किया गया। अनेक आसन, प्राणायाम, अनुलोम विलोम भ्रामरी,ध्यान कर साधकों ने मानसिक शारीरिक बल प्राप्त किया। वैद्य राजेश्वर दुबे,डॉ शैलेन्द्र लाल दास,विजय कुमार झा,उमेश कुमार मंडल,शशिकांत दास,प्रभात कुमार, डॉ जे पी साह,भूप नारायण लाल दास,श्याम नंदन मिश्र,राजीव प्रकाश मधुकर,उत्पल गोस्वामी,संजीव कुमार पंडित,दुर्गा नाथ झा आदि लोगो ने योग किया।

### नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ऑल एडुकेशन ने किया सम्मान समारोह आयोजित



**दरभंगा (एनएसबी)।** भगवान दास मोहल्ला स्थित एक भवन में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ऑल एडुकेशन की ओर से रविवार को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मिथिला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के प्राचार्य डॉ करुणाकर ने उपस्थित छात्र छात्राओं को कंप्यूटर के शिक्षा के प्रति जागरूक एवं सजग रहने की आवश्यकता बतायी। डॉ करुणाकर ने देश हित में सभी को डिजिटल जानकारी की आवश्यकता पर ध्यान आकृष्ट कराया। इस मौके पर संस्थान के निदेशक रौशन गुप्ता ने प्रथम मीनाक्षी कुमारी को पुरस्कार में कंप्यूटर प्रदान किए। वही द्वितीय को स्मार्ट घड़ी एवं तृतीय को ब्रांडेड घड़ी प्रदान किए।

# प्रधानमंत्री ने सीमावर्ती गांवों से लौटे 'माई भारत' स्वयंसेवकों से किया संवाद

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम में दरभंगा के स्वयंसेवकों ने एनआईसी केंद्र से की सहभागिता**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में स्वयंसेवक

**दरभंगा(एनएसबी)।** विकसित भारत के संकल्प को सशक्त बनाने तथा सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित ह्यविकसित भारत वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रमह्व के अंतर्गत माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार श्री नरेंद्र मोदी जी ने सीमावर्ती (बॉर्डर) गांवों का दौरा कर लौटे ह्यमाई भारतह्व के स्वयंसेवकों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा संवाद किया।इस राष्ट्रव्यापी संवाद कार्यक्रम में दरभंगा जिले के स्वयंसेवकों ने समाहरणालय स्थित राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र से वर्चुअल माध्यम से भाग लिया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त श्री स्वप्निल स्वयंसेवकों के साथ उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम में उनकी सहभागिता सुनिश्चित की।संवाद के दौरान प्रधानमंत्री ने स्वयंसेवकों से सीमावर्ती क्षेत्रों के अपने अनुभव, वहां की जीवनशैली, स्थानीय संस्कृति तथा विकास संबंधी चुनौतियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की।उन्होंने कहा कि सीमावर्ती गांव देश के अंतिम गांव नहीं, बल्कि ह्यदेश के पहले गांवह्व हैं। इन गांवों का सामरिक, सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा इनके सर्वांगीण विकास के लिए युवाओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में संचालित ह्यमाई भारतह्व मंच की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह मंच युवाओं में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक उत्तरदायित्व, राष्ट्र सेवा तथा सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहित करने का प्रभावी माध्यम बन रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित स्वयंसेवकों ने कहा कि सीमावर्ती गांवों की यात्रा ने उन्हें देश की विविध संस्कृति, स्थानीय परंपराओं तथा सीमावर्ती नागरिकों के जीवन को निकट से समझने का अवसर प्रदान किया।

## मन की बात में कारगिल विजय की चर्चा युवाओं का मनोबल बढ़ाने वाला : डा. गोपाल जी ठाकुर

**सांसद ने सुनी पीएम के मन की बात, विज्ञान और नवाचार के संदेश को बताया प्रेरणीय**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुनते सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर

**दरभंगा(एनएसबी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा मन की बात न केवल प्रेरणादायक होती है बल्कि मन की बात के माध्यम से देश स्तर पर असाधारण उपलब्धियों की चर्चा, तथा साधारण परिस्थिति में असाधारण कीर्तिमान स्थापित करने वाले लोगों का उल्लेख कर हर देशवासियों को प्रेरित करने का कार्य किया जाता है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 136 वें एपिसोड को सुनने के बाद उपरोक्त बातें कही।सांसद डा ठाकुर ने 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा कारगिल विजय दिवस के अमर वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करना तथा देशवासियों को उनके अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान का स्मरण किया जाना युवाओं तथा सैन्य बलों के उत्साह को बढ़ाने वाला है।मन की बात में युवाओं के नवाचार, आत्मनिर्भर भारत, विज्ञान, खेल और राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी की चर्चा की सराहना करते हुए कहा है कि उनका संदेश स्पष्ट था कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए राष्ट्रहित में योगदान देंगे। मन की बात में सीतामढी में प्लास्टिक की अनुपयोगी वस्तुओं से बेंच डेस्क के उल्लेख किए जाने को मिथिला के लिए गर्व का विषय बताते हुए कहा है कि इससे हमे समझना चाहिए कि गांव से शहर तक हर बड़ी और छोटी घटनाओं तथा उपलब्धियों की खबर प्रधानमंत्री कार्यालय तक ली जाती है।

## शिक्षित, जागरूक एवं ऊजार्वान युवाओं से ही राष्ट्र विकसित होगाः प्रो. एन के अग्रवाल

**स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं के बीच विभिन्न विषयों पर आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित**



कार्यक्रम में प्रो एन के अग्रवाल, पवन कुमार सुरेका, विनोद कुमार सरावगी एवं अन्य

**दरभंगा (एनएसबी)।** युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं। समाज की प्रगति इसपर निर्भर है कि वहां के युवा कितने शिक्षित, तार्किक, संवेदनशील एवं जिम्मेदार हैं। लोकतांत्रिक देश भारत में मतभेद स्वाभाविक है, पर मनभेद नहीं होना चाहिए। समाज में स्वास्थ्य बहस जरूरी है, पर हमें धैर्य पूर्वक दूसरों की बातों को भी सुनना चाहिए। उक्त बातें बिहार सरकार के उच्च शिक्षा निदेशक प्रो एन के अग्रवाल ने ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के स्नातकोत्तर वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के सेमिनार हॉल में बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन, दरभंगा शाखा के द्वारा दरभंगा के चयनित स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं के बीच विभिन्न विषयों पर आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में कही। प्रोफेसर अग्रवाल ने कहा की विवेकपूर्ण निर्णयों से ही परिवर्तन आता है। शिक्षित, जागरूक एवं ऊजार्वान युवाओं से ही राष्ट्र विकसित होगा। बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन, दरभंगा एवं उद्घाटन सत्र के अध्यक्ष विनोद कुमार सरावगी ने स्वागत संबोधन में कहा कि कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी की अनुमति से ही इस वाद-विवाद प्रतियोगिता को ऐतिहासिक सफलता मिल रही है। शिक्षा-दान सबसे बड़ा दान माना जाता है। सेवा एवं विकास कार्य सिर्फ सरकार का ही नहीं, बल्कि हम सब का भी दायित्व है। दरभंगा के 30 स्नातकोत्तर विभागों एवं पीजी संचालित कॉलेजों के 60 प्रतिभागियों भाग ले रहे हैं। वही चैम्बर ऑफ कॉमर्स, दरभंगा के अध्यक्ष पवन कुमार सुरेका ने प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामना देते हुए अपने छात्र जीवन को याद कर बताया कि सी एम कॉलेज में मैं 1967-68 में वाद-विवाद समिति के महासचिव के रूप में 30 से अधिक कॉलेजों में प्रतिनिधित्व किया था। पी जी वाणिज्य विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो ललन प्रसाद सिंह ने अपने विचार रखे. वंदना बोहरा ने ओम का उच्चारण कराते हुए उसके महत्त्वों को रेखांकित किया। मौके पर डॉ राज कुमार सिंह, पवन कुमार बगरिया, सुशील कुमार जैन, विश्वविद्यालय वाणिज्य के विभागाध्यक्ष डॉ राजकुमार साह, सम्मेलन के शाखा मंत्री मनोज कुमार डोकानिया, कोषाध्यक्ष अनुप कुमार शर्मा, डॉ आर बी खेतान, डॉ ए डी एन सिंह, बिनोद कुमार पंसारी, विजय जालान, अरविन्द भालोटिया, गौरव शर्मा, संजय अग्रवाल, राज पंसारी, संदीप अग्रवाल, प्रदीप पंसारी, पवन वर्मा, आशीष खेरिया, संजय पोद्दार, सुनील, डॉ अभिमन्यु आदि सदस्यगण उपस्थित थे। उद्घाटन सत्र का संचालन राजेश बोहरा ने किया। संचालन मनमोहन सरावगी ने की। निर्णायक मंडल के सदस्यों में डॉ आर एन चौरसिया, डॉ ललित शर्मा, डॉ प्रियंका राय, डॉ नीतू कुमारी, डॉ निर्मला कुशवाह एवं पंकज कुमार श्रीवास्तव के नाम शामिल हैं। धन्यवाद ज्ञापन मनोज कुमार डोकानिया ने किया।

## शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति मामले में 12 वर्ष बाद मिलने पर शिक्षकों में खुशी की लहर

**शिक्षकों प्रो. डॉ. नारायण झा, डॉ. अशोक कुमार झा और डॉ. कमाल अहमद के संघर्ष को शिक्षक समाज ने किया नमन**

**दरभंगा (एनएसबी)।** पटना उच्च न्यायालय द्वारा सी.डब्ल्यू.जे.सी. संख्या 10352/2026 डॉ. कमाल अहमद बनाम बिहार राज्य एवं अन्य में दिनांक 24 जुलाई 2026 को पारित अंतरिम आदेश ने एक बार पुनः यह स्पष्ट किया है कि शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति से संबंधित मामलों में स्थापित विधिक सिद्धांतों की अनदेखी नहीं की जा सकती। न्यायालय ने संबंधित पक्षों से जवाब तलब करते हुए पूर्व में दिए गए न्यायिक निर्णयों के आलोक में मामले पर विचार करने का निर्देश दिया है।उल्लेखनीय है कि लगभग 12 वर्ष पूर्व, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के तत्कालीन शिक्षकों प्रो. (डॉ.) नारायण झा (मैथिली), जो वर्तमान में प्रभारी प्राचार्य, एल.एन.जे. कॉलेज, झंझारपुर, मधुबनी हैं, तथा डॉ. अशोक कुमार झा, सेवानिवृत्त एसोसिएट प्रोफेसर, रसायनशास्त्र, सी.एम. साइंस कॉलेज, दरभंगा, को उनकी सहमति के बिना अन्य जिले के महाविद्यालयों में प्रतिनियुक्त कर दिया गया था। इसके विरुद्ध उन्होंने पटना उच्च न्यायालय में सी.डब्ल्यू.जे.सी. संख्या 21776/2014 एवं 22146/2014 दायर की।

दिनांक 13 जनवरी 2015 को माननीय न्यायमूर्ति अजय कुमार त्रिपाठी ने न केवल उक्त प्रतिनियुक्ति आदेश को निरस्त किया, बल्कि अपने ऐतिहासिक निर्णय में यह भी स्पष्ट किया कि प्रतिनियुक्ति का विधिक अर्थ क्या है तथा बिना संबंधित कर्मचारी की सहमति के प्रतिनियुक्ति सामान्यतः विधिसम्मत नहीं मानी जा सकती। न्यायालय ने यह भी माना कि संबंधित प्रकरण में उपयुक्त वैधानिक आधार और अधिकार का अभाव था।लगभग बारह वर्ष बाद, उसी ऐतिहासिक निर्णय में प्रतिपादित विधिक सिद्धांत डॉ. कमाल अहमद, शिक्षक, जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा द्वारा दायर वाद में पुनः संदर्भित किए जा रहे हैं। वर्तमान अंतरिम आदेश में भी माननीय उच्च न्यायालय ने पूर्व निर्णयों के आलोक में संबंधित पक्षों से स्पष्टीकरण मांगा है।यह अवसर उन शिक्षकों के साहस, संवैधानिक मूल्यों में आस्था तथा न्यायपालिका पर विश्वास का स्मरण करने का है, जिन्होंने अपने वैधानिक अधिकारों की रक्षा हेतु न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। इन शिक्षकों का यह प्रयास शिक्षक समाज के लिए प्रेरणास्रोत है और यह संदेश देता है कि यदि किसी प्रशासनिक निर्णय को कर्मचारी विधि-विरुद्ध मानता है, तो उसका वैधानिक एवं संवैधानिक उपायों के माध्यम से परीक्षण कराया जा सकता है। यह भी उल्लेखनीय है कि सी.डब्ल्यू.जे.सी. संख्या 10352/2026 अभी विचाराधीन है और उसमें अंतिम निर्णय आना शेष है। वर्तमान में न्यायालय ने केवल जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है; अंतिम निष्कर्ष न्यायालय द्वारा सभी पक्षों को सुनने के बाद ही दिया जाएगा।

## सड़क दुर्घटना के घायलों के प्राथमिक उपचार एवं आपातकालीन प्रबंधन पर विशेषज्ञों ने दी महत्वपूर्ण जानकारी

**ग्रामीण चिकित्सकों की सहभागिता से सीएमई कार्यक्रम का सफल आयोजन**



ग्रामीण चिकित्सकों को सम्मानित करते डॉक्टर गौरी शंकर झा

**दरभंगा(एनएसबी)।** एस.वी. हॉस्पिटल, बेंता ईदगाह रोड, एम.के. कॉलेज के सामने के तत्वावधान में रविवार को सरकार क्लासेस, कल्याणपुर में लगभग 55 ग्रामीण चिकित्सकों की सहभागिता के साथ सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।कार्यक्रम का मुख्य विषय ह्लसड़क दुर्घटना के घायलों का प्राथमिक उपचार एवं आपातकालीन प्रबंधनह्व रहा। इस अवसर पर शहर के वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. गौड़ी शंकर झा ने ग्रामीण चिकित्सकों को सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों के प्राथमिक उपचार, उचित प्रबंधन तथा समय पर सही चिकित्सकीय निर्णय लेने के महत्व के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।अपने संबोधन में डॉ. झा ने कहा कि दुर्घटना के बाद प्रारंभिक कुछ मिनट अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। यदि इस दौरान घायल को वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जाए, तो उसकी जान बचाने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। उन्होंने हाथ एवं जांघ में इंट्रामस्क्युलर इंजेक्शन लगाने के सही स्थान एवं सुरक्षित तकनीक का व्यावहारिक प्रदर्शन किया। साथ ही अत्यधिक रक्तस्राव की स्थिति में रक्तस्राव नियंत्रित करने हेतु घाव में स्यूचर (टांके) लगाने की सही विधि एवं आवश्यक सावधानियों की भी जानकारी दी। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. राम दयाल महतो, महेंद्र महतो जिला अध्यक्ष, ग्रामीण चिकित्सक संघ, प्रखंड अध्यक्ष, कल्याणपुर ग्रामीण चिकित्सक संघ तथा सत्येन्द्र कुमार (प्रखंड कोषाध्यक्ष, कल्याणपुर ग्रामीण चिकित्सक संघ) के सहयोग एवं देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नीरज कुमार, राजेश कुमार राय, विवेकानंद कुमार, पांडव चौधरी, उदय कुमार साह, राघवेंद्र शर्मा, शंकर राय, संजय कुमार राय एवं राजेश कुमार त्रिवेदी सहित अनेक ग्रामीण चिकित्सकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने विषय विशेषज्ञों से विभिन्न चिकित्सकीय जिज्ञासाओं पर चर्चा कर अपने ज्ञान एवं व्यावहारिक कौशल में वृद्धि की।कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को एस.वी. हॉस्पिटल की ओर से स्मृति-चिह्न स्वरूप उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस आयोजन को सफल बनाने में दीपेश, संजय दास, जितेंद्र पंडित, आशुतोष सेतु एवं अविनाश का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### उपमहापौर नाजिया हसन की गिरफ्तारी नहीं होने पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**दरभंगा(एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी, दरभंगा के जिलाध्यक्ष प्रो. आदित्य नारायण "मन्ना" ने दरभंगा नगर निगम की उपमहापौर नाजिया हसन के विरुद्ध दर्ज गंभीर आरोपों के बावजूद अब तक गिरफ्तारी नहीं होने पर जिलाधिकारी, दरभंगा को ज्ञापन सौंपकर अविलंब निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई की मांग की है।ज्ञापन में कहा गया है कि दिनांक 23 जुलाई 2026 को हुए घटनाक्रम के दौरान सरकार एवं प्रशासन के निदेशों की अवहेलना करते हुए प्रतिबंधित गतिविधियों का नेतृत्व किया गया। इस दौरान कानून-व्यवस्था प्रभावित हुई, पत्थरबाजी की घटनाएं हुईं तथा सरकारी एवं सार्वजनिक संपत्ति को भी क्षति पहुंची। इसके बावजूद संबंधित आरोपितों के विरुद्ध अब तक कठोर कार्रवाई नहीं होना गंभीर चिंता का विषय है।जिलाध्यक्ष ने कहा कि 25 जुलाई 2026 को नगर निगम की स्थायी समिति की बैठक में उपमहापौर नाजिया हसन की उपस्थिति कानून के शासन और लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत प्रतीत होता है। जब किसी व्यक्ति के विरुद्ध गंभीर आरोपों की जांच चल रही हो, तब प्रशासन को निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### कार्यकताओं ने सुनी पीएम के ₹मन की बात₹

**ताजपुर (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी ताजपुर दक्षिणी, पूर्वी व उत्तरी मंडल के अंतर्गत फतेहपुरवाला, ताजपुर, भरोखरा, रामापुर महेशपुर, मानपुरा, माधोपुर दिघरुआ और कस्बे आहर पंचायतों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "मन की बात" के 136वें एपिसोड का कार्यकताओं ने श्रवण किया। कार्यक्रम के दौरान



कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष दिलीप सिंह कुशवाहा व मंडल अध्यक्ष सुशील चौबे ने किया। कार्यकताओं ने पीएम के निदेर्शानुसार कार्यक्रम के दौरान फोटो खींचकर सरल ऐप पर भी अपलोड किया।

### पूर्व सरपंच देवेंद्र प्रसाद सिंह के निधन पर शोक की लहर

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड के बालकृष्णपुर मरवा पंचायत के पूर्व सरपंच देवेंद्र प्रसाद सिंह (78 वर्ष) का बीते दिन निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही पंचायत सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे और उपचाररत थे। स्वर्गीय देवेंद्र प्रसाद सिंह पंचायत की राजनीति और सामाजिक जीवन में एक सम्मानित एवं लोकप्रिय व्यक्तित्व थे। उन्होंने लगभग 20 वर्षों तक सरपंच के रूप में अपनी सेवाएं दीं। अपने कार्यकाल में उन्होंने पंचायत में न्यायपूर्ण निर्णय, जनहित के कार्यों और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके कार्यों के कारण क्षेत्र के लोगों के बीच उनकी अलग पहचान थी। उनके कार्यकाल के बाद उनकी पत्नी भी पांच वर्षों तक सरपंच रहीं और पंचायत का नेतृत्व किया।उनके निधन पर बालकृष्णपुर मरवा पंचायत के मुखिया संजीत कुमार सहनी सहित अनिल सिंह, सत्येंद्र सिंह, दिलीप सिंह, रवि कुमार, कमलेश सिंह तथा अन्य सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया। शोक व्यक्त करने वालों ने कहा कि देवेंद्र प्रसाद सिंह का निधन पंचायत और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार को इस दुःख की घड़ी में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की कामना की।

### भाकपा-माले प्रखंड कमिटी की बैठक संपन्न, संगठन विस्तार और जनसरोकार के मुद्दों पर जोर

**पूसा (एनएसबी)।** पूसा प्रखंड के कैजिया विशनपुर में रविवार को भाकपा (माले) प्रखंड कमिटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता भाकपा-माले प्रखंड सचिव अमित कुमार ने की। बैठक में सबसे पहले पिछले कार्यों की समीक्षा की गई। तत्पश्चात खेग्रामस के सदस्यता अभियान को तेज करने, शाखा एवं पंचायत कमिटी की नियमित बैठक करने, पार्टी पत्रिका ह्यलोक युद्धह्न के पाठकों की संख्या



बढ़ाने सहित संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।
बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा-माले प्रखंड सचिव अमित कुमार ने कहा कि पार्टी गांव-गांव में गरीबों, मजदूरों, किसानों और वंचितों के सवालों को मजबूती से उठाएगी और संगठन का विस्तार करेगी। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में खेग्रामस के सदस्यता अभियान को व्यापक बनाते हुए अधिक से अधिक ग्रामीण मजदूरों को संगठन से जोड़ा जाएगा। साथ ही, पार्टी की शाखाओं और पंचायत कमिटियों को सक्रिय कर नियमित बैठक एवं जनसरोकार के मुद्दों पर संघर्ष तेज किया जाएगा। बैठक में रविन्द्र कुमार सिंह, अखिलेश सिंह, जितेंद्र राय, मुकेश कुमार,निरसन सिंह, उषा देवी, रेखा देवी, मो. आले आदि शामिल रहे।

### भाकपा अंचल परिषद की बैठक संपन्न

**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** रविवार को भाकपा अंचल परिषद की बैठक कॉमरेड महेश्वर राम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सबसे पहले परीक्षा लीक मामले में आत्महत्या करने वाले छात्र एवं दिल्ली जंतर मंतर पर आंदोलन में शहीद छात्र नौजवान के प्रति 2 मिनट मौन रहकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि दिनांक 29 जुलाई 2026 को, ग्रामीण क्षेत्र में प्रस्तावित टेक्स वापस लेने, राशन कार्ड में छूटे हुए लोगों का नाम जोड़ने, सरकारी जमीन पर बसे लोंगो को वासगीत का पर्चा देने आदि माँगो को लेकर प्रखंड कार्यालय दलसिंह सराय पर रोषपूर्ण प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही आगामी 2 से 4 अगस्त 2026 तक खगड़िया में आयोजित एटक बिहार के राज्य सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गयी। वहीं 23 से 24 अगस्त 2026 को दलसिंह सराय में ऑल इंडिया बीड़ी सिगार टुबैको वर्कर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी में लगने का निर्णय लिया गया। बैठक को अंचल मंत्री विनोद कुमार समीर राम बिलास शर्मा शंकर राम शम्भू चौधरी जगदेव दास अशोक रजक धर्मवीर प्रकाश राम सेवक दास कारो देवी बिमला देवी आदि ने सम्बोधित किया।

### आवास योजना में अनियमितता एवं घूसखोरी समेत विभिन्न समस्याओं को लेकर 10 अगस्त को नगर परिषद कार्यालय का घेराव करेगी भाकपा माले

**ताजपुर (एनएसबी)।** भाकपा माले एवं खेग्रामस ने ताजपुर नगर क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। जर्जर एवं टूटी सड़कों-नाला का निर्माण, आवास योजना में कथित अनियमितता एवं घूसखोरी पर रोक, पात्र गरीबों को आवास उपलब्ध कराने, जलनिकासी, पेयजल तथा अन्य नागरिक सुविधाओं की मांग को लेकर 10 अगस्त को ताजपुर नगर परिषद कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इस आशय की जानकारी देते हुए भाकपा माले प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा है कि, नगर क्षेत्र की सड़कें बदहाल हैं, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं आवास योजना में अनियमितता और लाभुकों से अवैध वसूली की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इधर, हरिशंकरपुर बघौनी में खेग्रामस द्वारा रविवार को सदस्यता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 47 नए सदस्यों को संगठन से जोड़ा गया। सदस्यता अभियान का नेतृत्व भाकपा माले प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह एवं खेग्रामस प्रखंड सचिव प्रभात रंजन गुप्ता ने किया। मौके पर नेताओं ने कहा कि दलितों, गरीबों, खेत मजदूरों और वंचित तबकों के अधिकारों की लड़ाई को मजबूत करने के लिए संगठन का विस्तार जरूरी है। उन्होंने 10 अगस्त के नगर परिषद घेराव में बड़ी संख्या में लोगों से भाग लेने की अपील की। अभियान में स्थानीय कार्यकताओं और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही।

# हमारे वीर सैनिकों के अद्वितीय साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति का अमर स्मारक कारगिल विजय दिवस झ संजीव पाण्डेय, सिटी सेंट्रल स्कूल में देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर सिटी सेंट्रल स्कूल के मोहनपुर रोड भूईंधारा, जितवरिया, नकटा और मूसापुर शाखाओं में प्रातःकालीन प्रार्थना सभा के दौरान भारतीय वीर सैनिकों के सम्मान एवं उनके अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान को नमन करने के उद्देश्य से एक प्रेरणादायी देशभक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत गीत, नृत्य एवं प्रेरक प्रस्तुतियों के माध्यम से कारगिल के वीर सैनिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यार्थियों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम का उत्साह भर दिया तथा पूरा विद्यालय देशभक्ति के रंग में रंग गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकों रश्मि श्री, अर्जुन ठाकुर, अविनाश कुमार, अतुल कुमार, शिवेश कौशल, अंजलि कुमारी, अंकिता पोद्दार, राधेश्याम ठाकुर,



शहीदों को सलामी देते बच्चे।

राहुल पांडेय, मनीष भारद्वाज, सविता सिन्हा, उपमा कुमारी, नेहा झा, शकुणाल कुमार, श्रूपम कुमारी, ऋतिक राज, प्रेरणा प्रियदर्शिनी, कल्पना कुमारी, गुंजन कुमारी, अभिलाषा कुमारी मधुबाला एवं आशा कुमारी सहित अन्य शिक्षकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा अकादमिक इंचार्ज सह सीसीए इंचार्ज के. शशांक द्वारा तैयार की गई। वहीं अकादमिक इंचार्ज सह रूटीन इंचार्ज सुदर्शन कुमार एवं गृहकार्य प्रभारी दुर्गेश कुमार ने विद्यार्थियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य श्याम कुमार चौरसिया , मुल्लथारा करुणाकरण, सुषमा ठाकुर, सुप्रिया झा, रूपांजलि कुमारी, रेम्या के आनंद ने बच्चों के शानदार प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि, ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन, साहस एवं अपने देश के वीर सैनिकों के प्रति सम्मान की भावना को सुदृढ़ करते हैं। वहीं विद्यालय समूह के निदेशक संजीव कुमार पाण्डेय ने अपने संदेश में कहा कि "कारगिल विजय दिवस केवल एक ऐतिहासिक विजय का प्रतीक नहीं, बल्कि हमारे वीर सैनिकों के अद्वितीय साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति का अमर स्मारक है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और राष्ट्रीय कर्तव्यों के प्रति समर्पण की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।" कार्यक्रम का समापन भारत माता एवं वीर सैनिकों के सम्मान में गगनभेदी नारों के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे सदैव राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने जीवन में अनुशासन, ईमानदारी एवं देशभक्ति के मूल्यों का पालन करेंगे।

## गणेश सहनी हत्याकांड का मुख्य आरोपी बिट्टू हथियार और सहयोगी के साथ गिरफ्तार



गिरफ्तार अपराधी।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** ताजपुर थाना क्षेत्र के चर्चित गणेश सहनी हत्याकांड में समस्तीपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मामले के मुख्य वांछित आरोपी बिट्टू कुमार को उसके सहयोगी अंशु कुमार के साथ गिरफ्तार कर लिया है। दोनों की गिरफ्तारी हलई थाना क्षेत्र के वाजितपुर कनरैल स्थित एक पोखर के समीप से की गई। रविवार को संवाददाताओं को उक्त जानकारी देते हुए आरक्षी अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह ने बताया कि गिरफ्तार बिट्टू कुमार गणेश सहनी हत्याकांड के अलावा हलई थाना क्षेत्र में महायज्ञ मेले के दौरान हुई फायरिंग की घटना में भी वांछित था। पुलिस के अनुसार, बिट्टू कुमार के कब्जे से एक देसी पिस्तौल, सात जिंदा कारतूस, एक मोबाइल फोन और नकद राशि बरामद की गई है। वहीं उसके सहयोगी अंशु कुमार के पास से एक मैगजीन, छह जिंदा कारतूस, एक मोबाइल फोन तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। एसपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह जानकारी सामने आई है कि बरामद हथियार का इस्तेमाल गणेश सहनी हत्याकांड में किया गया था। हालांकि इसकी वैज्ञानिक जांच और फॉरेंसिक रिपोर्ट के आधार पर अंतिम पुष्टि की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके विरुद्ध हत्या, आर्म्स एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओं में कई मामले दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि विशेष टीम द्वारा की गई इस कार्रवाई के बाद मामले की जांच जारी है। वहीं हत्याकांड से जुड़े अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

## ट्रक मालिकों का फैसला : आज से सरकारी खाद्यान्न उठाव बंद



नारे लगाते ट्रक मालिक।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** राज्य खाद्य निगम से जुड़े ट्रक मालिकों ने विभागीय अधिकारियों पर कथित लूट-खसोट और अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए 27 जुलाई से जिले के सभी गोदामों से सरकारी खाद्यान्न उठाव का बहिष्कार करने की घोषणा की है। यह निर्णय शनिवार को जिला मोटर व्यावसायी संघ की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। जितवारपुर में आयोजित बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने की। बैठक में बीएसएफसी से जुड़े ट्रक मालिकों ने कहा कि लंबे समय से विभागीय स्तर पर हो रही कथित अनियमितताओं के कारण उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने पर अब आंदोलन का रास्ता अपनाने का निर्णय लिया गया है। संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि सीडब्ल्यूसी जितवारपुर और एसडब्ल्यूसी बाजार समिति से ट्रकों की लोडिंग के दौरान इलेक्ट्रॉनिक धर्मकांटा में कथित छेड़छाड़ कर प्रति ट्रक एक से डेढ़ क्विंटल तक कम खाद्यान्न दिया जाता है। इसके बाद प्रखंड स्तर के पीडीएस गोदामों में भी, धर्मकांटा उपलब्ध होने के बावजूद हाथ कांटा से वजन कराकर लगभग एक क्विंटल अतिरिक्त शॉर्टेज दिखा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में प्रति ट्रक कुल दो से ढाई क्विंटल तक कम वजन दर्शाकर चालान रोक लिया जाता है। ऐसी स्थिति में ट्रक मालिकों और चालकों को या तो अपनी जेब से जुमार्ना भरना पड़ता है या फिर संबंधित अधिकारियों के पास माल चालान छोड़ना पड़ता है। इससे ट्रांसपोर्टरों को लगातार आर्थिक नुकसान हो रहा है और अब ट्रकों के लिए चालक मिलना भी मुश्किल हो गया है। संघ के महासचिव संजीव कुमार सुमन ने कहा कि इस बार ट्रक मालिक तब तक सरकारी खाद्यान्न का उठाव नहीं करेंगे, जब तक इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया जाता। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पहले भी जिला प्रबंधक और अनुमंडल पदाधिकारी को कई बार शिकायत दी गई, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। बैठक में संघ के उपाध्यक्ष विशाल गौरव, सचिव राजबाला राय, उमेश राय, सुनील राय, विपिन राय, चंदन साह, लालू कुमार, राकेश कुमार, अर्जुन पासवान, अरविंद राय, राजेश राय, अजीत राय, गौरी कुमार, बलराम महतो, मंजय राय सहित दर्जनों ट्रक मालिक मौजूद रहे।

## विद्यापतिधाम में श्रावणी मेला 29 जुलाई से, तैयारी अंतिम दौर में

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** विद्यापतिधाम में श्रावणी मेला 29 जुलाई से शुरू हो रहा है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तैयारी की जा रही गई हैं। प्रशासन, मंदिर समिति के प्रयास से मेले को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाने की दिशा में व्यापक कार्य किए जा रहे हैं। श्रावण मास में बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था के साथ पंडा के चौकी को कातरवद्ध किया जा रहा है। पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, चिकित्सा शिविर और कंट्रोल रूम की व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह लगाए जाने की तैयारी है। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों से निगरानी, यातायात नियंत्रण तथा भीड़ प्रबंधन की विशेष योजना तैयार की गई है। मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष रत्न शंकर भारद्वाज ने बताया कि श्रावणी मेला में हर वर्ष हजारों श्रद्धालु बाबा भोलेनाथ एवं माता पार्वती के दर्शन के लिए यहां पहुंचते हैं। इस साल भी मेला की तैयारी और जलाभिषेक को लेकर अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## होली मिशन हाई स्कूल में कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** शहर के मोहनपुर स्थित होली मिशन हाई स्कूल के प्रांगण में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उन्होंने भारतीय सैनिकों और कारगिल के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस क्रम में बच्चों ने कारगिल युद्ध पर आधारित एक प्रेरणादायी एकांकी का मंचन किया। जिससे छात्र-छात्राओं को भारतीय सेना के अदम्य साहस और बलिदान से परिचित होने का अवसर मिला। वहीं प्री-प्राइमरी के नन्हे बच्चों ने सैनिक गणवेश में अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों से न केवल अपनी प्रतिभा का परिचय दिया, बल्कि भारतीय सैनिकों के शौर्य और पराक्रम की प्रस्तुति से सबको सम्मोहित कर दिया। वर्ग 4 के छात्र प्रत युष राज ने अपने ओजपूर्ण संक्षिप्त अभिव्यक्ति से सैनिकों के देश के प्रति अटूट प्रतिबद्धता और अवर्णनीय त्याग पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का विधिवत



कार्यक्रम में शामिल बच्चे व अन्य।

उद्घाटन सैनिक गणवेश में उपस्थित छोटे-छोटे बच्चों के पीछे भारत माँ की प्रतीक बनी वर्ग 4 की छात्रा आस्था के हाथों में तिरंगा को सलामी देकर किया गया। मौके पर उपस्थित होली मिशन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं बिहार विधान परिषद के दरभंगा स्नातक क्षेत्र के भावी प्रत्याशी डॉ॰ धर्मांश रंजन (अंकुर), प्राचार्य अमृत रंजन, विद्यालय के उपनिदेशक आकर्ष रंजन, प्राचार्य गंगाधर झा, पूर्व प्राचार्य डॉ एसके अहमद आदि के साथ विद्यालय के सभी शिक्षक/शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए विद्यालय के प्राचार्य अमृत रंजन ने कहा कि "कारगिल विजय दिवस केवल एक सैन्य विजय का उत्सव नहीं है, बल्कि यह भारत की राष्ट्रीय एकता, अखंडता और संप्रभुता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है।" विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ॰ धर्मांश रंजन ने अपने संबोधन में बताया कि भारतीय सेना कठिन परिस्थितियों में अद्वितीय साहस का परिचय देते हुए 'ऑपरेशन विजय' को सफल बनाया। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वीर सैनिकों के त्याग, समर्पण और अनुशासन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएँ। कार्यक्रम के समापन में प्राचार्य गंगाधर झा ने सभी प्रतिभागियों को उनकी शानदार प्रस्तुति के लिए धन्यवाद देते हुए उनके कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। साथ ही कार्यक्रम की संयोजिका प्रिया सहित सभी शिक्षक/शिक्षिकाओं के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त खबरें

### सोनबरसा कचहरी स्टेशन का सड़क बदहाल, कीचड़ व गड्ढों के कारण आवागमन हुआ मुश्किल

**सहरसा सदर (एनएसबी)।** सोनबरसा कचहरी रेलवे स्टेशन से सटी सड़क की हालत बेहद खराब है। यह सड़क कीचड़, बड़े-बड़े गड्ढों और गंदे पानी से भरी रहती है, जिससे यात्रियों और स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हल्की बारिश में भी यह सड़क पूरी तरह कीचड़ में बदल जाती है। पैदल चलने वालों के लिए यह रास्ता बेहद मुश्किल हो जाता है, वहीं ई-रिक्शा और अन्य छोटे वाहन भी कई बार संतुलन खोकर पलट चुके हैं। हालांकि, अब तक कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई है, लेकिन स्थानीय लोगों में हादसे का डर बना हुआ है। दैनिक रेल यात्री संघ, समस्तीपुर मंडल के उपसचिव मिथलेश कुमार ने बताया कि इस सड़क की बदहाली को लेकर पूर्व में कई बार लिखित शिकायतें की जा चुकी हैं। हालांकि, रेल प्रशासन द्वारा इन शिकायतों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का भी आरोप है कि जिम्मेदार विभागों ने इस समस्या पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। रेलवे प्रशासन इस मामले पर चुप्पी साधे हुए है, जबकि जिला प्रशासन का कहना है कि यह सड़क रेलवे के अधिकार क्षेत्र में आती है। विभागों की इस आपसी खींचतान के कारण सड़क की मरम्मत का काम रुका हुआ है, जिसका खामियाजा आम जनता और यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। प्रतिदिन सैकड़ों यात्री, छात्र, बुजुर्ग और स्थानीय लोग इसी बदहाल रास्ते से गुजरने को मजबूर हैं। लोगों ने संबंधित विभागों से तत्काल सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कब ध्यान देता है और यात्रियों को इस परेशानी से कब निजात मिलती है।



### अभिषेक यादव बने मिथिला स्टूडेंट यूनियन के जिलाध्यक्ष, राजेश मण्डल महासचिव

**दरभंगा(एनएसबी)।** मिथिला स्टूडेंट यूनियन के जिला संगठन के पुनर्गठन को लेकर आयोजित लोकतांत्रिक चुनाव शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में लहेरियासराय स्थित कार्यालय पर सम्पन्न हुआ। चुनाव में 50 से अधिक सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर संगठन के नए पदाधिकारियों का चयन किया।चुनाव में अभिषेक यादव को बहूतम से जिलाध्यक्ष, राजेश मण्डल को जिला महासचिव तथा रणधीर झा को जिला प्रवक्ता चुना गया। इस चुनाव प्रक्रिया का संचालन चुनाव प्रभारी नवीन सहनी एवं जिला परिषद सदस्य अमित कुमार ठाकुर के नेतृत्व में निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से किया गया। मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विद्या भूषण , गोपाल चौधरी , शिवेंद्र वत्स , पूर्व जिलाध्यक्ष नीरज क्रांतिकारी , आदित्य मण्डल , अमित मिश्रा , आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामना प्रेषित किया।



### मिथिला विवि पैट चुनाव 2024 रद्द किए जाने पर छात्रों ने संजय झा और पप्पू यादव को सौंपा ज्ञापन

**दरभंगा(एनएसबी)।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के पैट 2024 अभ्यर्थियों के एक प्रतिनिधिमंडल जिसमे प्रिंस राज, कुणाल पांडे, मोहम्मद मुनीब, शरद कुमार सिंह ने रविवार को राज्य सभा सांसद श्री संजय कुमार झा, तथा लोकसभा सांसद पप्पू यादव से मिलकर विश्वविद्यालय की पीएचडी प्रवेश परीक्षा को राजभवन के निर्देश पर रद्द किए जाने के मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की।प्रतिनिधिमंडल ने सांसद को बताया कि पैट परीक्षा की पूरी प्रक्रिया विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित यूजीसी रेगुलेशन 2016 के अनुसार के अनुसार संपन्न कराई गई थी। परीक्षा आयोजित हुई, परिणाम प्रकाशित हुए और अभ्यर्थी नामांकन प्रक्रिया शुरू होने की प्रतीक्षा कर रहे थे। इसी बीच राजभवन के द्वारा पूरी प्रक्रिया रद्द कर दी गई, जिससे 1700 से अधिक सफल अभ्यर्थियों का भविष्य अनिश्चितता के दौर में पहुंच गया है।छात्रों ने कहा कि वर्षों की मेहनत और तैयारी के बाद सफलता प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों के साथ यह निर्णय अन्यायपूर्ण है। उन्होंने मांग की कि इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर पैट 2024 को पुनः बहाल कराया जाए तथा नामांकन प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ कराई जाए।छात्र प्रतिनिधि मंडल ने भाजपा नगर विधायक संजय सरावगी और मिथिला विश्वविद्यालय से शिक्षक प्रतिनिधि सह विधानपार्षद मदन मोहन झा द्वारा समय देकर नहीं मिलने पर आक्रोश व्यक्त किया।



### गणेश पूजा समिति सदस्यों की हुई बैठक

**खजौली (एनएसबी)।** खजौली बाजार स्थित गणेश मंदिर परिसर में गणेश पूजनोत्सव एवं मेला आयोजन को लेकर शुक्रवार को एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रामकुमार सिंह एवं संचालन भोला सिंह ने की। इस दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की आगामी 15 सितंबर को भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ गणेश पूजनोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा। इस दौरान सर्वसमिति से पुराने कमेटी को भंग कर नई कमेटी का गठन किया गया। जहां अध्यक्ष रामकुमार सिंह, उपाध्यक्ष उमेश कुमार सिंह, सचिव भोला कुमार सिंह, उप सचिव जयप्रकाश सिंह, कोषाध्यक्ष सुरेश प्रसाद सिंह उर्फ बाबा, मेला प्रभारी महेश्वर प्रसाद सिंह, विनोद पासवान, व्यवस्थापक झोली साफी को मनोनीत किया गया। वहीं रामकुमार सिंह ने बताया कि आगामी 15 से 20 सितंबर तक आयोजित होने वाले छह दिवसीय गणेश पूजनोत्सव की तैयारी शुरू कर दी गई है। इस मौके मुरारी चौधरी, धर्मेंद्र कुमार सिंह, रमेश सिंह, रमेश चौधरी, भरत साफी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### बाबा विश्वनाथ महादेव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर को 501 कन्याओं द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा निकाली

**खजौली (एनएसबी)।**प्रखंड के स्थानीय बेला कोठी गांव स्थित बाबा विश्वनाथ महादेव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शनिवार को 501 कन्याओं द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ समाजसेवी संतोष झा, राजद नेता अरुण कुशवाहा, मुखिया अर्जुन सिंह द्वारा संयुक्त रुप से किया गया। कलश यात्री कन्हौली गांव स्थित कमला नदी से जल भरकर गांव का परिक्रमा करते हुए मंदिर परिसर पहुंचा। जहां आचार्य हृदयनाथ शास्त्री ने मंत्र उच्चारण के साथ विधिवत कलश स्थापित करवाया। वहीं पुजारी सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि 29 जुलाई को बेला कोठी गांव स्थित विश्वनाथ महादेव मंदिर में बाबा विश्वनाथ की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा होगी। इसको ले आगामी एक अगस्त 26 तक यहां शिव पुराण कथा का आयोजन होगा। इस मौके पर रविंद्र सिंह, श्याम लाल सिंह, वरुण कुमार सिंह, महेंद्र चौधरी, नरेश कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



# मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से जदयू नेता बचनू मंडल की शिष्टाचार भेंट, मधुबनी के विकास पर हुई चर्चा

**बेनीपट्टी (एनएसबी)।** बिहार सरकार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के 100 दिनों के कार्यकाल पूर्ण होने की पूर्व संध्या पर जदयू (अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ) के प्रदेश उपाध्यक्ष बचनू मंडल ने पटना स्थित एक अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास में उनसे शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को सरकार के 100 दिनों के कार्यकाल के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं।मुलाकात के दौरान बचनू मंडल ने मिथिला की पारंपरिक सम्मान परंपरा के अनुसार मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को मिथिला चित्रकलायुक्त पाग, दोपट्टा एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। बचनू मंडल ने बताया कि लगभग एक घंटे तक चली आत्मीय मुलाकात में मुख्यमंत्री ने मिथिला के सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने मधुबनी जिले के चहुंमुखी विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा की तथा निकट भविष्य में मधुबनी आने का आश्वासन भी दिया। जदयू नेता बचनू मंडल ने मुख्यमंत्री की जनोन्मुखी कार्यशैली, विकास के प्रति उनकी सोच एवं आत्मीय व्यवहार की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया।



मुख्यमंत्री से मिलते बचनू मंडल

### कबीर अंत्येष्टि, पेंशन और स्वच्छता योजनाओं की बीडीओ ने की समीक्षा, मुखिया व पंचायत सचिवों को दिए आवश्यक निर्देश

**खजौली(एनएसबी)।** प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में बीडीओ चंदन कुमार की अध्यक्षता में मुखिया, पंचायत सचिव एवं स्वच्छता कर्मियों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में कबीर अंत्येष्टि योजना, वृद्धा पेंशन, स्वच्छता योजना तथा प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान चालू वित्तीय वर्ष में कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत केवल 27 लोगों को लाभ मिलने पर बीडीओ ने चिंता व्यक्त की। उन्होंने सभी मुखिया एवं पंचायत सचिवों को वास्तविक पात्र लाभुकों को अधिक से अधिक योजना से जोड़ने का निर्देश दिया। वृद्धा पेंशन योजना की समीक्षा में लाभुकों की सूची उपलब्ध कराते हुए पंचायत सचिवों को सभी लाभुकों का जीवन प्रमाणीकरण शीघ्र पूरा कराने का निर्देश दिया गया। वहीं स्वच्छता कर्मियों को सभी गांवों एवं टोलों से नियमित कचरा उठाव सुनिश्चित करने तथा निर्धारित शुल्क संग्रह करने को कहा गया। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना की दूसरी किस्त का भुगतान स्थलीय जांच के बाद करने तथा निर्मित शौचालयों के भुगतान के लिए ग्रामसभा से सूची पारित कराकर प्रखंड कार्यालय में जमा करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में मुखिया अर्जुन सिंह, जय प्रकाश मंडल, छठू पासवान, अशोक कुमार सिंह सहित सभी पंचायत सचिव एवं स्वच्छता कर्मी उपस्थित रहे।

## मानव तस्करी व देह व्यापार के खिलाफ जनहित शिकायत पर 6 अगस्त को गृह विभाग में सुनवाई

**बेनीपट्टी। (एनएसबी)। बिहार** में मानव तस्करी एवं देह व्यापार जैसे गंभीर अपराधों के विरुद्ध राज्यव्यापी कार्रवाई की मांग को लेकर दायर एक जनहित शिकायत पर गृह विभाग, बिहार सरकार ने सुनवाई की तिथि निर्धारित की है। विभागीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के कार्यालय में इस मामले की सुनवाई 6 अगस्त 2026 को पूर्वाह्न 11 बजे होगी।

यह जनहित शिकायत सामाजिक एवं आरटीआई कार्यकर्ता त्रिलोक नाथ झा द्वारा दायर की गई है। शिकायत में एक राष्ट्रीय दैनिक में प्रकाशित खोजी रिपोर्ट का हवाला देते हुए राज्य में मानव तस्करी और देह व्यापार से जुड़े कथित संगठित गिरोहों की निष्पक्ष जांच कराने तथा व्यापक कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायत में कहा गया है कि यदि प्रकाशित तथ्यों की पुष्टि होती है, तो यह महिलाओं, युवतियों एवं बच्चों की सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय है।

परिवाद में पूरे बिहार में विशेष जांच दल अथवा स्पेशल टास्क फोर्स के गठन, सभी जिलों में समन्वित विशेष अभियान चलाकर मानव तस्करी एवं देह व्यापार से जुड़े गिरोहों की पहचान और उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया है। साथ ही अभियान को नियमित एवं प्रभावी बनाए रखने की मांग भी की गई है।

शिकायत में राज्य स्तर पर 24.7 टोल-फ्री हेल्पलाइन एवं व्हाट्सएप नंबर जारी करने, सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखने तथा आवश्यक होने पर उन्हें सुरक्षा उपलब्ध कराने का भी सुझाव दिया गया है। इसके अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग, बिहार पुलिस, रेलवे पुलिस, सीमा सुरक्षा एजेंसियों तथा अन्य संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर संयुक्त अभियान चलाने और मामलों में त्वरित अनुसंधान एवं अभियोजन सुनिश्चित करने की मांग की गई है।

गृह विभाग द्वारा इस जनहित शिकायत पर सुनवाई की तिथि तय किए जाने के बाद अब 6 अगस्त की कार्यवाही पर लोगों की नजरें टिकी हैं। सुनवाई के बाद विभाग द्वारा लिए जाने वाले निर्णय और आगे की कार्रवाई से ही स्पष्ट होगा कि इस विषय पर राज्य स्तर पर क्या कदम उठाए जाते हैं। फिलहाल, शिकायत में लगाए गए आरोपों एवं सुझावों पर विभागीय स्तर पर सुनवाई की प्रक्रिया जारी है।

## 48वीं वाहिनी में अंतर-क्षेत्रीय बैडमिंटन व टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन

**जयनगर (एनएसबी)।** 48वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), जयनगर में क्षेत्रक मुख्यालय मुजफ्फरपुर के तत्वावधान में शनिवार को अंतर-क्षेत्रीय बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2026 का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पटना सीमांत के अंतर्गत क्षेत्रक मुख्यालय बेतिया, पूर्णिया, मुजफ्फरपुर, गया, सीमांत मुख्यालय पटना तथा कम्पोजिट हॉस्पिटल बथनाहा की टीमों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रक मुख्यालय बेतिया के उप महानिरीक्षक हरि प्रकाश रहे। उन्होंने प्रतियोगिता में खिलाड़ी के रूप में भी भाग लेकर प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। वहीं क्षेत्रक मुख्यालय पूर्णिया के उप महानिरीक्षक मधुकर अमिताभ ने भी खिलाड़ी के रूप में हिस्सा लेकर खेल भावना और नेतृत्व का उदाहरण प्रस्तुत किया।कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक रूप से वंदे मातरम् के गायन से हुआ। इसके बाद प्रतियोगिता के स्पोर्ट्स ऑफिसर उप कमांडेंट हरि नारायण जाट ने खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए प्रतियोगिता की रूपरेखा, नियम एवं विभिन्न स्पधाओं के संबंध में जानकारी दी। 48वीं वाहिनी के कमांडेंट राजेंद्र कुमार ने स्वागत संबोधन में कहा कि खेल प्रतिस्पर्धा के साथ अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, स्वस्थ जीवनशैली, आपसी सौहार्द और संगठनात्मक एकता को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम हैं।

मुख्य अतिथि हरि प्रकाश ने खिलाड़ियों को अनुशासन, निष्पक्षता और खेल भावना के साथ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया तथा प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया। प्रतियोगिता में उप महानिरीक्षक, कमांडेंट, द्वितीय कमान अधिकारी, उप कमांडेंट एवं सहायक कमांडेंट समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वयं विभिन्न स्पधाओं में हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता के अधिकारी वर्ग की 50+ डबल्स स्पर्धा में हरि प्रकाश एवं मधुकर अमिताभ की जोड़ी विजेता रही। 50+ सिंगल्स में हरि प्रकाश विजेता और मधुकर अमिताभ उपविजेता रहे। वहीं 55+ सिंगल्स में 48वीं वाहिनी के कमांडेंट राजेंद्र कुमार ने विजेता का खिताब हासिल किया। अन्य आयु वर्गों और स्पधाओं में भी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

समापन समारोह का शुभारंभ एसएसबी गीत के सामूहिक गायन से हुआ। विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों और टीमों को मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। समापन संबोधन में मधुकर अमिताभ ने कहा कि खेल अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व और टीम भावना विकसित करने का सर्वोत्तम माध्यम हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से भविष्य में भी इसी उत्साह के साथ एसएसबी का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करने का आह्वान किया। राष्ट्रगान के साथ प्रतियोगिता का गरिमामय समापन हुआ।


पुरस्कार लेते खिलाड़ी

# कारगिल विजय दिवस पर बेनीपट्टी में निकली भव्य तिरंगा यात्रा, वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**बेनीपट्टी(एनएसबी)।** कारगिल युद्ध में देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों की स्मृति में रविवार को कारगिल विजय दिवस की 27वीं वर्षगांठ बेनीपट्टी में पूरे उत्साह, राष्ट्रभक्ति और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर के.वाई.सी. कमल युवा क्लब फाउंडेशन एवं स्थानीय सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में भव्य तिरंगा यात्रा, पदयात्रा एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

तिरंगा यात्रा श्री लीलाधर उच्च विद्यालय से शुरू होकर इंदिरा चौक, अंबेडकर चौक और मलाहा मोड़ होते हुए उचैठ भगवती स्थान पहुंची। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में युवा, छात्र, सामाजिक कार्यकर्ता एवं आम नागरिक हाथों में तिरंगा लेकर शामिल हुए। पूरे मार्ग में "भारत माता की जय" और "वंदे मातरम्" के नारों से वातावरण देशभक्ति के रंग में रंगा रहा।

उचैठ भगवती स्थान पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर कारगिल के वीर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त मेजर कृष्णकांत झा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कारगिल युद्ध के इतिहास, भारतीय सेना के अदम्य साहस और शहीदों के बलिदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए देशसेवा की भावना अपनाने का आह्वान किया।

के.वाई.सी. के संयोजक पंकज झा ने कहा कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह देश के प्रति समर्पित रहे और शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए। उन्होंने कारगिल युद्ध में भारत की विजय के कारणों पर भी प्रकाश डाला।

सभा को संबोधित करते हुए अन्य वक्ताओं ने कहा कि कारगिल के अमर शहीदों का बलिदान देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उन्होंने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में माँ सारदे साइंस कोचिंग, मार्गदर्शन संस्थान सहित राजेश कुमार, नीरज कुमार, लक्ष्मण पंडित, अंजलि देवी, करुणेश मिश्र, डॉ. रोहित एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में के.वाई.सी. टीम के विकास कुमार, जनावे अली, विष्णु कुमार, मुकेश कुमार एवं कुंदन झा का विशेष योगदान रहा।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी में देशभक्ति की भावना का संचार करना तथा कारगिल के वीर शहीदों के अद्वितीय बलिदान के प्रति सम्मान व्यक्त करना था।



कार्यक्रम में उपस्थित युवा शक्ति

# कारगिल विजय दिवस पर पूर्व सैनिकों ने कारगिल युद्ध के शहीदों को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, मुजफ्फरपुर द्वारा कारगिल विजय दिवस के अवसर पर रविवार को भगवानपुर रेवा रोड स्थित एक विवाह भवन में भव्य एवं गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले की सभी शाखाओं के पूर्व सैनिक, वीर नारियां एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समारोह में परिषद के बिहार प्रदेश अध्यक्ष कर्नल एम पी सिंह प्रदेश महासचिव हरेश पांडेय तथा प्रदेश संयोजक श्रवण सिंह मुख्य रूप से शामिल थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान, दीप प्रज्वलन तथा कारगिल युद्ध के अमर शहीद सिपाही प्रमोद कुमार एवं नायक सुनील कुमार के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके उपरांत दो मिनट का मौन रखकर सभी शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। मंच संचालन पूर्व सैनिक बीरेंद्र कुमार एवं समाजसेवी किशोर कुणाल ने किया। निवर्तमान जिलाध्यक्ष दीनबंधु शाही ने सभी अतिथियों एवं सदस्यों का स्वागत किया। समारोह का विशेष आकर्षण सरैया प्रखंड के शिवड़ी गोपीनाथपुर निवासी कक्षा छह के छात्र हर्षित कृत्विक की कारगिल युद्ध एवं शहीदों की वीरगाथा पर आधारित प्रभावशाली प्रस्तुति रही, जिसने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुति से प्रभावित होकर बिहार प्रदेश अध्यक्ष कर्नल एम पी सिंह, सरैया शाखाध्यक्ष देवेंद्र प्रसाद सिंह तथा

**अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद मुजफ्फरपुर की नई जिला कार्यकारिणी की हुई घोषणा**

कटरा शाखाध्यक्ष अरविंद कुमार ने उन्हें सम्मानित एवं पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में उपस्थित दो वीर नारियों सीमा सरोज एवं सुनैना देवी को अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

इसके अतिरिक्त 80 वर्ष से अधिक आयु के 15 वरिष्ठ पूर्व सैनिकों तथा परिषद की सभी शाखाओं के अध्यक्षों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक मुजफ्फरपुर के प्रभारी अधिकारी ग्रुप कैप्टन बसंत कुमार ने पॉलीक्लिनिक से संबंधित समस्याओं एवं उनके समाधान की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। बिहार प्रदेश अध्यक्ष कर्नल एम पी सिंह ने मुजफ्फरपुर जिला इकाई की सक्रियता एवं संगठन विस्तार की सराहना करते हुए कहा कि जिस गति एवं मजबूती से यहां संगठन का विस्तार हो रहा है, वह बिहार के अन्य जिलों के लिए अनुकरणीय है। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सैनिक एवं समाजसेवी किशोर कुणाल ने प्रदेश नेतृत्व से आग्रह किया कि कारगिल युद्ध में सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान के सम्मान में भारत सरकार से प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई (कारगिल विजय दिवस) को राजपत्रित अवकाश घोषित कराने की मांग की जाए। समारोह की समाप्ति के उपरांत परिषद की नई जिला कार्यकारिणी की सर्वसम्मति एवं निर्विरोध घोषणा कांटी शाखाध्यक्ष रविंद्र ठाकुर द्वारा की गई। साथ ही मौके पर हीं नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों व सदस्यों के नाम की घोषणा की गई।

घोषित सूची के अनुसार अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिलाध्यक्ष- कृष्णा सिंह उपाध्यक्ष-आनंद कुमार, कैप्टन मदन मोहन झा एवं सुजय कुमार सिंह, महासचिव- बीरेंद्र कुमार, कार्यकारी सचिव- अरुण कुमार बनाए गए। इस क्रम में बिहार प्रदेश नेतृत्व ने पूर्व सैनिक एवं समाजसेवी किशोर कुणाल को अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद का तिरहुत प्रमंडल प्रभारी मनोनीत किए जाने की भी घोषणा की। समारोह में संयोजक मनोज कुमार सिंह, एयर फोर्स एसोसिएशन मुजफ्फरपुर चैप्टर के सचिव राकेश रंजन, नवीन कुमार, गौरव किशोर, वैद्यनाथ झा, राम किशोर सिंह, पी एन राय, बीरेंद्र मिश्रा, बिशेश्वर सिंह, रामनरेश ठाकुर, नंदकिशोर ठाकुर, किसलय किशोर ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर, विनोद कुमार सिंह, शिवकुमार सिंह, रमेश कुमार सिंह, राणा प्रताप सिंह, उमेश सिंह, रघुवीर पंडित, देवेंद्र प्रसाद सिंह, रामनरेश सिंह, रामसागर प्रसाद सिंह, राम ललन भगत, कैप्टन रोड राय, सतीश शर्मा, अखिलेश कुमार तिवारी, शंभू शरण सिंह, महेश सिंह, अवधेश चौधरी, अरविंद कुमार, विश्वनाथ झा, करण कुमार त्रिवेदी, एस एन मिश्रा, अभय कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान एवं सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।


कारगिल के शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्य गण।


समारोह में सम्मानित हुए 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 15 पूर्व सैनिक।

## संक्षिप्त खबरें

### 'कारगिल विजय' भारत के अडिग स्वाभिमान व अजेय संकल्प की अमर गाथा : प्रो कनुप्रिया

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** लंगट सिंह कॉलेज और 32 बिहार बटालियन एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को 'कारगिल विजय दिवस' पर समारोह आयोजित किया गया। कारगिल विजय दिवस पर अपने संदेश में प्राचार्या प्रो कनुप्रिया ने कहा कि हजारों फीट की ऊंचाई पर हमारे सैनिकों ने अदम्य साहस दिखाते हुए पाकिस्तानी सेना को खदेड़ा और 26 जुलाई को दुर्गम चोटियों पर तिरंगा फहराया। उन्होंने छात्रों में देश के प्रति सम्मान और प्रेम की भावना जागृत करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कारगिल विजय केवल एक सैन्य जीत नहीं, बल्कि भारत के अडिग स्वाभिमान और अजेय संकल्प की वो अमर गाथा है, जो हमारी युवा पीढ़ी को हर चुनौती से परे हटकर राष्ट्र निर्माण के सर्वोच्च शिखर को छूने की प्रेरणा देती रहेगी। एनसीसी अधिकारी डॉ राजीव कुमार ने कैडेट्स को युद्ध की रणनीतिक बारीकियों से अवगत कराया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को रैंक प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिसमें असांसी कुमारी को सार्जेंट मेजर, ज्योतिलाल कुमार को क्वार्टर मास्टर तथा शालू कुमारी, साक्षी, अनुज कुमार, जयप्रकाश कुमार व कोमल प्रिया को सार्जेंट की रैंक दी गई। मौके पर डॉ दीपक कुमार, सीनियर अंडर ऑफिसर आशुतोष राज, अंडर ऑफिसर नमृता सुधीर और अंडर ऑफिसर सृष्टि सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।



एल एस कॉलेज में कारगिल दिवस कार्यक्रम में शामिल कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स एवं 32 बिहार बटालियन के पदाधिकारी।

### अल्पसंख्यक समाज के ढाई दर्जन लोगों ने थामा भाजपा का दामन, पार्टी नेताओं ने किया स्वागत

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रति अल्पसंख्यक समुदाय के बढ़ते विश्वास और समर्थन से प्रभावित होकर रविवार को 25 से अधिक अल्पसंख्यक समाज के प्रमुख लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इमली चट्टी स्थित जिला भाजपा कार्यालय (पूर्वी) में इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा पूर्वी जिलाध्यक्ष विवेक कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत महापुरुषों को नमन और वन्देमातरम गान से हुआ। वही भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष की अगुवाई में 25 से अधिक अल्पसंख्यक समाज के प्रमुख लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर उपस्थित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सुरेश कुमार शर्मा ने भाजपा में शामिल हुए नए सदस्यों को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। वहीं सभी नए सदस्यों का मुंह मीठा कराकर पार्टी में उनका स्वागत किया गया। अपने संबोधन में पूर्व मंत्री सुरेश कुमार शर्मा ने कहा कि "भाजपा 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' के मूलमंत्र पर काम करती है। आज अल्पसंख्यक समाज का यह जुड़ाव इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। इस अवसर पर अशोक कुमार झा, मनोज तिवारी, जुनैद खान (जिला प्रवक्ता), रंजन कुमार ओझा आशीष कुमार पिंटू, अल्पसंख्यक मोर्चा महामंत्री कुलदीप सिंह सहित जिला भाजपा पूर्वी के कई प्रमुख नेता, जिला भाजपा के पदाधिकारी तथा सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सैयद अहमद फरीदी ने सभी नवागत सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कहा कि आने वाले समय में अल्पसंख्यक मोर्चा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए और भी तेज गति से काम करेगा। धन्यवाद ज्ञापन जुनैद खान ने किया।


भाजपा में शामिल हुए नए सदस्यों के साथ नेतागण।

### कारगिल विजय दिवस पर रोटरी क्लब ऑफ तिरहुत ने कमांडर रोटेरियन शशांक शेखर को किया सम्मानित

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी) ।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर रविवार को रोटरी क्लब ऑफ तिरहुत, मुजफ्फरपुर द्वारा श्री गांधी स्मृति पुस्तकालय, सिकंदरपुर के सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कमांडर एवं क्लब के चार्टर्ड प्रेसिडेंट रोटेरियन शशांक शेखर को सम्मानित किया गया। क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन रितेश अनुपम ने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य और सर्वोच्च बलिदान को नमन करने का दिन है। देश की सुरक्षा और संप्रभुता के लिए भारतीय सेना का योगदान अतुलनीय है। इस अवसर पर कारगिल के वीर शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के समापन पर सचिव रोटेरियन आशीष शंकर ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि भारतीय सेना के अदम्य साहस, वीरता और राष्ट्र के प्रति समर्पण के लिए हम सदैव ऋणी रहेंगे। हमारे वीर जवान सीमाओं पर मुस्तैद हैं, तभी हम अपने देश में सुरक्षित हैं। उन्होंने सभी वीर सैनिकों एवं शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम में उदय भानु, संजीव चौधरी, प्रेम कुमार चौधरी, अमित राज, भृगु कुमार, डॉ अंशुमन कुमार, डॉ. दयानंद, जितेंद्र प्रसाद एवं पुरुषोत्तम पांडे सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।



कारगिल दिवस पर भारतीय सेना के कमांडर शशांक शेखर को सम्मानित करते क्लब के अध्यक्ष।

**मोतीपुर में युवक की गोली मारकर की गई हत्या का पुलिस ने किया खुलासा**

# वर्चस्व व मोहब्बत की रंजिश में संतोष कुमार की हुई थी हत्या, दो गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर (दैनिक नवसंदेश)।** मोतीपुर थाना क्षेत्र के एनएच-27 फ्लाईओवर पर 21 जुलाई की रात एक युवक की अपराधियों द्वारा गोली मारकर की गई हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने घटना में शामिल दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जबकि एक अन्य आरोपी फरार है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से मृतक का लूटा गया मोबाइल फोन भी बरामद किया है, जिसके आधार पर मृतक युवक की पहचान संतोष कुमार के रूप में हुई है।

शुरूआती जांच में हत्या की वजह आपसी वर्चस्व की लड़ाई और प्रेम प्रसंग से जुड़ा विवाद सामने आया है। पुलिस के अनुसार, 21 जुलाई की मध्यरात्रि मोतीपुर बस स्टैंड के पास एनएच-27 फ्लाईओवर के समीप अज्ञात अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना की सूचना मिलते ही मोतीपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शुरूआत में मृतक की पहचान नहीं हो सकी, लेकिन स्थानीय लोगों की मदद और कई घंटे की मशक्कत के बाद उसकी पहचान साहेबगंज थाना क्षेत्र निवासी संतोष कुमार के रूप में हुई।

घटना की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर, एसडीपीओ वेस्ट-1 सुचित्रा कुमारी और मोतीपुर थाना प्रभारी संजीव कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। एफएसएल टीम को बुलाकर घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए गए। मृतक की पहचान होने के बाद परिजनों के बयान पर मोतीपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर जांच तेज कर दी गई। मामले के खुलासे के लिए एसडीपीओ वेस्ट-1 सुचित्रा कुमारी के नेतृत्व में विशेष जांच टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी जांच और मानवीय सूचना तंत्र की मदद से त्वरित कार्रवाई करते हुए साहेबगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले मंतोष कुमार और अभिषेक कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने इनके कब्जे से मृतक का लूटा गया मोबाइल फोन भी बरामद किया है पुलिस ने बताया कि इस मामले का एक अन्य आरोपी मनीष कुमार अभी फरार है। वही हथियार लेकर भाग निकला है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपियों ने संतोष कुमार को दो बाइक पर बैठाकर घर से बुलाया था और फिर वारदात को अंजाम दिया। इस संबंध में एसडीपीओ पश्चिमी सुचित्रा कुमारी ने प्रेस वार्ता कर बताया कि पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने स्वीकार किया है कि मृतक का अपने साथियों के साथ इलाके में वर्चस्व कायम करने को लेकर विवाद चल रहा था। इससे पहले भी हथियार दिखाकर उसे जान से मारने की धमकी दी गई थी।

जांच में यह भी सामने आया कि एक युवती से जुड़े प्रेम प्रसंग को लेकर भी दोनों पक्षों के बीच विवाद था। इसी रंजिश में साजिश रचकर संतोष कुमार की हत्या कर दी गई। उन्होंने बताया कि पुरे मामले का पटाक्षेप होने के बाद घटना को अंजाम देने में शामिल गिरफ्तार मंतोष कुमार और अभिषेक कुमार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वही मामले के एक फरार आरोपी मनीष कुमार की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापामारी कर रही है।


मोतीपुर में हुई युवक की गोली मारकर हत्या मामले का खुलासा करती एसडीपीओ पश्चिमी सुचित्रा कुमारी।

## रौतिनिया कचरा प्रोसेसिंग यूनिट का उद्घाटन एक अगस्त को


ग्रामीणों के साथ बैठक करते विधायक अजीत कुमार।

**कांटी(एनएसबी)।** कांटी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मड़वन प्रखंड के रौतिनिया स्थित कचरा प्रोसेसिंग यूनिट का उद्घाटन एक अगस्त को किया जाएगा। इसकी जानकारी मिलते ही क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है। स्थानीय विधायक सह पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार ने बताया कि उद्घाटन समारोह में डीएम, नगर निगम के अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। विधायक अजीत कुमार ने बताया कि रौतिनिया डंपिंग यार्ड की समस्या के समाधान को लेकर लगातार प्रयास किए गए। उन्होंने नगर निगम को 31 जुलाई तक कार्य में प्रगति नहीं होने पर एक अगस्त से शहर का कचरा डंप करने पर रोक लगाने का अल्टीमेटम दिया था।

इसके बाद स्वच्छता निदेशक सह अपर सचिव विजय मीणा ने स्थल का निरीक्षण कर एक सप्ताह के भीतर कार्य शुरू कराने तथा आधुनिक प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित करने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा उद्घाटन कि घोषणा के बाद यूनिट के लिए बिजली सहित अन्य सभी आवश्यक कार्य तेजी से पूरे किए जा रहे हैं। विधायक श्री कुमार ने बताया कि वर्षों से पूरे मुजफ्फरपुर शहर का कचरा रौतिनिया में डंप होने के कारण आसपास के ग्रामीणों को दुर्गंध, मक्खियों और मच्छरों के प्रकोप से भारी परेशानी झेलनी पड़ रही थी। उन्होंने कहा कि प्रोसेसिंग यूनिट शुरू होने के बाद यहां आधुनिक मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) प्लांट में सूखे और गीले कचरे का वैज्ञानिक तरीके से प्रसंस्करण किया जाएगा।

## औराई में श्रद्धालुओं से भरी गाड़ी पलटी, 11 लोग घायल सात की हालत गंभीर, किया गया एसकेएमसीएच रेफर

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के औराई थाना क्षेत्र में रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। पाकड़ चौक के समीप श्रद्धालुओं से भरी एक गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में वाहन पर सवार सभी 11 लोग घायल हो गए, जिनमें से 7 की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर रूप से घायलों को बेहतर इलाज के लिए श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल रेफर किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, औराई थाना क्षेत्र के अलीनगर गांव के 11 श्रद्धालु एक ही वाहन से उर्स मेले में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान पाकड़ चौक के पास चालक का वाहन से नियंत्रण हट गया और गाड़ी पलट गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया और सभी घायलों को बाहर निकालकर औराई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद चार घायलों का इलाज पीएचसी में ही जारी रखा, जबकि सात गंभीर घायलों की नाजुक स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए एसकेएमसीएच रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही औराई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

**नीट प्रदर्शन के उपद्रवियों पर पुलिस का शिकंजा**

## सौ से अधिक पर एफआईआर दर्ज सरकारी नुकसान की होगी वसूली

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** नीट पेपर लीक मामले को लेकर समाहरणालय परिसर में हुए हिंसक प्रदर्शन के बाद मुजफ्फरपुर पुलिस ने उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। इस मामले में 100 से अधिक लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर प्रदर्शन में शामिल लोगों की पहचान कर रही है। अब तक आठ प्रमुख आरोपियों की तस्वीरें सार्वजनिक की गई हैं। इनकी पहचान बताने और गिरफ्तारी में सहयोग करने वालों के लिए इनाम की भी घोषणा की गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही अन्य आरोपियों की भी पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। गिरफ्तारी के लिए गठित विशेष पुलिस टीम ने कांटी, मुशहरी, अहियापुर, बोचहां, मनियारी के अलावा शहर के भगवानपुर, मिठनपुरा और चंदवारा समेत कई इलाकों में देर रात तक छापेमारी की। हालांकि समाचार लिखे जाने तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई थी। जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि मिठनपुरा स्थित एक हॉस्टल में रहने वाली एक छात्रा भी प्रदर्शन में शामिल थी। पुलिस टीम जब हॉस्टल पहुंची तो वह पहले ही वहां से फरार हो चुकी थी। उसकी तलाश जारी है और पुलिस उससे जुड़े अन्य लोगों की भी जानकारी जुटा रही है। प्राथमिकी दर्ज होने और तस्वीरें सार्वजनिक होने के बाद कई आरोपी भूमिगत हो गए हैं। नगर पुलिस अधिकारियों ने साफ कहा है कि जिन लोगों की पहचान होगी, उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। इसके साथ ही समाहरणालय और अन्य सरकारी संपत्तियों को हुए नुकसान का पूरा हजार्ना भी आरोपियों से ही वसूला जाएगा। प्रशासन ने दोहराया है कि कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी। अधिकारियों का कहना है कि सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और हिंसा फैलाने वाले किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की राहत नहीं दी जाएगी और सभी दोषियों को कानून के दायरे में लाया जाएगा।

# मुजफ्फरपुर में ग्लूकोमा पर कार्यक्रम में जुटे देशभर के विशेषज्ञ

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** ग्लूकोमा सोसाइटी ऑफ इंडिया (पूर्वी क्षेत्र) के तत्वावधान में मुजफ्फरपुर ऑप्थलमोलॉजिकल सोसाइटी द्वारा रविवार को राधा देवी जोगीश्वरी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (आरडीजेएम), तुरकी में ह्लग्लूकोमा इंडिया एजुकेशन प्रोग्राम (ऋएढ)ह्व का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कॉलेज के चेयरपर्सन पूर्व मंत्री सुरेश कुमार शर्मा, कॉलेज के संस्थापक मनोज कुमार, डॉ उदय कुमार एवं अन्य मुख्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर राज्य एवं देशभर से आए नेत्र विशेषज्ञों ने भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

आउट स्टेशन फैकल्टी के रूप में डॉ देबाशीष चक्रवर्ती एवं डॉ सुधीर कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्लूकोमा के निदान, टोनोमेट्री, गोनियोस्कोपी, डउळ, परिमेट्री तथा आधुनिक उपचार पद्धतियों जैसे लेजर, ट्रेबेकुलेक्टॉमी और टक्रष्ट पर विस्तृत शैक्षणिक सत्र आयोजित किए गए। विशेषज्ञों ने पैनल चर्चा के माध्यम से जटिल मामलों पर विचार-विमर्श किया और व्यावहारिक समाधान साझा किए।

कार्यक्रम में विभिन्न सत्रों में शामिल चिकित्सकों की सक्रिय भागीदारी रही। इस अवसर पर राज्य समन्वयक डॉ पल्लवी सिन्हा और डॉ सुधांसु कुमार उपस्थित थे। जबकि चेयरपर्सन डॉ प्रणव रंजन, डॉ राजेश तिवारी, डॉ राजीव कुमार सिंह, डॉ अमरेन्द्र झा, डॉ सत्यजीत सिन्हा डॉ पारिजात सौरभ, डॉ ज्ञान भाष्कर, डॉ कुमार कृष्णन, डॉ निलेश मोहन, डॉ एस पी सिन्हा, डॉ विभूति नारायण, डॉ मनोज मिश्रा, डॉ सुनील परमार, डॉ सचिन कुमार डॉ एन डी साहू, डॉ अजय जायसवाल ने अपने अपने विचार रखें। वही मॉडरेटर डॉ प्रतीक निशांत, डॉ शलभ सिन्हा, डॉ आशीष शेखर, डॉ अजीत कुमार द्विवेदी ने भी अपना मंतव्य दिया। जबकि प्रमुख वक्ता में डॉ जयश्री शेखर, डॉ सुधांसु कुमार, डॉ सुधीर कुमार, डॉ साकेत बिहारी, डॉ अजीत कुमार द्विवेदी, डॉ सोनी सिन्हा, डॉ देबाशीष चक्रवर्ती, डॉ सुभाष प्रसाद, डॉ जे जी अग्रवाल, डॉ सत्यजीत सिन्हा, डॉ रवि कुमार, डॉ मुअज्जम अली अकबर, डॉ प्रवीण कुमार शामिल थे। केस प्रेजेंटेशन प्रस्तुतकर्ता में डॉ अनुभव प्रकाश (एसकेएमसीएच), डॉ. दीपक कुमार (एम्स), डॉ. सीमा कुमारी (पीएमसीएच), डॉ. उर्वशी कुमारी (आरएनएससोएससी), डॉ. नेहा मंडल (एनएमसीएच), डॉ अस्मित आनंद (आईजीआईएमएस) ने अपने अपने अनुभव साझा किया। मंच का संचालन डॉ शलभ सिन्हा ने किया। कार्यक्रम के समापन पर इंटरैक्टिव क्विज एवं हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। आयोजकों ने इसे अत्यंत सफल एवं ज्ञानवर्धक बताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम चिकित्सकों के कौशल विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।


ग्लूकोमा पर केंद्रित शैक्षणिक कार्यक्रम के उद्घाटन के मौके पर उपस्थित अतिथिगण।

उपलब्धि : स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जनभागीदारी के क्षेत्र में सीतामढ़ी के अभिनव मॉडल को राष्ट्रीय स्तर पर मिली पहचान

# सिंगल यूज प्लास्टिक से बेंच निर्माण को पीएम मोदी ने सराहा



रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में प्रधानमंत्री की सांकेतिक फोटो।


रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' सुनते जिलाधिकारी व अन्य।


सिंगल यूज प्लास्टिक के पुनर्चक्रण (री-साइक्लिंग) से निर्मित बेंच।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले के लिए रविवार 26 जुलाई 26 का दिन गौरव और ऐतिहासिक उपलब्धि का साक्षी बना, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में सीतामढ़ी में संचालित सिंगल यूज प्लास्टिक के पुनर्चक्रण (री-साइक्लिंग) से बेंच निर्माण के अभिनव अभियान की सराहना की। प्रधानमंत्री द्वारा इस पहल का उल्लेख किया जाना न केवल जिले के लिए सम्मान का विषय है, बल्कि स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं जनभागीदारी के क्षेत्र में किए जा रहे सामूहिक प्रयासों की राष्ट्रीय स्तर पर मिली महत्वपूर्ण पहचान भी है।

सीतामढ़ी जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान (स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण) के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक के वैज्ञानिक निस्तारण एवं पुनर्चक्रण की दिशा में एक अभिनव पहल की गई। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण के लिए गंभीर चुनौती बन चुके प्लास्टिक कचरे को उपयोगी संसाधन में परिवर्तित कर 'वेस्ट टू वेल्थ' की अवधारणा को धरातल पर उतारना था।

इस नवाचार की शुरूआत 19 फरवरी 2026 को हुई, जब जिले के बाजपट्टी, रुन्नीसैदपुर, डुमरा एवं रीगा स्थित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाइयों (पीडब्लूएमयू) को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए राय इंडस्ट्री, बक्सर के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के माध्यम से सिंगल यूज प्लास्टिक से बेंच एवं टेबल जैसे जनोपयोगी संसाधनों के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ। इसके बाद जिला प्रशासन के सतत प्रयासों से पहले चरण में बाजपट्टी प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट में पूरे जिले से लगभग 11 हजार किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक का संग्रह किया गया। इनमें से लगभग 4 हजार किलोग्राम प्लास्टिक का पुनर्चक्रण कर 85 मजबूत एवं आकर्षक बेंचों का निर्माण कराया गया।

16 जून 2026 को जिलाधिकारी रिची पांडे ने बाजपट्टी प्रखंड मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में इन 85 बेंचों के वितरण का शुभारंभ किया। निर्मित बेंचों को जिले की विभिन्न पंचायतों को उपलब्ध कराया गया, जहां इन्हें पंचायत सरकार भवनों, सार्वजनिक स्थलों तथा अन्य जनोपयोगी परिसरों में स्थापित किया जा रहा है। इस पहल से न केवल प्लास्टिक कचरे का वैज्ञानिक निस्तारण सुनिश्चित हुआ, बल्कि स्थानीय स्तर पर उपयोगी सार्वजनिक संसाधनों का भी सृजन हुआ। इस मॉडल की एक विशेष उपलब्धि यह भी है कि पुनर्चक्रण के माध्यम से तैयार प्रत्येक बेंच पर सरकार को लगभग 2,000 की बचत एवं संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित हो रहा है। पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता संवर्धन और आर्थिक दक्षता का यह समन्वित मॉडल आज पूरे राज्य के लिए प्रेरणा बन चुका है।

जिलाधिकारी रिची पांडे के मार्गदर्शन एवं सतत मॉनिटरिंग में इस अभिनव पहल को सफलतापूर्वक धरातल पर उतारा गया। ग्रामीण विकास विभाग, सभी संबंधित प्रखंडों, स्वच्छता कर्मियों, जनप्रतिनिधियों,अधिकारियों एवं जागरूक नागरिकों के सक्रिय सहयोग और जनभागीदारी ने इस अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान किया।

अब इस अभियान के दूसरे चरण में रुन्नीसैदपुर प्रखंड में 15 अगस्त से लगभग 200 बेंचों के निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। इसके उपरांत चरणबद्ध तरीके से डुमरा एवं रीगा स्थित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाइयों में भी यह कार्य शुरू किया जाएगा, जिससे जिले में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन का यह मॉडल और अधिक व्यापक रूप ले सके। प्रधानमंत्री द्वारा 'मन की बात' में इस नवाचार की सराहना सीतामढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

जिलाधिकारी रिची पांडेय ने कहा कि यह सम्मान उन सभी लोगों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है, जिन्होंने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के इस अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

सीतामढ़ी जिला प्रशासन ने जिलेवासियों को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए स्वच्छ, हरित एवं प्लास्टिक-मुक्त सीतामढ़ी के निर्माण के संकल्प को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया है। वहीं निदेशक एनईपी ने बताया कि इस कार्य में जीविका दीदियों को जोड़ा जाएगा। इसमें हर स्तर पर रोजगार सृजन हो रहा है। यह अभिनव प्रयोग आगे चलकर बिहार के सभी जिलों के साथ भारत के सभी जिलों में लागू किया जा सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### भाद्रपद अमावस्या महोत्सव 10-11 सितंबर को, दादीधाम में तैयारियां शुरू

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** भाद्रपद अमावस्या महोत्सव की तैयारियों को लेकर रविवार को दादीधाम परिसर में प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रमेश झुनझुनवाला ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भाद्रपद अमावस्या महोत्सव 10 सितंबर 2026 (गुरुवार) एवं 11 सितंबर 2026 (शुक्रवार) को दादीधाम प्रांगण में श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा। महामंत्री श्रवण सराफ ने बताया कि महोत्सव के सफल आयोजन के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया जाएगा तथा सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी की जाएंगी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में कार्यसमिति के सदस्य कैलाश ढ़नढारिया, रतन तुलस्यान, श्याम भरतीया, प्रभात बंका, रमेश चौधरी, शंभू बंका, सौरभ केडिया, अमित तुलस्यान, समीर तुलस्यान, अशोक नेमानी, रामगोपाल जालान, रमेश तुलस्यान, अरुण पोद्दार, शिव तुलस्यान, प्रदीप तुलस्यान, केशव तुलस्यान एवं संदीप तुलस्यान सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने महोत्सव को भव्य एवं सफल बनाने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया।



तैयारियों को लेकर दादीधाम परिसर में आयोजित प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक में शामिल सदस्य।

### नेपाल से छोड़े गए कथित प्रदूषित पानी से लखनदेई नदी काली, फसल क्षति पर मुआवजे की मांग

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** नेपाल के सलार्ही जिले स्थित हरिऔन चीनी मिल एवं डिस्टिलरी से कथित रूप से छोड़े गए प्रदूषित पानी के कारण लखनदेई नदी का पानी पिछले लगभग दस दिनों से काला एवं दुर्गंधयुक्त बना हुआ है। इसका असर सोनबरसा से लेकर रून्नीसैदपुर और आगे तक नदी के प्रवाह क्षेत्र में देखा जा रहा है। लखनदेई बचाओ संघर्ष समिति के सदस्य एवं अखिल भारत सर्वोदय मंडल के राष्ट्रीय महामंत्री प्रो. आनन्द किशोर ने आरोप लगाया है कि प्रदूषित एवं जहरीले पानी के कारण छोटी भारसर, खाप, खोपराहा, ईटहरबा तथा दुलारपुर गांवों के खेतों में लगी सैकड़ों एकड़ धान की फसल एवं धान के बिचड़े गलकर नष्ट हो गए हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।
प्रो. किशोर ने बताया कि जानकारी के अनुसार यह प्रदूषित पानी नेपाल के सलार्ही जिले के हरिऔन चीनी मिल एवं उसकी डिस्टिलरी से छोड़ा गया है। उनका कहना है कि यदि नदी का प्राकृतिक प्रवाह बाधित नहीं होता तो स्थिति इतनी गंभीर नहीं होती। उन्होंने आरोप लगाया कि बागमती जलनिस्सरण विभाग द्वारा खाप गांव में लखनदेई नदी पर बने छोटे पुल की सुरक्षा संबंधी कार्य के दौरान नदी की धारा को रोककर दोनों ओर के तटबंध काट दिए गए थे। इसी कारण प्रदूषित पानी आसपास के खेतों में फैल गया और फसलें बर्बाद हो गईं। प्रो. आनन्द किशोर ने समाहर्ता को पत्र भेजकर प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल सर्वेक्षण कराने, किसानों को फसल क्षति का उचित मुआवजा दिलाने तथा नेपाल के सलार्ही जिला प्रशासन के साथ होने वाली समन्वय बैठकों में हरिऔन चीनी मिल एवं डिस्टिलरी द्वारा लखनदेई नदी में प्रदूषित पानी छोड़े जाने पर रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सीमा पार से होने वाले इस प्रकार के प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए भारत-नेपाल प्रशासनिक स्तर पर ठोस पहल की आवश्यकता है, ताकि लखनदेई नदी तथा इससे जुड़े किसानों के हितों की रक्षा सुनिश्चित हो सके।

### सीतामढ़ी पुलिस ने उपद्रवियों की पहचान में जनता से मांगा सहयोग

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** समाहरणालय गेट एवं आसपास के क्षेत्रों में प्रदर्शन के दौरान पुलिस बल और समाहरणालय गेट पर पथराव करने वाले उपद्रवियों के विरुद्ध पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। इस मामले में संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है तथा अब तक 08 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।
पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, सोशल मीडिया एवं वीडियो फुटेज के आधार पर अन्य उपद्रवियों की पहचान की जा रही है। उनकी तस्वीरें क्रम संख्या के साथ सार्वजनिक की गयी हैं। आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे 159 फोटो में दिख रहे व्यक्तियों की पहचान कर पुलिस को सूचना दें, ताकि उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा सके। पुलिस ने आश्वस्त किया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी। सूचना देने के लिए जारी किये गए मोबाइल संपर्क इस प्रकार हैं -

पुलिस नियंत्रण कक्षः 90318 33127
थानाध्यक्ष, डुमराः 90318 26822
थानाध्यक्ष, सीतामढ़ी (नगर): 90318 26820
थानाध्यक्ष, मेहसौलः 90318 26823

सीमामढ़ी व मुजफ्फरपुर की खबरें पेज नौ पर भी

# कारगिल विजय दिवस पर मेजर चन्द्रभूषण द्विवेदी को दी श्रद्धांजलि

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** कारगिल विजय दिवस की 27वीं वर्षगांठ पर शनिवार को बाजार समिति प्रांगण में कारगिल युद्ध के शहीद मेजर चन्द्रभूषण द्विवेदी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष के बीच युवाओं ने तिरंगा लहराया।

कार्यक्रम में पूर्व सैनिक अनिल कुमार ने कारगिल युद्ध की वीरगाथा का उल्लेख करते हुए कहा कि विषम परिस्थितियों और दुर्गम ऊंची पहाड़ियों पर भारतीय सैनिकों ने अदम्य साहस और पराक्रम का परिचय देते हुए दुश्मनों को परास्त कर देश को गौरवशाली विजय दिलाई। उन्होंने बताया कि शिवहर निवासी मेजर चन्द्रभूषण द्विवेदी मातृभूमि की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे।

उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध में बिहार के सैनिकों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। सबसे पहले बिहार रेजिमेंट के जवानों ने मोर्चा संभाला था और सीतामढ़ी जिले के भी दर्जनों सैनिक इस युद्ध में शामिल थे, जिनमें वे स्वयं भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि उस समय पूरे देश ने अभूतपूर्व एकता का परिचय देते हुए सेना और सैनिकों का मनोबल बढ़ाया था। पूर्व सैनिक अनिल कुमार ने शहीदों के परिजनों, दिव्यांग सैनिकों तथा पूर्व सैनिकों के प्रति सरकार की उदासीनता पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सीतामढ़ी के शहीद स्मारकों की स्थिति भी दयनीय है, लेकिन जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन का इस ओर अपेक्षित ध्यान नहीं है।


कारगिल विजय दिवस का तिरंगे के साथ उत्साहपूर्वक स्मरण करते युवा व अन्य।

कार्यक्रम में शिक्षक मुकेश रजक, संजय यादव, नवनीत यादव, श्रवण कुमार, महेश महतो, सुशील कुमार, संजीव कुमार, कमलेश भारती, संजय प्रसाद, वीरेंद्र यादव, श्याम साह, राजकुमार बैठा, राहुल, प्रशांत झा, प्रवीण, अमन, सिद्धार्थ, रिशु, विवेक, निखिल, राजीव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# मुजफ्फरपुर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए फ्लाईओवर व मल्टी-लेवल पार्किंग बनाने की मांग

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** उत्तर बिहार वाणिज्य एवं उद्योग परिषद की ओर से परिषद के अध्यक्ष श्याम सुंदर भीमसेरिया ने मुजफ्फरपुर शहर में लगातार विकराल होती यातायात समस्या के स्थायी समाधान की मांग करते हुए बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्रा को एक विस्तृत ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को भी प्रेषित की गई है।


परिषद अध्यक्ष श्याम सुंदर भीमसेरिया।

परिषद के अध्यक्ष श्याम सुंदर भीमसेरिया ने कहा कि मुजफ्फरपुर उत्तर बिहार का प्रमुख व्यापारिक एवं औद्योगिक केंद्र है, लेकिन शहर में सप्ताह के सातों दिन लगने वाले भीषण जाम ने आम जनजीवन, व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को गंभीर रूप से प्रभावित कर दिया है। प्रतिदिन हजारों व्यापारी, कर्मचारी, विद्यार्थी एवं आम नागरिक घंटों जाम में फंसने को विवश हैं, जिससे समय और संसाधनों की भारी बबार्दी हो रही है। ज्ञापन में विशेष रूप से चिंता व्यक्त की गई है कि विद्यालयों से लौटने वाले छोटे-छोटे बच्चे तपती धूप, उमस और प्रदूषण के बीच लंबे समय तक जाम में फंसे रहते हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसके अलावा मरीजों, वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं को भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। परिषद ने सुझाव दिया है कि शहर के प्रमुख चौराहों एवं प्रवेश मार्गों पर शीघ्र फ्लाईओवर का निर्माण कराया जाए तथा प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में दो से तीन आधुनिक मल्टी-लेवल पार्किंग बनाई जाए। इससे यातायात व्यवस्था सुगम होगी, व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी और नागरिकों को जाम की समस्या से स्थायी राहत मिल सकेगी।

**उत्तर बिहार वाणिज्य एवं उद्योग परिषद के अध्यक्ष ने नगर विकास मंत्री को भेजा ज्ञापन, मुख्यमंत्री को भी भेजी प्रतिलिपि**

ज्ञापन में परिषद ने नगर विकास मंत्री से अनुरोध किया है कि वे मुजफ्फरपुर का दौरा कर उत्तर बिहार वाणिज्य एवं उद्योग परिषद के साथ विचार-विमर्श बैठक करें, ताकि शहर की जमीनी समस्याओं और उनके व्यावहारिक समाधान पर सार्थक चर्चा हो सके। परिषद ने विश्वास व्यक्त किया कि मंत्री के नेतृत्व में मुजफ्फरपुर को एक सुगम, सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं विकसित शहर बनाने की दिशा में प्रभावी पहल की जाएगी।

# फ्यूचर स्टार क्लब सुतिहारा ने सीतामढ़ी स्टूडेंट फुटबॉल क्लब को 5-1 से हराया


मैच में शामिल फुटबॉल टीम के खिलाड़ी।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय जवाहरनगर फुटबॉल ग्राउंड सुतिहारा में सीतामढ़ी स्टूडेंट फुटबॉल क्लब और फ्यूचर स्टार क्लब सुतिहारा के मध्य भव्य फुटबॉल मैच का आयोजन हुआ। इस रोमांचक मैच में फ्यूचर स्टार क्लब सुतिहारा ने सीतामढ़ी स्टूडेंट फुटबॉल क्लब को 5-1 के अंतर से हरा मैच को अपने नाम कर लिया। फ्यूचर स्टार क्लब ने दोनों हॉफ में अपना दबदबा बनाए रखा। मैच के रेफरी रोहित कुमार रहे।

इस अवसर पर सीतामढ़ी फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव सुरेश कुमार भी मौजूद रहे। आयोजन में केंद्रीय विद्यालय जवाहरनगर के खेल प्रशिक्षक गणेश सिंह की विशेष भूमिका रही। फ्यूचर स्टार क्लब सुतिहारा की टीम में कप्तान रोहित कुमार सहित साजन, चंदन, जयंत, हिमांशु प्रियांशु, रौनक, सईब, रूपेश, किसलय, अंकित, आनंद राज, विशाल, रविकिशन, आलोक, आशुतोष, हर्ष, और सुंदर भारत शामिल थे तथा नवनीत कुमार ने शानदार गोल कीपिंग किया। कप्तान रोहित कुमार ने 3 गोल किए तथा सईब और आलोक ने 1-1 गोल किया।

सीतामढ़ी स्टूडेंट फुटबॉल क्लब की टीम में कप्तान रोहित कुमार सहित ऋतिक कुमार, उज्ज्वल कुमार, राजू कुमार, विश्वजीत, राजीव, सत्यम, विकास, मो. फैयाज, मो. सद्दाम, गोल्डन, निश्चल नवीन, गोलू कुमार, सफयाज, मनु, पुरुषोत्तम, प्रिंस, प्रांजल और यमाल शामिल रहे। उनके कोच के रूप में रामदेव उपस्थित रहे। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय जवाहरनगर के प्राचार्य श्री पंकज अग्रवाल ने दोनों टीमों को बधाई दी।

# पुलिस की पहल से 1,780 स्थानों पर चला जन-जागरूकता अभियान

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में सीतामढ़ी पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक अमित रंजन के निर्देशन एवं वरीय पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) मो. नजीब अनवर के मार्गदर्शन में 18 जुलाई से 25 जुलाई 2026 तक संचालित "नया सवेरा अभियान-3.0" का सफलतापूर्वक समापन हुआ। मानव तस्करी, बाल श्रम एवं बंधुआ मजदूरी उन्मूलन को समर्पित इस विशेष अभियान ने जन-जागरूकता के क्षेत्र में जिले में एक नया मानक स्थापित किया।



जन-जागरूकता अभियान 'नया सवेरा अभियान-3.0' में शामिल छात्र-छात्रायें।

अभियान के दौरान सीतामढ़ी पुलिस ने शिक्षा विभाग, जीविका एवं अदिथी कवच परियोजना के संयुक्त सहयोग से जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1,780 स्थानों पर विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इनमें शपथ ग्रहण समारोह, जन संवाद, विद्यालय आधारित जागरूकता कार्यक्रम, सेमिनार, जागरूकता रथ, नुक्कड़ संवाद एवं अन्य जनहित गतिविधियों के माध्यम से 1,21,000 से अधिक छात्र-छात्राओं, युवाओं एवं स्थानीय नागरिकों को मानव तस्करी, बाल श्रम, बंधुआ मजदूरी तथा बच्चों के अधिकारों के संबंध में जागरूक किया गया। समापन अवसर पर पुलिस निरीक्षक सह शाखा प्रभारी, मानव तस्करी निरोध इकाई, सुशील कुमार सिंह ने कहा कि "नया सवेरा अभियान-3.0 का उद्देश्य केवल अपराध की रोकथाम नहीं, बल्कि समाज में ऐसी जागरूकता विकसित करना है जिससे मानव तस्करी, बाल श्रम एवं बंधुआ मजदूरी जैसी कुप्रथाओं को जड़ से समाप्त किया जा सके। पुलिस और समाज की साझेदारी ही इन अपराधों के विरुद्ध सबसे प्रभावी हथियार है। सीतामढ़ी पुलिस आगे भी जनभागीदारी के माध्यम से इस अभियान को निरंतर गति देती रहेगी।" बाल अधिकार कार्यकर्ता मुकुंद कुमार चौधरी ने सीतामढ़ी पुलिस के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि "नया सवेरा अभियानझ3.0 ने जिले में बाल संरक्षण के प्रति व्यापक सामाजिक चेतना उत्पन्न की है। विद्यालयों, समुदायों एवं विभिन्न हितधारकों को जोड़कर पुलिस ने जिस प्रकार जन-आंदोलन का स्वरूप दिया है, वह अनुकरणीय है। यह अभियान मानव तस्करी एवं बाल श्रम उन्मूलन की दिशा में एक प्रभावी और दूरगामी पहल सिद्ध होगा।" अदिथी के कार्यक्रम प्रबंधक रोहित सिंह ने कहा कि "सीतामढ़ी पुलिस के नेतृत्व में संचालित यह अभियान सरकारी विभागों एवं सामाजिक संगठनों के प्रभावी समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है। सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से बच्चों की सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति व्यापक जागरूकता स्थापित करने में यह अभियान अत्यंत सफल रहा है।" कवच परियोजना के कन्वर्जेंस विशेषज्ञ मनीष कुमार ने कहा कि "मानव तस्करी एवं बाल श्रम जैसी चुनौतियों से प्रभावी मुकाबला तभी संभव है जब प्रशासन, पुलिस, विद्यालय, पंचायत एवं समाज मिलकर कार्य करें। नया सवेरा अभियानझ3.0 ने इसी सामूहिक प्रयास को सशक्त आधार प्रदान किया है और भविष्य में भी यह साझेदारी निरंतर जारी रहेगी।" सीतामढ़ी पुलिस ने अभियान को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने वाले शिक्षा विभाग, जीविका, अदिथी कवच परियोजना, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, स्वयंसेवी संस्थाओं, मीडिया तथा आम नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपील की है कि मानव तस्करी, बाल श्रम एवं बंधुआ मजदूरी जैसी किसी भी घटना की सूचना तत्काल निकटतम थाना अथवा संबंधित पुलिस इकाई को दें, ताकि समय पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

**18 जुलाई से 25 जुलाई 2026 तक संचालित ₹नया सवेरा अभियान-3.0 का सफलतापूर्वक समापन**

## सम्पादकीय

# बिहार की समृद्धि का मार्ग ग्रामीण परिवेश से ही होगा प्रशस्त

पूरे देश में बिहार ही ऐसा राज्य है, जहां महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की शुरुआत की। आज यह योजना एक वटवृक्ष का रूप ले चुकी है। साथ ही लाखों महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने में मील का पत्थर भी साबित हुई है।

बिहार में करीब 13 लाख स्वयं सहायता समूह है। इन समूहों से जुड़ीं एक करोड़ 81 लाख परिवार को 10-10 हजार रुपए का आर्थिक सहयोग मुख्यमंत्री रोजगार योजना के तहत दिया गया है। रोजगार शुरू करने वाली महिलाओं को अतिरिक्त सहयोग के तौर पर सरकार दो-दो लाख रुपये की आर्थिक मदद करेगी। योजना की सफलता को देखते हुए इसे शहरी क्षेत्र में लागू करने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत प्राप्त होने वाले कुल 18 लाख आवेदनों की जल्द सुनवाई होगी और इन महिलाओं को रोजगार शुरू करने की दिशा में आर्थिक मदद दी जाएगी। ग्रामीण विकास विभाग का मूल उद्देश्य ग्रामीण परिवारों के जीवन में स्थायी और सकारात्मक परिवर्तन लाना है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से विभाग ग्रामीण जीविकोपार्जन, महिला सशक्तीकरण, कौशल विकास, सामाजिक विकास, वित्तीय समावेशन और रोजगार सृजन के क्षेत्र में व्यापक स्तर पर कार्य कर रहा है।

कृषि क्षेत्र में किसान उत्पादक कंपनियों के माध्यम से सामूहिक उत्पादन, प्रसंस्करण और बाजार से जुड़ाव को बढ़ावा दिया जा रहा है। बिहार में 72 किसान उत्पादक कंपनियां 265 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर रही हैं। इन संस्थाओं से एक लाख से अधिक ग्रामीण लोगों को रोजगार और आजीविका के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था में हो रहे परिवर्तन का महत्वपूर्ण संकेत है।

जीविका महिलाओं के आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा सामाजिक परिवर्तन की नई चेतना का आंदोलन है। पिछले 20 वर्षों में जीविका ने बिहार में जिस प्रकार विकास और महिला सशक्तिकरण की क्रांति लाई है, वह देश-दुनिया के लिए एक प्रेरणादायी मिसाल है। हर गरीब परिवार को जीविका से जोड़कर रोजगार उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। वर्तमान में बिहार में 10,49,411 स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से 1 करोड़ 81 लाख से अधिक महिलाएं जीविका से जुड़कर आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बन रही हैं। आज 30 लाख से अधिक लखपति दीदी बिहार में तैयार हुई हैं, जो देश में सर्वाधिक हैं।

बिहार की समृद्धि का मार्ग ग्रामीण परिवेश से ही प्रशस्त होगा। जीविका से जुड़ी महिलायें समाज के अंतिम पायदान पर खड़े प्रत्येक गरीब परिवार को विकास की मुख्यधारा से जोड़ें, जब गांव समृद्ध होंगे, महिलाएं आत्मनिर्भर होंगी और गरीब सशक्त होंगे, तभी विकसित भारत एवं समृद्ध बिहार का सपना साकार होगा। वर्ष 2006-07 में बिहार की अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी नगण्य थी, जबकि आज जीविका के माध्यम से महिलाओं का आर्थिक योगदान बढ़कर लगभग 1 लाख 36 हजार करोड़ तक पहुंच गया है। यह बिहार में महिलाओं की बढ़ती आर्थिक भागीदारी और आत्मनिर्भरता का सशक्त प्रमाण है। महिलाओं से निरंतर संवाद के आधार पर ही राज्य सरकार ने कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि 400 से बढ़ाकर 1,100 रूपये प्रति माह की गई है। 1 करोड़ 70 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को पिछले एक वर्ष से 125 यूनिट निःशुल्क बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत 1 करोड़ 81 लाख महिलाओं के खातों में 10,000 रूपये की प्रथम किस्त भेजी जा चुकी है। ये सभी निर्णय महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर हैं।

महिलाओं के सशक्तिकरण की मजबूत नींव वर्ष 2006 में तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा रखी गई, जब पंचायती राज संस्थाओं एवं नगर निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण तथा सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण लागू किया गया। इन ऐतिहासिक निर्णयों ने बिहार की महिलाओं को नेतृत्व, सम्मान और आत्मविश्वास प्रदान किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नारीशक्ति वंदन अधिनियम लागू किया जिसके तहत लोकसभा एवं राज्य की विधानसभाओं में महिलाओं के लिये 33 प्रतिशत आरक्षित की गयी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समृद्ध बिहार के संकल्प को साकार करने में जीविका की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# नए शिक्षा मंत्री, नई उम्मीदें या पुरानी चुनौतियां



प्रमोद कुमार सिंह
शिक्षाविद

देश के शिक्षा मंत्रालय की कमान जब किसी नए नेतृत्व को सौंपी जाती है, तो स्वाभाविक रूप से उसके साथ नई अपेक्षाएं भी जुड़ जाती हैं। केंद्र सरकार द्वारा वरिष्ठ नेता प्रह्लाद जोशी को शिक्षा मंत्रालय का दायित्व सौंपा जाना केवल एक प्रशासनिक परिवर्तन नहीं, बल्कि ऐसे समय में हुआ है जब देश की परीक्षा प्रणाली, विशेषकर प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता, व्यापक सार्वजनिक विमर्श का विषय रही है।

ऐसे में सबसे बड़ा प्रश्न यह नहीं है कि नया मंत्री कौन है, बल्कि यह है कि क्या नई कार्यशैली छात्रों और अभिभावकों के मन में विश्वास को पुनर्जीवित कर पाएगी।

प्रह्लाद जोशी का सार्वजनिक जीवन लंबा और सक्रिय रहा है। वे कर्नाटक की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं, कई बार लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए हैं तथा संगठनात्मक और संसदीय कार्यों में उनके अनुभव को व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है। उनकी शैक्षणिक योग्यता स्नातक स्तर की है । उन्होंने कर्नाटक के हुबली स्थित के.एस. आर्ट्स कॉलेज से अध्ययन किया है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी मंत्री की सफलता केवल उसकी डिग्री से नहीं, बल्कि उसकी प्रशासनिक क्षमता, निर्णय लेने की योग्यता और संस्थागत सुधारों के प्रति प्रतिबद्धता से मापी जाती है।

लेकिन शिक्षा मंत्रालय का यह दायित्व ऐसे समय में आया है जब देश के लाखों प्रतियोगी छात्र केवल पाठ्यक्रम और परीक्षा की तैयारी से नहीं, बल्कि परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता को लेकर भी चिंतित हैं।

पिछले वर्षों में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, विशेषकर राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षाओं को लेकर उठे विवादों ने विद्यार्थियों के मन में अनेक प्रश्न खड़े किए।

न्यायालयों, जांच एजेंसियों और संबंधित संस्थाओं ने कई मामलों में कार्रवाई भी की, किंतु सार्वजनिक विश्वास को जो आघात पहुंचा, उसकी भरपाई केवल प्रशासनिक बदलाव से संभव नहीं है।

शिक्षा व्यवस्था में विश्वास एक दिन में नहीं बनता। लाखों विद्यार्थी वर्षों तक कठिन परिश्रम करते हैं। अनेक परिवार अपनी आर्थिक क्षमता से कहीं अधिक खर्च करके बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराते हैं। जब किसी परीक्षा की निष्पक्षता पर प्रश्न उठता है, तो केवल परिणाम प्रभावित नहीं होते, बल्कि मेहनत, समान अवसर और योग्यता आधारित चयन की पूरी अवधारणा पर भी असर पड़ता है।

यही कारण है कि छात्रों की सबसे बड़ी अपेक्षा किसी व्यक्ति विशेष से नहीं, बल्कि एक ऐसी व्यवस्था से है जिसमें परीक्षा की गोपनीयता, पारदर्शिता और जवाबदेही पूरी तरह सुनिश्चित हो। यदि किसी परीक्षा में गड़बड़ी की आशंका भी उत्पन्न होती है, तो उसका प्रभाव हजारों नहीं, बल्कि लाखों विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, करियर और भविष्य पर पड़ता है।

इसलिए नए शिक्षा मंत्री के सामने सबसे बड़ी चुनौती पाठ्यक्रम बदलना या नई योजनाएं घोषित करना नहीं, बल्कि परीक्षा प्रणाली पर जनता का भरोसा मजबूत करना है। इसके लिए केवल आश्वासन पर्याप्त नहीं होंगे।

> **नए शिक्षा मंत्री का कार्यकाल नई संभावनाओं का अवसर लेकर आया है। किंतु देश के करोड़ों विद्यार्थियों की वास्तविक अपेक्षा किसी चेहरे के परिवर्तन से अधिक व्यवस्था में सुधार की है। परीक्षा प्रणाली की निष्पक्षता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता ही वह आधार है जिस पर शिक्षा व्यवस्था का भविष्य टिका है। यदि संस्थागत सुधार प्रभावी ढंग से लागू होते हैं, दोषियों के विरुद्ध निष्पक्ष कार्रवाई होती है और प्रत्येक परीक्षा पारदर्शी ढंग से संपन्न होती है, तो समय के साथ छात्रों का विश्वास अवश्य मजबूत होगा।**

मजबूत तकनीकी सुरक्षा, प्रश्नपत्रों की सुरक्षित निगरानी, डिजिटल ट्रैकिंग, समयबद्ध जांच, दोषियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई, परीक्षा एजेंसियों की जवाबदेही और पारदर्शी संवाद जैसी संस्थागत व्यवस्थाएं अधिक प्रभावी सिद्ध होंगी।

यह भी समझना होगा कि किसी एक व्यक्ति के बदलने से पूरी व्यवस्था स्वतः नहीं बदलती। किसी भी मंत्रालय की सफलता संस्थागत सुधारों, सक्षम प्रशासन, तकनीकी दक्षता और निरंतर निगरानी पर निर्भर करती है। यदि व्यवस्थागत कमजोरियों को दूर नहीं किया गया, तो केवल नेतृत्व परिवर्तन से जनता का विश्वास पूरी तरह लौटना कठिन होगा। दूसरी ओर यदि व्यापक सुधार लागू किए जाते हैं और उनका प्रभाव व्यवहार में दिखाई देता है, तो धीरे-धीरे विश्वास भी पुनः स्थापित हो सकता है।

सरकार की भी यह जिम्मेदारी है कि वह परीक्षा प्रणाली से जुड़े प्रत्येक विवाद पर समयबद्ध और पारदर्शी संवाद बनाए रखे। सूचना के अभाव में अफवाहें अधिक तेजी से फैलती हैं। स्पष्ट जानकारी, निष्पक्ष जांच और सार्वजनिक जवाबदेही लोकतांत्रिक शासन की पहचान हैं।

वहीं छात्रों और अभिभावकों के लिए भी यह आवश्यक है कि वे आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करें और किसी भी मामले में जांच या न्यायिक प्रक्रिया पूरी होने से पहले निष्कर्ष पर न पहुंचें। लोकतांत्रिक व्यवस्था में जवाबदेही के साथ-साथ संस्थाओं की निष्पक्ष जांच प्रक्रिया का सम्मान भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

शिक्षा केवल परीक्षा आयोजित करने का नाम नहीं है। यह राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी प्रक्रिया है। यदि परीक्षा प्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लगते हैं, तो उसका प्रभाव केवल एक बैच या एक वर्ष तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र की विश्वसनीयता प्रभावित होती है। इसलिए सुधार भी उतने ही व्यापक होने चाहिए जितनी बड़ी यह चुनौती है।

नए शिक्षा मंत्री का कार्यकाल नई संभावनाओं का अवसर लेकर आया है। किंतु देश के करोड़ों विद्यार्थियों की वास्तविक अपेक्षा किसी चेहरे के परिवर्तन से अधिक व्यवस्था में सुधार की है।

परीक्षा प्रणाली की निष्पक्षता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता ही वह आधार है जिस पर शिक्षा व्यवस्था का भविष्य टिका है। यदि संस्थागत सुधार प्रभावी ढंग से लागू होते हैं, दोषियों के विरुद्ध निष्पक्ष कार्रवाई होती है और प्रत्येक परीक्षा पारदर्शी ढंग से संपन्न होती है, तो समय के साथ छात्रों का विश्वास अवश्य मजबूत होगा।

अंततः लोकतंत्र में सबसे बड़ी सफलता पद परिवर्तन नहीं, बल्कि व्यवस्था में ऐसा सुधार है जिसे विद्यार्थी अपनी मेहनत, अपने परिणाम और अपने भविष्य में महसूस कर सकें।

*(ये लेखक के निजी विचार हैं।)*

# विदेश जाने वाले कामगारों के सुरक्षित प्रवासन पर सरकार का फोकस

विदेशों में रोजगार के लिए जाने वाले बिहार के कामगारों के सुरक्षित और सुव्यवस्थित प्रवासन को सुनिश्चित करने की दिशा में बिहार सरकार ने महत्वपूर्ण पहल की है। युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत बिहार राज्य समुद्रपार नियोजन ब्यूरो की ओर से गत दिनों नियोजन भवन स्थित प्रतिबिंब सभागार में प्रस्थान पूर्व उन्मुखीकरण प्रशिक्षण (पीडीओटी) प्रशिक्षक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

राज्य सरकार की प्राथमिकता बिहार के युवाओं को सुरक्षित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण विदेशी रोजगार उपलब्ध कराना है, ताकि वे वैश्विक स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए राज्य के आर्थिक विकास में भी योगदान दे सकें। विदेशों में रोजगार उपलब्ध कराने वाली अधिकृत नियोक्ता एजेंसियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए, जिससे युवाओं को सुरक्षित माध्यम से रोजगार के अवसर मिल सकें।

कार्यशाला में प्रशिक्षकों को विदेश जाने वाले श्रमिकों के लिए प्रस्थान पूर्व आवश्यक तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसमें कार्यस्थल पर अधिकार एवं दायित्व, संबंधित देशों के श्रम कानून, स्थानीय संस्कृति एवं सामाजिक रीति-रिवाज, सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश तथा विदेश में आने वाली चुनौतियों से निपटने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान ई-माइग्रेंट पोर्टल एवं विदेश मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट के उपयोग, प्रशिक्षक एवं संस्थान लॉग-इन प्रक्रिया, श्रमिकों के पंजीकरण, डाटा एंट्री तथा बैच प्रबंधन की प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई। साथ ही आवश्यक दस्तावेज, आपातकालीन संपर्क नंबर, भारतीय दूतावास की भूमिका और सहायता प्राप्त करने के लिए उपलब्ध ऑनलाइन पोर्टलों के उपयोग से भी प्रशिक्षकों को अवगत कराया गया।

अधिकारियों ने बताया कि पीडीओटी प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रशिक्षकों को इस प्रकार तैयार करना है कि वे विदेश में रोजगार के इच्छुक युवाओं को सुरक्षित, व्यवस्थित और सफल प्रवास के लिए प्रभावी मार्गदर्शन दे सकें तथा उन्हें किसी भी प्रकार की ठगी या कठिनाई से बचाया जा सके।

# गोल्डन एरोज स्क्वॉड्रन की अनकही सच्ची कहानी पर आधारित ‘ऑपरेशन सफेद सागर’ 7 अगस्त से नेटफ्लिक्स पर होगी रिलीज

## जब नामुमकिन लगने वाला मिशन हकीकत बना : नेटफ्लिक्स ने ‘ऑपरेशन सफेद सागर’ का दमदार ट्रेलर जारी किया

**साल 1999** की गर्मियों में कारगिल युद्ध अपने चरम पर था। पाकिस्तान की सेना ने ऊंचे और बेहद कठिन पहाड़ी इलाकों में कई महत्वपूर्ण ठिकानों पर कब्जा कर लिया था। ऐसे मुश्किल समय में भारतीय सेना के सामने बड़ी चुनौती खड़ी हो गई थी। जैसे-जैसे युद्ध की स्थिति गंभीर होती गई, भारतीय वायु सेना को भी इस इस मिशन में मदद के लिए आगे बुलाया गया। वास्तविक घटनाओं पर आधारित इसी अध्याय से ‘ऑपरेशन सफेद सागर’ की शुरुआत हुई।

यह एक ऐतिहासिक और बेहद ऊंचाई वाले क्षेत्र में चलाया गया हवाई अभियान था, जिसने पूरे युद्ध की दिशा बदलने में अहम भूमिका निभाई और भारत के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय साबित हुआ। यह दुनिया का सबसे ऊंचाई पर किया गया हवाई अभियान था।

नेटफ्लिक्स ने अपनी भव्य सैन्य ड्रामा सीरीज ‘ऑपरेशन सफेद सागर’ का ट्रेलर जारी किया। यह सीरीज कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय वायु सेना की अहम भूमिका से जुड़ी एक सच्ची घटना पर आधारित है। इसमें गोल्डन एरोज स्क्वॉड्रन की अब तक सामने न आई कहानी दिखाई गई है। इस स्क्वॉड्रन के साथ भारतीय वायु सेना, नौसेना और थल सेना के कई जवानों ने देश की सेवा के लिए बहादुरी से इस मिशन को पूरा किया था।

इस सीरीज का निर्देशन ओनी सेन ने किया है। इसे अभिजीत सिंह परमार और कुशल श्रीवास्तव ने बनाया है। इस सीरीज का निर्माण मैचबक्स शॉट्स एलएलपी के संजय रौत्रे और सरिता पाटिल तथा फील गुड फिल्म्स के मेहबूब पाल सिंह बराड़ ने किया है।

सीरीज में सिद्धार्थ, जिमी शेरगिल, अभय वर्मा, दिया मिर्जा, प्राजक्ता कोली, आदिल हुसैन, मिहिर आहूजा, तारुक रैना, अर्नव भसीन और अमृता बागची मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे।

इस सीरीज के लिए गहराई से रिसर्च किया गया है। भारतीय वायु सेना के पूर्व अधिकारियों से सीधे बातचीत कर महत्वपूर्ण जानकारी जुटाई गई है। सीरीज की शूटिंग भारतीय वायु सेना के वास्तविक ऑपरेशनल बेस पर की गई है। इसके अलावा असली वायु सेना के विमानों और अन्य सुविधाओं का इस्तेमाल करने का मौका भी मिला। ऊं चे पहाड़ी इलाकों में कठिन परिस्थितियों में शूटिंग करके इस सीरीज में मिशन की विशालता, चुनौती और रोमांच को बेहद वास्तविक तरीके से दिखाने की कोशिश की गई है।

इस कहानी के केंद्र में गोल्डन एरोज स्क्वॉड्रन और भारत के युवा फाइटर पायलट की टीम हैं। इस स्क्वॉड्रन का नेतृत्व विंग कमांडर बीएस धनोआ टोनी (जिमी शेरगिल) करते हैं, जबकि स्क्वॉड्रन लीडर अजय आहूजा (सिद्धार्थ) उनका साथ देते हैं।

जब कारगिल के पहाड़ी इलाकों में युद्ध का खतरा बढ़ रहा था और मिशन और भी खतरनाक होता जा रहा था, तब अजय आहूजा और उनके युवा अधिकारी फ्लाइंग ऑफिसर आरएस धालीवाल धाली (अभय वर्मा), फ्लाइंग अफिसर सीएच बाल रेड्डी बाल्डी (मिहिर आहूजा), फ्लाइट लेफ्टिनेंट जितेंद्र सांगवान सैंगी (तारुक रैना) और फ्लाइंग ऑफिसर अमित गुप्ता गूफी (अर्नव भसीन) को बेहद मुश्किल परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। देश की सेवा के अपने कर्तव्य को निभाते हुए उन्हें ऐसे फैसले लेने पड़े, जिनमें उनकी जान का जोखिम भी शामिल था।




यह सीरीज सिर्फ युद्ध के मैदान में जवानों की बहादुरी नहीं दिखाती, बल्कि उनके परिवारों और वायु सेना अधिकारियों की पत्नियों के भावनात्मक संघर्ष को भी सामने लाती है। वर्दी पहनकर देश की सेवा करने वाले जवानों के पीछे मजबूती से खड़े रहने वाले इन परिवारों का प्यार, त्याग और शांत साहस, मुश्किल समय में हवाई योद्धाओं की ताकत बना। इसे भी सीरीज में प्रभावी तरीके से दिखाया गया है। इस कहानी को और ज्यादा वास्तविक बनाने के लिए निर्माताओं ने इस मिशन से जुड़े परिवारों से भी बातचीत की। इससे युद्ध के पीछे छिपे भावनात्मक पहलुओं, संघर्ष और बलिदान को दर्शकों के सामने बेहतर तरीके से पेश किया गया है।

मोनिका शेरगिल, वाइस प्रेसिडेंट कंटेंट, नेटफ्लिक्स इंडिया ने कहा, कुछ कहानियां ऐसी होती हैं, जिन्हें दुनिया के सामने लाने का मौका मिलना गर्व की बात होती है और ‘ऑपरेशन सफेद सागर’ ऐसी ही एक कहानी है। कारगिल युद्ध में भारतीय वायु सेना की महत्वपूर्ण भूमिका को पर्दे पर लाना भारत में हमारे अब तक के सबसे बड़े और महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट्स में से एक है। भारतीय वायु सेना के महत्वपूर्ण सहयोग के कारण ही यह संभव हो पाया। हमारे बेहतरीन कलाकारों से लेकर भारतीय तकनीकी टीम, वीएफएक्स टीम और पूरी प्रोडक्शन टीम ने इस कहानी को वास्तविक और प्रभावशाली बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह भारत की रचनात्मक प्रतिभा का एक शानदार उदाहरण है।

इस सीरीज के लिए युवा निर्माताओं अभिजीत परमार और कुशल श्रीवास्तव तथा निर्देशक ओनी सेन के विजन के साथ काम करना हमारे लिए गर्व की बात है। उन्होंने शुरुआत से ही इस सीरीज को शानदार तरीके से तैयार किया। साथ ही, मैचबॉक्स शॉट्स के साथ एक बार फिर ऐसी प्रभावशाली कहानी बनाने का मौका मिलना हमारे लिए खुशी की बात है। हमें उम्मीद है कि दर्शक इस सीरीज में सिर्फ इसकी भव्यता ही नहीं, बल्कि इसके केंद्र में मौजूद साहस, बलिदान और देशभक्ति की भावना को भी महसूस करेंगे।

इस कहानी को पर्दे पर लाने के अनुभव को साझा करते हुए ‘ऑपरेशन सफेद सागर’ के निर्देशक ओनी सेन ने कहा, शुरुआत से ही हमारा प्रयास था कि हम ‘ऑपरेशन सफेद सागर’ की कहानी को पूरी ईमानदारी, बड़े स्तर और भावनाओं की सच्चाई के साथ के सामने पेश करें। यह मिशन जितना ऐतिहासिक है, उतने ही प्रेरणादायक इसमें शामिल पायलट, अधिकारी और उनके परिवार भी हैं। उनका साहस, संघर्ष और बलिदान आज भी हमें प्रेरणा देता है। हम नेटफ्लिक्स के बेहद आभारी हैं कि उन्होंने शुरुआत से ही इस कहानी पर विश्वास किया और हमारे विजन को पूरा समर्थन और भरोसा दिया। वे हमारे लिए एक सच्चे रचनात्मक साझेदार रहे, जिन्होंने इस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने में हमारा साथ दिया और हमें इस कहानी को उसकी वास्तविकता, महत्वाकांक्षा और भव्यता के साथ पेश करने की पूरी आजादी दी। मैं फील गुड फिल्म्स, मैचबॉक्स शॉट्स जैसे निर्माताओं, हमारे सभी कलाकारों और पूरी तकनीकी टीम का आभारी हूं। उनकी मेहनत, समर्पण और लगन से इन असली नायकों की कहानी को सच्चाई और भावनाओं के साथ पर्दे पर उतारा जा सका। हमें उम्मीद है कि यह सीरीज उन बहादुर जवानों के साहस और बलिदान के लिए एक सच्ची श्रद्धांजलि साबित होगी और दुनियाभर के दर्शकों को उनकी प्रेरणादायक यात्रा से जोड़ने में सफल होगी।

इस सीरीज के बारे में बात करते हुए भारतीय वायु सेना के पूर्व प्रमुख एयर चीफ मार्शल (रिटायर्ड) बीएस धनोआ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने विचार साझा किए। प्रेस कन्फ्रेंस में एयर चीफ मार्शल (रिटायर्ड) बीएस धनोआ द्वारा दिया गया आधिकारिक बयान यहां शामिल किया जाएगा।

आसमान में दिखाए गए साहस, युद्धभूमि पर दिए गए बलिदान और नामुमकिन लगने वाली चुनौतियों को पार करने वाली एक ऐतिहासिक मिशन की यह कहानी है। ‘ऑपरेशन सफेद सागर’ सीरीज भारत के इतिहास के ऐसे अध्याय को दर्शकों के सामने लेकर आ रही है, जिसे इससे पहले इस तरह कभी प्रस्तुत नहीं किया गया।

**‘ऑपरेशन सफेद सागर’** का प्रीमियर 7 अगस्त को सिर्फ नेटफ्लिक्स पर होगा।

**क्रेडिट्स, निर्माता और शो रनर** : अभिजीत सिंह परमार, कुशल श्रीवास्तव। **निर्देशक** : ओनी सेन। **लेखक** : संदीप जैन, निखिल रवि, बरुण कश्यप। **निर्माण** : मैचबॉक्स शॉट्स एलएलपी और फील गुड फिल्म्स । **मुख्य कलाकार** : सिद्धार्थ, जिमी शेरगिल, अभय वर्मा, दिया मिर्जा, प्राजक्ता कोली, आदिल हुसैन, मिहिर आहूजा, तारुक रैना, अर्नव भसीन और अमृता बागची ।

# उन्नत शिक्षा उज्ज्वल भविष्य की संकल्पना को साकार करने में महत्वपूर्ण पहल

**बिहार सरकार** विद्यार्थियों को घर के पास ही प्लस टू तक की बेहतरीन शिक्षा उपलब्ध कराएगी। अब उन्हें अच्छी शिक्षा पाने के लिए किसी सुदूर स्थान नहीं जाना पड़ेगा। साथ ही विद्यार्थियों को इन्हीं मॉडल विद्यालयों में नीट और जेईई की भी तैयारी कराई जाएगी। इसके लिए राज्य सरकार सभी प्रखंडों में सरस्वती विद्या निकेतन के नाम से मॉडल स्कूल की शुरुआत कर दी है।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने सात निश्चय-3 (2025-30) के अंतर्गत उन्नत शिक्षा उज्ज्वल भविष्य की संकल्पना को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल की है। सरकार की यह प्रतिबद्धता है कि प्रदेश का हर बच्चा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करें, सरस्वती विद्या निकेतन इस दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

बिहार सरकार की यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के पूर्णतः अनुरूप है। इसके तहत राज्य सरकार के स्तर से बिहार के सभी जिला स्कूलों और प्रत्येक प्रखण्ड में अवस्थित एक-एक उच्च माध्यमिक विद्यालय को मिलाकर कुल 544 विद्यालयों को सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) के रूप में विकसित किया गया है। इसके अतिरिक्त पूर्व से संचालित 155 राजकीय एवं राजकीयकृत विद्यालयों को भी इसी योजना के अंतर्गत उन्नत किया जाएगा, जो राज्य की शिक्षा प्रणाली में एक नई क्रांति का सूत्रपात करेगा।

सरस्वती विद्या निकेतन योजना न केवल विद्यालयों के भौतिक उन्नयन की बात करती है, बल्कि शिक्षण की गुणवत्ता, डिजिटल एकीकरण एवं कौशल विकास को भी उतनी ही प्राथमिकता देती है।

शिक्षा विभाग मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार को देश का शिक्षा मॉडल राज्य बनाने की ओर राज्य सरकार निरंतर अग्रसर है। आदर्श विद्यालय का उद्देश्य माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर पर गुणवत्तापूर्ण, समावेशी एवं नवाचार आधारित शिक्षा प्रदान करना है, ताकि राज्य में एक ऐसा सार्वजनिक विद्यालय विकसित किया जा सके, जो शैक्षणिक उत्कृष्टता का मानक राज्य के साथ-साथ देश में स्थापित कर सके।

इन मॉडल स्कूलों में बेहतर शिक्षण के लिए विज्ञान प्रयोगशाला, आईसीटी लैब, पुस्तकालय, डिजिटल स्क्रीन सहित स्मार्ट कक्षा, कोचिंग की व्यवस्था, साप्ताहिक परीक्षण द्वारा प्रगति की सतत् निगरानी, इच्छुक और जरूरतमंद छात्रों के लिए रिमेडियल कक्षाएं आदि की व्यवस्था की जायेगी।

# वर्टिकल फिल्म ‘रघु जोशी’ की शूटिंग शुरू

**बॉलीवुड** की आगामी वर्टिकल फिल्म ‘रघु जोशी’ की ऑन-लोकेशन शूटिंग और प्रेस मीट का आयोजन मुंबई के जीएम स्टूडियो में किया गया। फिल्म का निर्माण रॉकेट रील्स, डैफोडिल्स एंटरटेनमेंट और भारत श्री फिल्म्स के सहयोग से किया जा रहा है।

रॉकेट रील्स के संस्थापक क्रांति शानभाग ने बताया कि ‘रघु जोशी’ की शूटिंग शुरू होना उनके लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि कंपनी भविष्य में भी दर्शकों के लिए नई और गुणवत्तापूर्ण फिल्में लेकर आती रहेगी। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में वर्टिकल फॉर्मेट में बनाई जा रही यह फिल्म नए दौर के सिनेमा का प्रतिनिधित्व करेगी।

फिल्म के निर्माता सत्य केतु सिंह ने बताया कि फिल्म का



निर्देशन अंकुश भट्ट कर रहे हैं। फिल्म में मानसी नाइक, सुबोध भावे, तेजस्वी कश्यप और सुधीर सिंह प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। शूटिंग के पहले दिन सभी कलाकार सेट पर मौजूद रहे और उन्होंने मीडिया से बातचीत भी की।

सत्य केतु सिंह ने कहा कि आज के दौर में कंटेंट ही सबसे महत्वपूर्ण है और ‘रघु जोशी’ इसी सोच के साथ बनाई जा रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह फिल्म भारत ही नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर वर्टिकल प्लेटफर्म पर अपनी अलग पहचान बनाएगी।

प्रेस मीट में निर्माता भारत अग्रवाल सहित फिल्म से जुड़े कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजकों ने फिल्म की पूरी टीम और कलाकारों का आभार व्यक्त किया।

फिल्म के अभिनेता सुबोध भावे ने कहा कि नई टीम के साथ काम करने का अनुभव बेहद सुखद रहा। उन्होंने बताया कि वह पहली बार वर्टिकल फॉर्मेट में किसी फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं और यह उनके लिए एक नया एवं रोमांचक अनुभव है। उन्होंने रकेट रील्स के दर्शकों का भी धन्यवाद किया।

निर्माताओं ने विश्वास जताया कि ‘रघु जोशी’ दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करेगी और वर्टिकल सिनेमा के क्षेत्र में एक नई शुरुआत साबित होगी।

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम के यूनिट दैनिक नवसंदेश ( डिजिटल डेली न्यूज पेपर) स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक यू सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ , पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

## संक्षिप्त खबरें

### प्रखंड स्तरीय कैरम और शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन

**कल्याणपुर(एनएसबी)।** प्रखंड स्तरीय कैरम और शतरंज की प्रतियोगिता का आयोजन बीआरसी परिसर में किया गया। जिसका संचालन शिक्षक सुबोध कुमार ने किया। प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग के कैरम बालक वर्ग सिंगल में जीएमएस बाकरपुर के शिवम कुमार तथा बालिका में यूएमएस सिसवा बसंत की अंशुप्रिया विजेता रहे। सीनियर वर्ग में उच्च माध्यमिक विद्यालय बृन्दावन के आकाश कुमार तथा निधि कुमारी विजेता रहे। वहीं शतरंज में जूनियर वर्ग में यूएमएस कटहरिया के विपुल कुमार विजेता एवं सीनियर बालिका में उच्च माध्यमिक विद्यालय बृन्दावन के अर्चना कुमारी विजेता रहे। इन खेलो का सफल संचालन शारीरिक शिक्षक अनिल कुमार सिंह, राजेश श्रीवास्तव, एवं सर्वोतम कुमार ने किया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विनय तिवारी ने बच्चों को पुरस्त किया।उच्च माध्यमिक विद्यालय बृन्दावन के प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों के उत्ष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनायें दी।मौके पर शैलेश शरण, दिलीप कुमार सचिन्द्र कुमार, कौशल कुमार, राजा कुमार आदि शिक्षक उपस्थित थे।

### दरवाजे पर चढ़कर मारपीट कर 20 हजार लूट लिया'

**तुरकौलिया** पुलिस ने जप्त की यामाहा बाइक, तुरकौलिया चौक का है मामला तुरकौलिया(एनएसबी)। तुरकौलिया चौक के सज्जाद हुसैन के दरवाजे पर चढ़कर गाली-गलौज करने और घर में घुसकर मारपीट कर 20 हजार रुपए लूट लिया। पुलिस को आते देख बदमाश दरवाजे पर यामाहा का बाइक छोड़कर फरार हो गए। घटना को लेकर सद्दाम हुसैन ने थाना पर आवेदन देकर बसवरिया टोला के राहुल कुमार व अज्ञात को आरोपित किया है। जहां उसने बताया है कि नायज मजमा बनाकर राहुल 8-9 बदमाशो के साथ दरवाजे पर आकर गाली गलौज करने लगा। मना करने पर महिलाओं के साथ मारपीट कर घर में घुसकर बीस हजार रुपए लूट लिया। 112 पुलिस वाहन को देखते ही बाइक छोड़कर सभी भाग गए। पुलिस बाइक को थाना पर ले गई है।

### आदापुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई 4 गाय व एक बछड़ा रेस्क्यू

**मोतिहारी(एनएसबी)।** आदापुर थाना पुलिस ने पशु तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए नेपाल सीमा से तस्करी के लिए ले जाए जा रहे चार गाय एवं एक बछड़े को सुरक्षित रेस्क्यू किया है। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के ग्राम इनरवा में थानाध्यक्ष पूजा कुमारी के नेतृत्व में छापेमारी के दौरान की गईस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक विधि-विरुद्ध बालक, जिसकी पहचान राजा हुसैन के रूप में हुई है, को निरुद्ध किया। वहीं, मौके से फरार हुए दो अन्य संदिग्ध तस्करों की पहचान कर ली गई है। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।थानाध्यक्ष पूजा कुमारी ने बताया कि पशु तस्करी के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया अपनाते हुए अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### सर्पदंश से एक महिला की मौत

**पिपरा(एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के जहिंगरा गांव में सर्पदंश से एक 40 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान विनोद महतो की पत्नी सीमा देवी (40 वर्ष) के रूप में की गई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है।मिली जानकारी के अनुसार, महिला अपने घर में सो रही थी जिसे बीती रात किसी जहरीले सांप ने डस लिया था। तबीयत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए मुजफ्फरपुर ले गए। जहां डक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

### पुलिस वाहन को देखते ही बाइक छोड़कर बदमाश फरार

**तुरकौलिया** पुलिस ने जप्त की यामाहा बाइक, तुरकौलिया चौक का है मामला तुरकौलिया(एनएसबी)। तुरकौलिया चौक के सज्जाद हुसैन के दरवाजे पर चढ़कर गाली-गलौज करने और घर में घुसकर मारपीट कर 20 हजार रुपए लूट लिया। पुलिस को आते देख बदमाश दरवाजे पर यामाहा का बाइक छोड़कर फरार हो गए। घटना को लेकर सद्दाम हुसैन ने थाना पर आवेदन देकर बसवरिया टोला के राहुल कुमार व अज्ञात को आरोपित किया है। जहां उसने बताया है कि नायज मजमा बनाकर राहुल 8-9 बदमाशो के साथ दरवाजे पर आकर गाली गलौज करने लगा। मना करने पर महिलाओं के साथ मारपीट कर घर में घुसकर बीस हजार रुपए लूट लिया। 112 पुलिस वाहन को देखते ही बाइक छोड़कर सभी भाग गए। पुलिस बाइक को थाना पर ले गई है।

# जागृत युवा शक्ति द्वारा विकसित भारत का स्वरुप होगा साकार : प्रवीर कुमार

**मोतिहारी(एनएसबी)।** रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में ष्युवा सम्मेलनष कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय चरखा पार्क में किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ-उत्तर बिहार के सह प्रांत प्रचारक मान्यवर प्रवीर कुमार जी बौद्धिककर्ता के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ एक घंटे की शाखा लगाकर हुआ,उसके बाद बौद्धिक और जिज्ञासा समाधान हुआ।

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व, सामाजिक समरसता,पर्यावरण संरक्षण,स्वदेशी भावना तथा नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता का विकास करना थास अपने प्रेरक ओधन में प्रवीर जी ने कहा कि वर्तमान समय केवल अधिकारों की चर्चा का नहीं,बल्कि कर्तव्यों के निर्वहन का भी है। उन्होंने कहा कि आज पर्यावरण संकट, सांस्तिक चुनौतियाँ, सामाजिक विघटन और नागरिक दायित्वों के प्रति उदासीनता जैसी समस्याएँ विश्व के समक्ष गंभीर प्रश्न बनकर खड़ी हैं। इन चुनौतियों का समाधान केवल नीतियों से नहीं, बल्कि जागरूक एवं उत्तरदायी नागरिकों से संभव है। इसी उद्देश्य से पंच परिवर्तन अभियान समाज में



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

कर्तव्यबोध,आत्मानुशासन और सकारात्मक सामाजिक सहभागिता का वातावरण निर्मित कर रहा है। इस प्रकार भारत आज विश्व में एक नई शक्ति के रूप में उभर रहा है और इस परिवर्तन के केंद्र में युवा शक्ति की निर्णायक भूमिका है। उन्होंने कहा कि यदि युवा अपने जीवन में संस्कार, अनुशासन, सेवा और राष्ट्रभाव को अपनाएँ, तो विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य शीघ्र ही साकार हो सकता है।उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा समाज जीवन में चलाए जा रहे ष्पंच परिवर्तनष अभियान का विस्तार से उल्लेख करते हुए कहा कि यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन का व्यापक जनआंदोलन है। पंच परिवर्तन के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी स्वाभिमान, परिवार एवं समाज समन्वय, नागरिक कर्तव्य तथा सामाजिक समरसता जैसे पाँच आयाम भारतीय समाज को अधिक सशक्त, संगठित और संस्कारित बनाने का माध्यम हैं। जिला प्रचारक शिवम् सोनू ने कहा कि राष्ट्र निर्माण किसी एक संस्था,सरकार या व्यक्ति का कार्य नहीं,बल्कि प्रत्येक जागरूक नागरिक की साझा जिम्मेदारी है। जब युवा अपने जीवन में कर्तव्य,चरित्र और राष्ट्रभाव को सर्वोच्च स्थान देंगे,तब भारत विश्व में केवल शक्तिशाली ही नहीं,बल्कि नैतिक नेतृत्व प्रदान करने वाला राष्ट्र भी बनेगास मौके पर मनोज क्याल,संजीव कुमार,गुलशन कुमार,अबोध कुमार,ड़अरुण कुमार,ष्ण कुमार,अरुण श्रीवास्तव,कुशांक,वेद प्रकाश पाण्डेय, डअनीष ,प्रिंस,गौतम, सुधांशु, विजय कुमार सहित नगर के 347 युवाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## स्वास्थ्य शिविर में 42 लोगों की डायबिटीज एवं 42 मरीजों की नेत्र जांच

**मोतिहारी(एनएसबी)।** सामाजिक सेवा के अपने संकल्प को आगे बढ़ाते हुए ईस्ट चम्पारण लायन्स क्लब ने जिले के नागरिकों के लिए नियमित स्वास्थ्य सेवा अभियान की शुरुआत की है। क्लब के तत्वावधान में वर्ष 2026-27 के पूरे सत्र के दौरान प्रत्येक रविवार को निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद पहचान शिविर तथा डायबिटीज जांच शिविर का आयोजन किया जाएगास इस क्रम में रविवार को सुबह 7रू00 बजे से 11रू00 बजे तक लाइव केयर डायगोस्टिक में लायन सदस्य पंकज कुमार के सहयोग से निःशुल्क डायबिटीज जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 42 लोगों की मधुमेह (डायबिटीज) जांच की गई तथा सभी को उनकी जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराते हुए आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गयास इसके बाद द मोतिहारी आई हस्पिटल में लायन सदस्य एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ ड़ अभिनव दीपांकर के सहयोग से सुबह 11रू00 बजे से दोपहर 4रू00 बजे तक निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद पहचान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 48 मरीजों की नेत्र जांच की गई तथा उन्हें आंखों की देखभाल, मोतियाबिंद की पहचान एवं आवश्यक उपचार संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई।क्लब के अध्यक्ष लायन इ़ सुधांशु सिन्हा ने कहा कि कई गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की आंखों की रोशनी धीरे-धीरे कम होने लगती है, लेकिन समय पर जांच नहीं होने के कारण बीमारी गंभीर हो जाती है। इसलिए क्लब ने पूरे सत्र में प्रत्येक रविवार को यह निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद पहचान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि आंखों से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या होने पर शिविर में आकर निःशुल्क जांच का लाभ उठाएंस क्लब के सचिव रिजू कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि मधुमेह के मरीज प्रत्येक रविवार आयोजित निःशुल्क डायबिटीज जांच शिविर में पहुंचकर अपनी नियमित जांच कराएं। उन्होंने कहा कि ईस्ट चम्पारण लायन्स क्लब मानवता की सेवा के लिए सदैव समर्पित है।उक्त दोनों जांच शिविर में लायन मनोज जायसवाल, महेशचंद्र लाल, सुधांशु रंजन,अशोक जायसवाल, सुजीत कुमार सिंह, चंदन कुमार, रामप्रकाश सिन्हा, सुधीर गुप्ता, आदित्य कुमार सिंह, राजू सहारा, मनीष झा एवं अन्य लायन सदस्य उपस्थित रहे। उक्त सारी जानकारी मीडिया प्रभारी सुधीर गुप्ता ने दी।


शिविर में स्वास्थ्य जांच कराते लोग।

## 70वीं बीपीएससी में सफल अभ्यर्थियों के सम्मान में सम्मान समारोह आयोजित

**मोतिहारी(एनएसबी)।** अनुसूचित जाति एवं जनजाति कर्मचारी संघ, पूर्वी चंपारण तथा अंबेडकर कल्याण समिति, पूर्वी चंपारण के संयुक्त तत्वावधान में 70वीं बिहार लोक सेवा आयोग (ठच्ैब्) परीक्षा में उत्ष्ट सफलता प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों के सम्मान में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गयास समारोह में 70वीं बीपीएससी परीक्षा में उप पुलिस अधीक्षक (क्ैच्) पद पर चयनित मंटू कुमार, पूजा कुमारी तथा कुंदन कुमार निराला को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चि प्रदान कर सम्मानित किया गया। विकास कुमार (ठक्व्), अमित कुमार (ज्ब्), कुन्दन कुमार (त्व्), विवेक कुमार (त्क्व्) और अनिल कुमार (लेखा पदाधिकारी) सहित अन्य ने अपनी सफलता के अनुभव साझा किए तथा ठच्ैब् की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को उपयोगी सुझाव दिए।संघ की ओर से सभी सफल अभ्यर्थियों को विद्युत् विभाग के एसडीओ ऋतिक रंजन सहित अनेक लोगों ने अंगवस्त्र, पुष्पमाला एवं स्मृति-चि देकर सम्मानित कियास कार्यक्रम में उपस्थित राजू बैठा प्रदेश सचिव मुखिया महासंघ बिहार ने कहा कि इन प्रतिभाशाली युवाओं की सफलता समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। कठिन परिश्रम, लगन और ढ़ संकल्प के बल पर इन्होंने जो उपलब्धि हासिल की है, वह पूर्वी चंपारण सहित पूरे राज्य के युवाओं को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैस वक्ताओं ने यह भी कहा कि समाज के होनहार युवाओं को सम्मानित करने का उद्देश्य उनकी उपलब्धियों का गौरव बढ़ाना तथा नई पीढ़ी में शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं एवं प्रशासनिक सेवाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये सभी सफल अधिकारी अपने दायित्वों का ईमानदारी एवं निष्पक्षता के साथ निर्वहन करते हुए समाज और राष्ट्र की सेवा करेंगेस समारोह के अंत में सभी सफल अभ्यर्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी गई तथा उनके उत्ष्ट योगदान की कामना की गई। कार्यक्रम का संचालन चतुर्भुज बैठा सचिव अनुसूचित जाति एवं जनजाति कर्मचारी संघ एवं अंबेडकर कल्याण समिति ने किया इस अवसर पर गोपाल ष्ण प्रसाद क्व्,शिक्षा विभाग, सुरेंद्र बैठा, सुशील कुमार, मुन्ना राम, ष्ण कुमार पासवान, रमेश राम, शून्य देव पासवान, अशोक हजरा ,डा डी नारायण, सकल देव राम, राजेश राम, साहेब बैठा, जितेन्द्र राम, दीपक पासवान, ओमप्रकाश कुमार सहित पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों, युवाओं एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रहीस कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव ने किया।


सम्मान समारोह में मौजूद अधिकारीगण।

## मेडिकल कॉलेज के लिए भूमि हस्तांतरण का विरोध तेज किसानों ने बनाई 26 सदस्यीय संघर्ष समिति

**पीपराकोठी(एनएसबी)।** मेडिकल कलेज के लिए प्रस्तावित भूमि हस्तांतरण को लेकर विरोध तेज हो गया है। अंचल कार्यालय द्वारा रैयतों और दावेदारों को जारी दावा-आपत्ति नोटिस के खिलाफ रविवार को पैक्स अध्यक्ष राजेश प्रसाद कुशवाहा की अध्यक्षता में किसानों की बैठक हुई। बैठक में किसानों ने प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए इसे गरीब और मध्यवर्गीय किसानों की आजीविका पर सीधा प्रहार बताया। बैठक में किसानों का कहना था कि पीपराकोठी में बिहार सरकार के पास लगभग 400 एकड़ भूमि है, जिसमें करीब 100 एकड़ पर पहले से विभिन्न सरकारी कार्यालय और संस्थान संचालित हैं। इसके बावजूद लगभग 300 एकड़ सरकारी भूमि उपलब्ध रहने के बाद भी 25 एकड़ किसानों की बकास्त भूमि को मेडिकल कलेज के लिए हस्तांतरित करने की प्रक्रिया शुरू करना उचित नहीं है। किसानों ने आरोप लगाया कि इससे उनकी खेती और रोजी-रोटी पर संकट खड़ा हो जाएगा।बैठक के बाद अंचलाधिकारी को संबोधित एक आवेदन तैयार किया गया, जिसमें भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया रोकने की मांग की गई। साथ ही आंदोलन को संगठित रूप देने के लिए 26 सदस्यीय संघर्ष समिति का गठन किया गया।समिति में पैक्स अध्यक्ष राजेश प्रसाद कुशवाहा को अध्यक्ष, सरपंच मनोज कुमार को उपाध्यक्ष, सुरेंद्र नारायण सिंह को सचिव, अरुण कुमार कुशवाहा को सहसचिव, पंचायत समिति सदस्य रीतज कुमार को कोषाध्यक्ष तथा जितेंद्र नारायण सिंह को सह-कोषाध्यक्ष बनाया गया।इसके अलावा ड. जयप्रकाश नारायण सिंह, ददन शर्मा, सुनील गुप्ता, अनिल गुप्ता, रंजन गुप्ता, अशोक जायसवाल, मनोरंजन सिंह, मनोज यादव, रामशीष महतो, अवध महतो सहित 21 लोगों को सदस्य बनाया गया। बैठक में मौजूद किसानों ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की भूमि का अधिग्रहण या हस्तांतरण वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों का वे विरोध नहीं करते, लेकिन किसानों की जमीन छीनकर विकास स्वीकार्य नहीं होगा।

## हिंदू अध्ययन में पीजी प्रवेश का अंतिम अवसर, 80 प्रतिशत सीटें भर चुकीं

**मोतिहारी(एनएसबी)।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के संस्त विभाग के अंतर्गत संचालित एम़ए़ (हिंदू अध्ययन) पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए इच्छुक विद्यार्थियों के पास अब अंतिम अवसर शेष है। पाठ्यक्रम प्रारंभ होने के एक सप्ताह के भीतर ही लगभग 80 प्रतिशत सीटें भर चुकी हैं, जो इस पाठ्यक्रम के प्रति विद्यार्थियों की बढ़ती रुचि को दर्शाता है।संस्त विभागाध्यक्ष प्ऱो प्रसून दत्त सिंह ने बताया कि हिंदू अध्ययन के तकोत्तर पाठ्यक्रम में अब केवल कुछ ही सीटें रिक्त हैं। उन्होंने कहा कि यह पाठ्यक्रम रोजगार की संभावनाओं के साथ-साथ भारतीय ज्ञान परंपरा, जीवन मूल्यों, आचार-विचार एवं व्यक्तित्व विकास की ष्टि से भी अत्यंत उपयोगी है। इसके अध्ययन से विद्यार्थी न केवल अपने व्यक्तित्व का समग्र विकास कर सकते हैं, बल्कि परिवार, समाज, राष्ट्र और विश्व के प्रति सकारात्मक योगदान देने की ष्टि भी विकसित कर सकते हैं।उन्होंने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया 31 जुलाई 2026 तक निर्धारित है, किंतु जिस गति से नामांकन हो रहे हैं, उसे देखते हुए शेष सीटें इससे पहले भी भर सकती हैं। ऐसे में इच्छुक छात्र-छात्राओं से आग्रह है कि वे 27 जुलाई 2026 को महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के गांधी भवन, बनकट परिसर स्थित संस्त विभाग में उपस्थित होकर अपनी सीट सुनिश्चित कर लें। प्ऱो प्रसून दत्त सिंह ने सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वविद्यालय में उनका स्वागत किया तथा हिंदू अध्ययन में उच्च शिक्षा को विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरा अवसर बताया।


प्ऱो प्रसून दत्त सिंह।

# क्षत्रिय संघ की मासिक बैठक सिहुलिया में संपन्न, 7 सदस्यीय एडहक कमेटी गठित संगठन की मजबूती, शिक्षा और सामाजिक एकता पर वक्ताओं ने दिया बल

**मोतिहारी(एनएसबी)।** क्षत्रिय संघ, मोतिहारी विधानसभा (पूर्वी चम्पारण) की मासिक बैठक रविवार को मोतिहारी के समीप स्थित सिहुलिया गांव निवासी आशीर्वाद सिंह के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में संगठन के विस्तार, सामाजिक एकता तथा शिक्षा के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही संगठन को गांव-गांव तक मजबूत बनाने के उद्देश्य से सात सदस्यीय एडहक कमेटी का गठन किया गयास बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष व सदर अस्पताल, मोतिहारी में आयुष्मान भारत योजना के नोडल पदाधिकारी एवं वरिष्ठ चिकित्सक ड़ नागमणि सिंह ने कहा कि किसी भी सशक्त समाज की नींव आपसी विश्वास, भावनात्मक जुड़ाव और पारिवारिक भावना पर टिकी होती है। उन्होंने कहा कि जब समाज के लोग एक परिवार की तरह जुड़ेंगे, तभी एक मजबूत संगठन का निर्माण संभव होगा। इसी उद्देश्य से क्षत्रिय समाज को भावनात्मक रूप से जोड़ने का अभियान चलाया जा रहा है।बैठक में वक्ताओं ने संगठनात्मक मजबूती पर बल देते हुए कहा कि समाज को शिक्षा, जागरूकता और एकजुटता के माध्यम से आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि संगठित समाज ही अपनी बात प्रभावी ढंग से शासन-प्रशासन तक पहुंचा सकता है तथा समाजहित से जुड़े मुद्दों पर सकारात्मक भूमिका निभा सकता है।अवकाश प्राप्त सब इंस्पेक्टर उमाशंकर सिंह ने कहा कि ष्एकता में ही बल है। एक रहेंगे तो नेक बनेंगे।ष उन्होंने समाज के लोगों से शिक्षा, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा को अपनाते हुए संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया।बैठक में संगठन के विस्तार एवं जनसंपर्क अभियान को गति देने के लिए सात सदस्यीय एडहक कमेटी का गठन किया गया। यह कमेटी विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर लोगों को संगठन से जोड़ने तथा सामाजिक जागरूकता फैलाने का कार्य करेगीस अगली बैठक रायसिंघा में हरेंद्र सिंह के निवास पर आयोजित की जाएगीस कार्यक्रम का संचालन शिक्षाविद् विनय कुमार सिंह ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन आशीर्वाद सिंह ने कियास बैठक में मुन्ना सिंह, विश्वनाथ सिंह, पैक्स अध्यक्ष राजकुमार सिंह, कामेश्वर सिंह, अरुण कुमार सिंह, ई राजीव रंजन सिंह, ई सचिन राव चौहान सहित बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देते कार्यकारी अध्यक्ष ड नागमणि सिंह।

## संक्षिप्त खबरें

## जेडीयू के मंच से उठा बड़ा राजनीतिक संदेश! जब भी बिहार में नया जिला बनेगा, बाढ़ भी जिला बनेगा : सांसद ललन सिंह

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** विधानसभा चुनाव की आहट के बीच बाढ़ के मलाही में आयोजित जनता दल (यू) का कार्यकर्ता सम्मेलन सह पार्टी कार्यालय उद्घाटन केवल एक संगठनात्मक कार्यक्रम नहीं रहा, बल्कि इसने क्षेत्र की बदलती राजनीतिक तस्वीर के कई संकेत एक साथ सामने रख दिए। सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के भाषण से लेकर मंच पर दिखे राजनीतिक समीकरण, संभावित नए चेहरों को मिली प्रमुखता और संगठन के भीतर खुलकर सामने आई नाराजगी तकपूरे आयोजन ने यह संदेश दिया कि बाढ़ और मोकामा की राजनीति अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुकी है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद ललन सिंह ने अपने संबोधन में वर्षों पुरानी जनभावना को आवाज देते हुए कहा, ष्जब भी बिहार में नया जिला बनेगा, बाढ़ भी जिला बनेगा।ष यह घोषणा सुनते ही पूरा सभास्थल तालियों से गूंज उठा। लंबे समय से जिला बनाए जाने की मांग कर रहे लोगों के लिए यह बयान एक नए राजनीतिक संकल्प के रूप में देखा गया। हालांकि यह कब और कैसे संभव होगा, इस पर सांसद ने कोई समय-सीमा नहीं बताई, लेकिन उनके इस कथन ने स्थानीय राजनीति में नई बहस छेड़ दी है।अपने संबोधन में सांसद ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि जेडीयू की वास्तविक ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का आह्वान करते हुए विश्वास दिलाया कि बाढ़ के विकास से जुड़े प्रत्येक मुद्दे पर उनकी प्रतिबद्धता पहले की तरह आगे भी बनी रहेगी।सम्मेलन के दौरान मंच पर कई ऐसे श्य उभरे, जिन्होंने राजनीतिक विश्लेषकों का ध्यान अपनी ओर खींचा। जेडीयू के वरिष्ठ नेता शंकर सिंह और सांसद ललन सिंह का आमने-सामने आत्मीय अभिवादन केवल औपचारिकता भर नहीं माना गया। राजनीतिक गलियारों में इसे संगठन के भीतर समन्वय और बदलते समीकरणों के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। चुनावी वर्ष में मंच पर नेताओं की शारीरिक भाषा भी अक्सर राजनीतिक संदेश देती है और मलाही का मंच इससे अलग नहीं था।सबसे अधिक चर्चा उस क्षण की रही जब सांसद ललन सिंह ने मोकामा के जेडीयू विधायक अनंत कुमार सिंह के पुत्र अभिषेक कुमार सिंह तथा राजा परीक्षित को सार्वजनिक रूप से माला पहनाकर सम्मानित किया ।राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि चुनावी मौसम में मंच पर किसी युवा चेहरे को इस प्रकार प्रमुखता मिलना केवल औपचारिक सम्मान नहीं माना जाता। क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई कि क्या यह भविष्य की राजनीतिक भूमिका का संकेत है। यद्यपि पार्टी की ओर से उम्मीदवारों या चुनावी रणनीति को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई, फिर भी इस सम्मान समारोह ने अटकलों का बाजार गर्म कर दिया। कार्यक्रम की एक तस्वीर पूरे आयोजन की पहचान बन गई। मंच पर कुर्सियों से अधिक नेताओं और कार्यकर्ताओं की मौजूी ने लोगों का ध्यान खींचा। कई वरिष्ठ नेताओं को भी खड़े होकर कार्यक्रम में भाग लेना पड़ा। समर्थकों ने इसे अभूतपूर्व जनउत्साह का प्रतीक बताया, जबकि आलोचकों ने इसे मंच प्रबंधन की कमी और संगठनात्मक असंतुलन का उदाहरण बताया। यह श्य पूरे दिन चर्चा और सोशल मीडिया का विषय बना रहा।लेकिन सम्मेलन का दूसरा चेहरा भी सामने आया। जहां मंच पर शक्ति प्रदर्शन दिखाई दे रहा था, वहीं संगठन के भीतर असंतोष की आवाज भी सार्वजनिक रूप से सुनाई दी। अथमलगोला प्रखंड अध्यक्ष अनंत कुमार ने खुलकर कहा, ष्सभी प्रखंड अध्यक्षों की अवहेलना की गई है। यह कैसा जनसंवाद है, जिसमें संगठन के आधार स्तंभों को ही उचित सम्मान नहीं मिलताष उनके इस बयान ने यह संकेत दिया कि चुनावी तैयारियों के बीच संगठन के भीतर संवाद और समन्वय को लेकर असंतोष मौजूद है।सूत्रों के अनुसार, कुछ अन्य पदाधिकारियों ने भी आमंत्रण सूची, मंच संचालन, बैठने की व्यवस्था और स्थानीय कार्यकर्ताओं को पर्याप्त महत्व नहीं मिलने को लेकर नाराजगी जताई। हालांकि आयोजकों ने इसे अपेक्षा से अधिक भीड़ के कारण उत्पन्न व्यवस्थागत कठिनाई बताया और कहा कि पार्टी प्रत्येक कार्यकर्ता के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है।राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि मलाही का यह सम्मेलन कई स्तरों पर महत्वपूर्ण रहा। एक ओर सांसद ने बाढ़ को जिला बनाने के मुद्दे को फिर से राजनीतिक विमर्श के केंद्र में ला दिया, तो दूसरी ओर मंच पर सम्मानित किए गए युवा चेहरे भविष्य की संभावित चुनावी रणनीति की ओर संकेत करते दिखाई दिए। वहीं संगठन के भीतर खुलकर सामने आई नाराजगी ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि चुनावी सफलता केवल जनसमर्थन से नहीं, बल्कि संगठनात्मक एकजुटता से भी तय होगी।सम्मेलन के समापन के बाद राजनीतिक हलकों में सबसे अधिक चर्चा तीन मुद्दों की रहीबाढ़ को जिला बनाने का सार्वजनिक आश्वासन, मंच पर उभरे संभावित भविष्य के राजनीतिक चेहरे, और संगठन के भीतर उभरा असंतोष। इन तीनों संकेतों ने यह स्पष्ट कर दिया कि बाढ़ और मोकामा की राजनीति अब नए समीकरणों, नई संभावनाओं और नई चुनौतियों के दौर में प्रवेश कर चुकी है। आने वाले दिनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि मलाही के मंच से निकले ये राजनीतिक संदेश चुनावी रणभूमि में किस रूप में आकार लेते हैं।


कार्यक्रम में उपस्थित सांसद ललन सिंह।



लोगों का अभिवादन करते विधायक अनंत सिंह।

### भाजपा नेतृत्व वाली नई सरकार के सौ दिन पुरे होने के अवसर पर कांटी क्षेत्र के 40 भूमिहीनों को मिला बासिगत पर्चा

**कांटी(एनएसबी)।** कांटी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कांटी अंचल क्षेत्र के 40 भूमिहीनों परिवारों के बीच बासिगत पर्चा का वितरण क्षेत्रीय विधायक सह पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार ने शनिवार को किया। कांटी क्षेत्र के रामनाथ धमौली पूर्वी पंचायत के मधुबन गांव स्थित पंचायत सरकार भवन पर बासीगत पर्चा वितरण के लिए शिविर लगी थी। इस अवसर पर श्री कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के 100 दिन पूरे हुए हैं, उसके उपलक्ष्य में राज्य के सभी अंचलों में भूमिहीनों परिवारों के बीच सरकारी स्तर पर बासिगत पर्चा का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीएम सम्राट चौधरी के अगुवाई में प्रदेश प्रगति की राह पर निरंतर आगे बढ़ रही है। राज्य सरकार का संकल्प यह संकल्प है कि सरकार के सभी कल्याणकारी एवं विकास योजनाओं का लाभ जनता तक पहुँचे। सरकार इस दिशा में लगातार काम कर रही है।विधायक अजीत कुमार ने अपने संकल्प को दोहराते हुए कहा कि उन्होंने भी क्षेत्र की जनता के साथ जो कमिटमेंट किया है वे उसे पूरा करने के लिए निरंतर प्रयासरत है और उन्हें सरकार के सहयोग से सफलता भी मिल रही है। मौके पर एसडीपीओ पश्चमी वन सुचित्रा कुमारी, सीओ मुकेश कुमार, राजस्व कर्मचारी गौतम कुमार, रंजीत कुमार, स्थानीय समाजसेवी मनमोहन सिंह, चंचल कुमार समेत सैकड़ों लोगों उपस्थित थे।

### सीतामढ़ी के पूर्व सांसद अर्जुन राय ने राजद छोड़ी, भाजपा में होंगे शामिल

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बिहार की राजनीति में एक अहम घटनाक्रम के तहत राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता एवं सीतामढ़ी के पूर्व सांसद अर्जुन राय ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने प्रेस कन्फ्रेंस आयोजित कर अपने इस्तीफे की घोषणा की और बताया कि उन्होंने अपना इस्तीफा तथा ज्ञापन राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को सौंप दिया है। अर्जुन राय ने कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत और राजनीतिक कारणों से यह निर्णय लिया है। हालांकि उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान अपने अगले राजनीतिक कदम की भी घोषणा कर दी। उन्होंने बताया कि 27 जुलाई 2026 को बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की मौजूी में वे भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे। उनके भाजपा में शामिल होने को आगामी बिहार विधानसभा चुनाव से पहले एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम माना जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अर्जुन राय के राजद छोड़कर भाजपा में जाने से सीतामढ़ी और आसपास के क्षेत्रों की राजनीतिक समीकरणों पर असर पड़ सकता है। वहीं, उनके इस फैसले को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों की प्रतिक्रियाओं का भी इंतजार है।


राजद नेता अर्जुन राय।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानाध्यापक घनश्याम कुमार के नेतृत्व में समावेशी शिक्षा पर अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी आयोजित

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले के बिहार शिक्षा परियोजना एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी, सहरसा के निदेर्शानुसार शनिवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सुगमा में समावेशी शिक्षा हमारा हर बच्चा महत्वपूर्णष विषय पर अभिभावक-शिक्षक



संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक घनश्याम कुमार ने किया। संगोष्ठी में समावेशी शिक्षा के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रधानाध्यापक घनश्याम कुमार ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को समान अवसर प्रदान करना तथा गुणवत्तापूर्ण एवं समावेशी शिक्षा से जोड़ना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति, पढ़ाई और सर्वांगीण विकास में सक्रिय सहयोग देने का आग्रह किया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएँ, छात्र-छात्राएँ तथा अभिभावक उपस्थित रहे। संगोष्ठी का उद्देश्य विद्यालय, अभिभावकों एवं समाज के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना रहा। कार्यक्रम का समापन सभी के सहयोग एवं सहभागिता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### संतमत सत्संग में श्रद्धालुओं ईश्वर भक्ति से ही मानव जीवन का कल्याण संभवः अनुभवानंद जी महाराज

फोटो कैप्षनः 7 संतमत सत्संग में साधुसंत व ग्रामीण

सहरसा नगर (एनएसबी)। जिले के सौर बाजार प्रखंड के कांप पश्चिमी में स्व0 महेंद्र प्रसाद यादव की पांचवीं पुण्यतिथि पर एक दिवसीय संतमत सत्संग का आयोजन किया गया। आयोजकों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति में संपन्न इस कार्यक्रम में स्वामी अनुभावानंद महाराज व स्वामी ज्ञानी बाबा ने प्रवचन व भजन के माध्यम से भक्तिमय वातावरण बना दिया। वहीं स्वामी अनुभावानंद महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि संतों के बताए हुए मार्ग व पंच पाप से बचते हुए ईश्वर की भक्ति करने से ही मानव जीवन मोक्ष के प्राप्ति का मार्ग बनता है।



परम पूज्य संत सदगुरु महर्षि मेंही परमहंस जी महाराज की अमृतवाणी में है मानव सच्चे गुरु के शरण में जाकर उनके द्वारा सदयुकि जानकर भक्ति करने से ही संभव है। उन्होंने उपस्थितों से आग्रह किया कि मानव जीवन को सफल बनाने के लिए समय को अमूल्य समझे और नियमित सत्संग में आने भक्ति संभव है। वहीं स्वामी ज्ञानी बाबा ने अपने अमृत वाणी भजन से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं कार्यक्रम में कांप पूर्वी-पश्चिमी, लक्ष्मिनिया, दुःख भंजन नगर सौर बाजार, विजयपुर समेत अन्य आसपास के गांवों व स्थानीय क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। समारोह में उपस्थित श्रद्धालुओं ने संत सतगुरू महर्षि मेंही परमहंस जी महाराज के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धेय स्व. महेंद्र प्रसाद यादव की तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं उपस्थित अतिथियों ने दिवंगत महेंद्र बाबू के जीवन और समाज सेवा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे समाज के सच्चे प्रहरी थे और शिक्षा व समाजसेवा में उनका विशेष योगदान एवं विश्वास था। संतमत सत्संग के अंतर्गत श्रद्धालुओं के बीच प्रवचन एवं भजन-कीर्तन जारी रहा। स्व. महेंद्र प्रसाद यादव के ज्येष्ठ पुत्र एवं राजद पंचायती राज जिलाध्यक्ष यशवंत यादव, दूसरे पुत्र एवं पटना सचिवालय में कार्यरत जयंत कुमार, पुत्रवधू व पैक्स अध्यक्ष प्रत्याशी विभा यादव, साथ ही अनमोल यादव, अवनीश कुमार, अमरेन्द्र अमर, मिथिलेश कुमार यादव व अन्य गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का समापन आरती विनती के साथ किया गया। आयोजकों ने कहा कि दिवंगत महेंद्र बाबू की यादों को सम्मानित करने तथा उनकी शिक्षाओं को जन-जन तक पहुँचाने के लिए आने वाले वर्षों में भी इस तरह के आयोजन करते रहेंगे। जिससे पुण्य तिथि के साथ संतमत का भी प्रचार-प्रसार हो।

### सहरसा में एस्बेस्टस तोड़कर 1.25 लाख की चोरी, सीसीटीभी खंगाल रही पुलिस

**सहरसा सदर (एनएसबी)।** सदर थाना क्षेत्र स्थित नगर पालिका चैक के पास एक किराना दुकान में शनिवार रात अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर दुकान का एस्बेस्टस तोड़कर अंदर घुसे और नकदी समेत करीब सवा लाख रुपये का सामान लेकर फरार हो गए। पीड़ित दुकानदार आशीष आनंद, जो गंगजला स्थित कुंवर टोला वार्ड संख्या-32 के निवासी हैं, ने रविवार शाम सदर थाना में घटना की सूचना दी। .उन्होंने बताया कि शनिवार रात करीब 11 बजे दुकान बंद कर वह घर गए थे। रविवार सुबह लगभग 6 बजे जब वह दुकान खोलने पहुंचे, तो अंदर का सामान बिखरा देख उन्हें चोरी का पता चला। दुकानदार के अनुसार, दुकान का एस्बेस्टस टूटा हुआ था। कैश काउंटर से करीब 25 हजार रुपये नकद गायब थे। इसके अतिरिक्त, दुकान में रखे काजू, किशमिश, पान मसाला और अन्य महंगे किराना सामान भी चोरी हो गए थे। चोरी हुए सामान की अनुमानित कीमत करीब एक लाख रुपये बताई गई है, जिससे कुल चोरी लगभग 1.25 लाख रुपये की हुई है। घटना के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय निवासियों ने क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की और पुलिस से रात्रि गश्ती बढ़ाने तथा चोरों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। मामले को लेकर सदर थाना अध्यक्ष अजय कुमार पासवान ने बताया कि पुलिस को घटना की जानकारी मिल गई है। पीड़ित द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि घटनास्थल और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि चोरी में शामिल अपराधियों की पहचान कर उन्हें शीघ्र गिरफ्तार किया जा सके। पुलिस का कहना है कि तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की गहन जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को कानून के दायरे में लाया जाएगा।



# कारगिल विजय दिवस सभी देशवासियों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण दिवसः कर्नल अमित कुमार सिन्हा

### भूतपूर्व सैनिक परिषद ने मनाया 27 वां कारगिल विजय दिवस





स्मारक पर श्रद्धा सुमन अर्पित सैनिक, अन्य

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी कर्नल अमित कुमार सिन्हा के नेतृत्व में पूर्व सैनिक परिषद द्वारा रविवार को बनगांव स्थित अमर शहीद रमन कुमार झा के स्मारक पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर कारगिल विजय दिवस पर श्रद्धांजलि दी। शहीद रमन कुमार झा के पिताजी फूलकांत झा से मुलाकात कर ढाढस बधाते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। मौके पर अमित कुमार सिन्हा ने कहा कि जिला सैनिक पदाधिकारी अमित सिन्हा ने कहा कि कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिवस है। भारत में प्रत्येक वर्ष 1999 के बाद 26 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है। इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेना के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध शुरू हुआ जो 60 दिनों तक चला 26 जुलाई की दिन वीरों के अमर बलिदान के पश्चात कारगिल पर भारतीय जवानों ने विजय पताका तिरंगा को फहराया। कारगिल युद्ध के दौरान हमारे बीच रमन कुमार झा ने माँ भारती के चरणों में अपना प्राण समर्पित किया। उन्होंने कहा कि इन वीर जवानों की सम्मान में प्रति वर्ष कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया जाता है। शहीद रमन कुमार झा 14 सिख रेजीमेंट के जवान कारगिल के बटालिक सेक्टर में तैनात थे। 1 जुलाई 1996 को दुश्मनों से लड़ते-लड़ते अपने प्राणों की आहुति दी आज 26 जुलाई के दिन उनके प्रतिमा पर पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोशी प्रमंडल के तीनों जिला के सदस्य माल्यार्पण कर वीर शहीद रमन को श्रद्धांजलि दी। मौके पर कोशी प्रमंडल प्रभारी प्रवीण कुमार झा, सहरसा जिला उपाध्यक्ष दिनेश कुमार, सुपौल जिला अध्यक्ष गौतम कुमार सिंह, मधेपुरा जिला अध्यक्ष रोशन कुमार,कोषाध्यक्ष विकास कुमार मिश्रा, नोडल पदाधिकारी गुण सागर यादव, सुरेश कुमार झा, महेश मिश्रा,अनुज कुमार, मनोज कुमार मिश्रा, कृष्ण कुमार झा, सुमन कात्यायन, बम शंकर राय, एस एन जायसवाल,नवीन कुमार झा, अमोद कुमार दास, कैलाश कुमार, अमित कुमार मिश्रा, ललन कुमार तांती,प्रेम लाल यादव,सूर्य नारायण शाह, विमल पाठक सहित अन्य मौजूद रहे।

## राजमणि मां दीदी नीलम की अवतरण दिवस पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित



वृक्षारोपण शिव गुरू भाई-बहन

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** शिव शिष्यता के जननी राजमणि मां दीदी नीलम आनन्द की 74 वीं अवतरण दिवस पर शिव शिष्य हरीन्द्रानन्द फाउंडेशन के तत्वावधान में रविवार को सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों में वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण सप्ताह दिवस के तहत प्रखंड भर से पहुंचे शिव के शिष्य एवं शिष्याओं ने हाथ में पेड़ लेकर अंचल क्षेत्र के सिरवार वीरवार पंचायत अन्तर्गत गमरहो गांव का भ्रमण करते हुए पंचायत सरकार भवन परिसर में फलदार एवं औषधीय पेड़ पौधे लगाकर दीदी मां के श्लोगन सांसे हो रही है कम,आओ वृक्ष लगाए हम,का नारा दिया। वृक्षारोपण उपरांत बैठक को सम्बोधित करते गुरु भाई डोमी राम ने कहा कि शिव शिष्यता के सुत्रधार साहब हरीन्द्रानन्द जी के संवाद पर जिसने शिव को गुरु माना और इस मार्ग पर चलते जो अनुभुति शिव के शिष्यों ने प्राप्त किया उस शिष्य भाव को स्थाईत्व रखने के लिए शिव शिष्यों के द्वारा समाज में नेक कार्य किया जा रहा है। वृक्षारोपण कार्यक्रम को सम्बोधित करते सत्यनारायण चैधरी, नारायण झा, रामविलास साह, शशी यादव, चंदन मुखिया आदि ने कहा कि सचमुच में शिव हमारे गुरु हों, और मेरा यात्रा शिव की ओर हों, इसलिए हमें वही करना होगा जो साहब श्री ने हम सबों को कहा है। अन्य वक्ताओं ने कहा कि प्रदुषित पर्यावरण से समाज को बचाने के लिए फाउंडेशन का यह निर्णय आज समाज में सभी वर्गो के बीच सराहनीय कदम माना जा रहा है जिससे प्रेरित होकर आम जनमानस भी किसी आयोजन पर वृक्षारोपण को प्राथमिकता देने लगे हैं। मौके पर मुखिया बहन मोना देवी, गुरु भाई चुना झा, गुलशन राय, गजेन्द्र यादव, संजय यादव, भीम नारायण पंडित, बिमल बढ़ई,गुरु बहन इन्दु,रंजु,आदि उपस्थित थे।

## हिमाचल से घर लौट रहे बलहमपुर के युवक का शाहजहांपुर रेलवे ट्रैक किनारे घायल हालत में मिला, इलाज के दौरान हुआ मौत, गांव में पसरा मातम





इनसेट में मृतक युवक ,देखने उमड़े ग्रामीण

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले के सिमरी बख्तियारपुर थाना अंतर्गत बल्हमपुर वार्ड चार निवासी शशिभूषण कुमार की पुत्र शशिभूषण कुमार हिमाचल प्रदेश से घर लौट रहे युवक की उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। वहां रेलवे पुलिस ने युवक को रेलवे ट्रैक किनारे गंभीर हालत में पाया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है और वे उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। परिवार के अनुसार शशिभूषण हिमाचल प्रदेश में काम करता था। उसके पिता विन्देश्वरी मेहता, जो सहरसा में सब्जी बेचते हैं, ने बताया कि कुछ दिनों पहले शशिभूषण को मित्र ने 30,000 प्रतिमाह वेतन वाली नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया। इस भरोसे पर वह 14 जुलाई को अंबाला से पटना जाने वाली ट्रेन में बैठकर बिहार के लिए निकल गया। लेकिन अगले दिन से उसका संचार टूट गया। परिजन जब तक आशान्वित थे कि वह शीघ्र लौट आएगा, तभी अचानक संपर्क नहीं होने पर 17 जुलाई को सिमरी बख्तियारपुर थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई गई। मिली जानकारी के अनुसार शाहजहांपुर जीआरपी थाना प्रभारी राहुल आर्य ने बताया कि 23 जुलाई को शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन से लगभग 20 किलोमीटर दूर तैलिया स्टेशन के पास दक्षिण दिशा की ओर एक अज्ञात युवक रेलवे ट्रैक किनारे गंभीर रूप से घायल मिले। आरपीएफ की मदद से उसे शाहजहांपुर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां 23 जुलाई 2026 की शाम लगभग 7 बजे उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। 24 जुलाई को यूपी पुलिस की सूचना पर परिजन शाहजहांपुर पहुंचे। जीआरपी थाने में दिखाई गई तस्वीर से परिजनों ने शशिभूषण की शिनाख्त की। इसके बाद पोस्टमार्टम की औपचारिकताएं पूरी कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। मृतक की माता रंजन देवी और बड़ी बहन गहरे शोक में हैं। परिजन सवाल कर रहे हैं कि समय पर बेहतर इलाज मिलने पर शशिभूषण की जान बच सकती थी। परिवार का दावा है कि उनके पास एक वीडियो है। जिसमें शशिभूषण पुलिस तलाश के समय जीवित दिखाई दे रहा था। परिजन पुलिस और अस्पताल दोनों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं तथा मामले में साजिश की आशंका भी जता रहे हैं। शाहजहांपुर पुलिस ने मृतक के पास से 7,000 नगद, ट्रेन का टिकट और एक इयरबड बरामद किया है। सामान सुरक्षित मिलने से फिलहाल लूटपाट की संभावना कम मानी जा रही है। पुलिस हादसा, आत्महत्या और आपराधिक साजिश तीनों पहलुओं पर जांच कर रही है। वहीं पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट, सीसीटीवी फुटेज और कॉल डिटेल रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं। पीड़ित परिवार ने बिहार और उत्तर प्रदेश पुलिस से संयुक्त रूप से गहनता से जांच कर दोषियों को सजा दिलाने की मांग की है। सिमरी बख्तियारपुर पुलिस ने भी मामले की जांच तेज कर दी है। इलाके के नेताओं और ग्रामीणों ने घटना पर शोक व्यक्त करते हुए सरकार से निष्पक्ष जांच की अपील की है। वहीं परिजनों में मातम पसरा था। मां बहन, चाचा-चाची, पिता सभी का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा था।

### गुप्त सूचना पर पुलिस की कार्रवाई, 33 लीटर विदेशी शराब बरामद

**बनमा इटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** बनमा इटहरी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के अफजलपुर गांव में छापेमारी कर 33 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले कथित शराब कारोबारी मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, अफजलपुर निवासी नीरज यादव के पुत्र रोहित यादव के बासा पर छापेमारी की गई। तलाशी के दौरान 750-750 एमएल की रॉयल स्टैग की 37 बोतल तथा आइकॉनिक व्हाइट की 7 बोतल, कुल 44 बोतल विदेशी शराब बरामद हुई। बरामद शराब की कुल मात्रा 33 लीटर बताई गई है। थानाध्यक्ष कुंदन कुमार सहनी ने बताया कि मामले में रोहित यादव के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने कहा कि अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# 45 साल पुराने भूमि विवाद में दखल-दहानी के दौरान सीओ को घेरा, पीड़ित ने लगाया मंत्री से सांठगांठ का आरोप



सीओ को घेरकर प्रदर्ष करते लोग

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जिले में कहरा कुटी स्थित लगभग 45 वर्ष पुराने भूमि विवाद को लेकर रविवार को दखल-दहानी की कार्रवाई के दौरान पीड़ित परिवारों द्वारा जमकर हंगामा किया। वही न्यायालय के आदेश पर कब्जा हटाने पहुंची प्रशासनिक टीम के देर से पहुंचने पर नाराज पक्ष ने अंचलाधिकारी को घेर लिया और लिखित आश्वासन की मांग करते हुए उनकी गाड़ी के सामने धरने पर बैठ गया। साथ ही जमकर नारेबाजी की गई। इस दौरान पीड़ित पक्ष ने वर्तमान मंत्री रत्नेश्वर सदा से मिलीभगत और रिश्वत लेने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए इन आरोपों का कोई आधिकारिक प्रमाण सामने नहीं आया है। पीड़ित मोहम्मद इदरीस अंसारी एवं मोहम्मद अंजार अंसारी ने बताया कि वे करीब 45 वर्षों से अपनी जमीन के लिए न्यायालय में कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं। उनके अनुसार वर्ष 1991 में फैसला उनके पक्ष में आया था और बाद में उच्च न्यायालय में भी बिहार सरकार की अपील खारिज हो गई। इसके बावजूद उन्हें अब तक जमीन पर कब्जा नहीं मिल सका। पीड़ितों का कहना है कि करीब 16 कट्ठा जमीन पर वर्षों से कब्जा है। पिछले वर्ष 5 फरवरी को भी न्यायालय के आदेश पर प्रशासन पहुंचा था लेकिन अंचलाधिकारी ने पहले जमीन की नापी कराने की बात कहकर कार्रवाई स्थगित कर दी। उन्होने आरोप लगाया कि एक वर्ष बीत जाने के बाद भी अबतक कोई नापी नहीं कराई गई। जिसके कारण उन्होंने एकबार पुनः न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। वही अदालत ने 26 जुलाई को सुबह 11 बजे दखल-दहानी के लिए मजिस्ट्रेट को आदेश दिया गया। पीड़ितों ने आरोप लगाया कि उन्होंने अमीन, पुलिस बल, नाजिर तथा अन्य कर्मियों का निर्धारित शुल्क भी जमा किया, लेकिन निर्धारित समय पर कार्रवाई नहीं हो सकी। उनका कहना था कि यदि प्रशासन लिखित आश्वासन नहीं देगा तो वे आत्महत्या या आत्मदाह करने को विवश होंगे। वहीं मौके पर मौजूद अंचलाधिकारी ने मीडिया से संक्षिप्त बातचीत में कहा कि वे न्यायालय के आदेश के आलोक में दखल-दहानी कराने पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि अदालत का समय सुबह 11 बजे था, लेकिन पुलिस बल उन्हें दोपहर 12 बजे उपलब्ध कराया गया, जिसके बाद वे करीब 12,30 बजे मौके पर पहुंचे। रिश्वत लेने के आरोपों पर उन्होंने कहा कि ष्पब्लिक ऐसे आरोप लगाती ही है। घटना के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुटे रहे और सीओ की गाड़ी को रोककर लिखित आश्वासन की मांग करते रहे। घटनाक्रम में ग्रामीणों की काफी भीड़ लगी रही वही उस समय काफी तनावपूर्ण माहौल बना रहा लेकिन कुछ देर बाद ही स्थिति सामान्य बनी।

# राशनकार्ड में नाम जोड़ने को लेकर लगाया शिविर



**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** रविवार को बलुआही ठाकुरबाड़ी में नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं-30 के आमजन के लिए राशनकार्ड में नाम जोड़ने एवं नया राशनकार्ड बनाने के लिए कैम्प लगाया गया और लोगों से आवश्यक कागजात लेकर फॉर्म भरा गया। कैम्प में वार्ड नं-30 के डीलर नवीन कुमार सिन्हा और विकास मित्र सरिता कुमारी ने फार्म भरकर लिया गया। वार्ड पार्षद रूबी कुमारी एवं पूर्व वार्ड पार्षद रणवीर कुमार ने बताया कि 30 जुलाई तक स्थानीय डीलर, विकास मित्र और आंगनबाड़ी केंद्र पर फार्म भरकर लिया जा रहा है। रविवार को वार्ड नं-30 के डीलर नवीन कुमार सिन्हा और विकास मित्र ने बलुआही ठाकुरबाड़ी में कैम्प लगवाया ताकि अधिकतम लोगों का फार्म भरा सके। नया राशनकार्ड बनवाने के लिए आवेदक का आवसीय प्रमाण पत्र या वोटरकार्ड, आय प्रमाण पत्र एक लाख से नीचे, बैंक पासबुक, मोबाइल नंबर चालू हो, आवेदक सहित सभी सदस्यों का आधार कार्ड, सभी सदस्यों का अलग-अलग एक फोटो, एक संयुक्त फोटो और फार्म क भरकर डीलर या विकास मित्र के पास देना है। पुराने राशनकार्ड में नाम जोड़ने के लिए जिस सदस्य के नाम से राशनकार्ड बना है उसका आवसीय प्रमाण पत्र या वोटरकार्ड, बैंक का पासबुक, मोबाइल नम्बर जो चालू है, सभी सदस्यों का आधारकार्ड, सभी सदस्य अलग-अलग एक फोटो, सभी सदस्य का संयुक्त फोटो, पुराने राशनकार्ड का फोटो कॉपी, प्रपत्र ख फार्म भरकर डीलर या विकास मित्र के पास जमा करना है।

# स्वच्छताकर्मी करें राशन कार्ड बनाने में सहयोग

दैनिक नवसंदेश

**नया राशन कार्ड बनाने और पुराने में नाम जोड़ने का चल रहा अभियान**



बैठक में स्वच्छताकर्मी व अन्य।

**महेशखूट।** थाना क्षेत्र के पकरैल पंचायत के जरूरत मंदों लोगों को राशनकार्ड बनाने में सभी स्वच्छता कर्मी सहयोग करें। राशनकार्ड बनाने के लिए लोगों को प्रेरित करें। प्रत्येक वार्ड से प्रत्येक दिन कम से कम पांच आवेदन तैयार करके पंचायत में जमा जरूर करें। उक्त बातें पकरैल पंचायत के डब्लूपीयु में रविवार को आयोजित समीक्षा बैठक में स्वच्छता पर्यवेक्षक रविशंकर कुमार ने कहीं।

उन्होंने ने कहा नया राशनकार्ड बनाने

**प्रत्येक वार्ड से प्रत्येक दिन कम से कम पांच आवेदन तैयार करके पंचायत में जमा जरूर करें**

के लिए प्रपत्र (क) तथा नाम जोड़ने, हटाने या अलग करने के लिए प्रपत्र (ख) का आवेदन करने को कहें। आवेदन भरने के लिए जाति,आय तथा निवास प्रमाण पत्र बहुत जरूरी है। पंचायत में कोई भी अयोग्य व्यक्ति राशनकार्ड से बंचित नहीं रहे। इसको लेकर सभी मिलकर लोगों को जागरुक करें तथा फार्म भरने में मदद करें। वही समय पर सभी घरों से कचड़ा का उठाव नियमित करें। कार्य में लापरवाही वरतने बाले कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी। यूजर चार्ज कन्केशन करने पर भी जोर डालने की बात बताया गया। स्वच्छता कर्मियों ने कहा की तीन साल पहले डस्टबीन तथा स्वच्छता कीट दिया गया था। उसके बाद अभी तक नहीं मिला है। स्वच्छता कीट व डस्टबीन के बीना काम करने में काफी परेशानी होती है। मौके पर स्वच्छता कर्मी रामबिलास साह, योगेन्द्र सदा, कैलू सदा, देवकांत साह, सुबोध दास, बहादुर दास, अमीर दास, जयकिशोर दास, प्रमिला देवी, किरण देवी, राजकुमारी देवी, फंटुश कुमार, प्रियरंजन कुमार आदि मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री के 100 दिनों की विकास यात्रा पर विस्तृत चर्चा

**चौथम प्रखंड की 13 पंचायतों में विशेष कार्यक्रम आयोजित**

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** पंचायत विकास दिवस के अवसर पर चौथम प्रखंड की सभी 13 पंचायतों के पंचायत भवनों में विशेष बैठक एवं जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री पद पर 100 दिन का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों, स्थानीय अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता रही। बैठक के दौरान पंचायतों के मुखिया एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के 100 दिनों के कार्यकाल में राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न विकास योजनाओं, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों एवं प्रशासनिक सुधारों की विस्तार से जानकारी ग्रामीणों को दी। इस दौरान राज्य, जिला तथा पंचायत स्तर पर हुए विकास कार्यो और सरकार की उपलब्धियों को आम जनता के समक्ष रखा गया, ताकि लोग सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से अवगत हो सकें और उनका अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। कार्यक्रम में विशेष रूप से समाज कल्याण विभाग की योजनाओं पर चर्चा की गई। वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, राशन कार्ड, खाद्यान्न वितरण, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं सहित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं के बारे में लोगों को विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए पंचायत स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और भविष्य में भी किसी भी पात्र व्यक्ति को योजना के लाभ से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा।बैठक में उपस्थित ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज तथा संबंधित विभागों से संपर्क करने की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं एवं सुझाव भी पंचायत प्रतिनिधियों के समक्ष रखे, जिनके समाधान का आश्वासन दिया गया।

पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य सरकार विकास, सुशासन और जनकल्याण को प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इसी उद्देश्य के तहत पंचायत स्तर पर लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से सरकार की विभिन्न योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने तथा पंचायत के विकास कार्यो में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। पंचायत विकास दिवस पर आयोजित इस विशेष बैठक के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने और विकास योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### 66 कार्टून प्रतिबंधित कोडीन सिरप बरामद, एक गिरफ्तार

**पसराहा (दैनिक नवसंदेश)।** वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने बोलेरो वाहन से 66 कार्टून प्रतिबंधित कोडीन सिरप बरामद किया। साथ ही, वाहन के साथ एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एनएच 31 के रास्ते प्रतिबंधित कोडीन सिरप की तस्करी की जाने वाली है। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने एनएच 31 पर बैरिकेडिंग कर वाहनों की गहन जांच शुरू की। चेकिंग अभियान के दौरान एक बोलेरो वाहन को रोका गया, जिसकी तलाशी लेने पर उसमें से 66 कार्टून प्रतिबंधित कोडीन सिरप बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान मोहम्मद राखिन के रूप में हुई है। वह कटिहार जिले के कोढ़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत तीन पानिया बेल्ट तिगड़ी गांव का रहने वाला है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त से कड़ाई से पूछताछ की जा रही है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया जाएगा। पुलिस इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों का भी पता लगाने में जुटी है।

### शतरंज का सिपाही सिर्फ आगे बढ़ सकता है : यशवंत


**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** शतरंज खेल का सिपाही आप आगे बढ़ सकते हैं, लेकिन कभी भी किसी सुरत में पीछे नही हटा सकते हैं। शतरंज के अन्य पात्र परिस्थिति के अनुसार आगे पीछे, दाएं बाएं, आरे तीरछे हो सकते हैं। इसलिए सिपाही को बड़ा सोच समझ के आगे बढ़ाना चाहिएं। हां सामने बाला प्रतिद्वंदी खिलाड़ी के आगे अगर आप अपने सिपाही को दो घर आगे बढ़ा देते हैं और उसके सिपाही के काट पे आता है तो आपके सिपाही को एक घर पीछे हटा कर काट सकता है। उक्त बातें आज नशा मुक्त भारत के संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष सह शतरंज के प्रारंभिक प्रशिक्षक प्रेम कुमार यशवंत ने मानसी नगर पंचायत के बापू जी स्मारक मध्य विद्यालय में नशा मुक्त भारत के बैनर तले निशुल्क शतरंज प्रशिक्षण के दौरान नये खिलाड़ी को संबोधित करते हुए कहा। यशवंत ने आगे बताया कि बिहार सरकार ने घोषणा की है कि 15 सितंबर से बिहार के हर पंचायत से विभिन्न प्रकार के खेल प्रतिभा को चिन्हित कर उसे आगे बढ़ाया जाएगा। शिक्षा और खेल नशा उन्मूलन का शानदार माध्यम है। मौके पर मौजूद विधालय के प्रधानाध्यापक बिशम्भर प्रसाद,रंजीत कुमार, कार्यक्रम सहायक खिलाड़ी गौरव कुमार के साथ दर्जनों नवप्रशिक्षु मौजूद थें।

### डीएवी पब्लिक स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन



**महेशखूंट (दैनिक नवसंदेश)।** डीएवी पब्लिक स्कूल, महेशखूंट में अलंकरण समारोह सह प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन उत्साह एवं उल्लास के साथ किया गया। समारोह में विद्यालय के नवनियुक्त छात्र प्रतिनिधियों को पद एवं दायित्व की शपथ दिलाई गई तथा उन्हें बैज एवं सैश प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य हिमांशु नारायण ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि छात्र प्रतिनिधियों के कंधों पर सजने वाले बैज और सैश केवल अधिकार के प्रतीक नहीं, बल्कि कर्तव्य, अनुशासन, सेवा, सत्यनिष्ठा एवं जिम्मेदारी के प्रतीक हैं। प्राचार्य ने डी़ए़वी़ संस्थानों के मूल मंत्र ण्वन्तो विश्वमार्यम्‍ का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों से श्रेष्ठ आचरण एवं सकारात्मक नेतृत्व का परिचय देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सच्चा नेतृत्व दूसरों पर शासन करने में नहीं, बल्कि स्वयं उदाहरण प्रस्तुत करने और दूसरों की सेवा करने में है। उन्होंने विद्यार्थियों को एकता, सहयोग, सम्मान और सेवा की भावना के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि बैज पद प्रदान करता है, लेकिन चरित्र ही वास्तविक सम्मान दिलाता है।समारोह के दौरान विद्यालय के स्कूल हेड बय, स्कूल हेड गर्ल, स्कूल कैप्टन, वाइस कैप्टन, हाउस कैप्टन, जूनियर कैप्टन्स, कैंपस कैप्टन, विभिन्न क्लबों एवं गतिविधियों के कैप्टन्स सहित अन्य छात्र प्रतिनिधियों को पद एवं दायित्व प्रदान किए गए। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ ली। समारोह के दूसरे चरण में विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में उत्ष्ट प्रदर्शन के लिए प्रतिभा सम्मान प्रदान किया गया। शैक्षणिक, खेलकूद, सांसतिक एवं अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं सम्मान प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को स्वामी दयानंद सरस्वती के आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए ज्ञान, चरित्र, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने का संदेश दिया।

# जर्जर एप्रोच रोड को लेकर सांसद ने डीआरएम को भेजा पत्र



सांसद राजेश वर्मा।

**पहरजा गंगौर हॉल्ट के एप्रोच रोड का मामला**

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** खगड़िया-समस्तीपुर रेल खंड पर स्थित पहरजा हल्ट के एप्रोच रोड की बदहाली और इसके कारण हजारों लोगों को हो रही गंभीर परेशानियों को सांसद राजेश वर्मा ने कड़ा रुख अपनाया है। सांसद ने इस मामले में पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर के मंडल रेल प्रबंधक को पत्र भेजकर पहुंच पथ के अविलंब निर्माण अथवा अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने की मांग रखी है।

सांसद वर्मा ने पत्र के माध्यम से डीआरएम समस्तीपुर का ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि पहरजा गंगौर हॉल्ट को खगड़िया-बखरी मुख्य मार्ग से जोड़ने वाला पहुंच पथ अत्यंत जर्जर और दयनीय अवस्था में पहुंच चुका है। विशेष रूप से मानसून और बारिश के दिनों में इस मार्ग पर भारी जलजमाव और कीचड़ जमा हो जाने से आवाजाही पूरी तरह बाधित हो जाती है। इस हॉल्ट से रोजाना सफर करने वाले दैनिक रेल यात्रियों, स्थानीय ग्रामीणों, बुजुर्गों, मरीजों तथा स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राओं को जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ता है। स्थानीय जनता लंबे समय से इस जर्जर मार्ग के पक्कीकरण और सुधार की मांग कर रही है। सांसद ने कहा है कि जनहित और यात्री सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए पूर्व मध्य रेलवे प्रशासन अपने स्तर से प्राथमिकता के आधार पर इस एप्रोच रोड के निर्माण हेतु अविलंब प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करे। यदि किसी तकनीकी, विभागीय या बजटीय कारणों से रेलवे द्वारा इसका निर्माण कराया जाना संभव नहीं हो पा रहा है, तो राज्य सरकार अथवा स्थानीय प्रशासन को सड़क का निर्माण कराने हेतु बिना किसी विलंब के अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किया जाए, ताकि जनहित का यह अति आवश्यक कार्य तुरंत शुरू कराया जा सके। सांसद वर्मा ने रेल प्रशासन से कहा है कि जनसुविधाओं से जुड़े इस विषय पर अब और ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उनके पत्र पर की गई त्वरित कार्रवाई और प्रगति से उनके कार्यालय को यथाशीघ्र अवगत कराया जाए। विषय की गंभीरता को देखते हुए पत्र की प्रतिलिपि पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक एवं वरिष्ठ मंडल अभियंता को भी भेजी गई है।

# विद्यालयों में कार्य करनेवाली रसोईया को दिया गया प्रशिक्षण



**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित न्यू बीआरसी के सभागार कक्ष में पीएम पोषण योजना के तहत कार्यरत रसोइयों को प्रशिक्षण दिया गया। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, खगड़िया के पत्रांक 596 दिनांक 24.07.2026 के आलोक में यह प्रशिक्षण प्रखंड संसाधन केंद्र, बेलदौर में रखा गया है। इस प्रशिक्षण में प्रखंड के सभी प्राथमिक विद्यालयों की रसोइया भाग ली। प्रषिक्षण में पीएम पोषण योजना के तहत बनने वाले भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करना, खाना बनाने में सुरक्षा और स्वच्छता के मानकों का पालन कराना, रसोइयों को नए दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया। प्रशासन का मानना है कि समय-समय पर प्रशिक्षण से बच्चों को मिलने वाले मध्या भोजन की गुणवत्ता बेहतर होगी और किसी भी तरह की लापरवाही पर रोक लगेगी। एक दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान रोहित रावत, प्रधानाध्यापक कुंदन कुमार, ष्णदेव पासवान के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। गौरतलब हो कि पिछले दिनों खगड़िया के कई विद्यालयों में एमडीएम के खाना में कीड़ा मिला था।जिसको लेकर षिक्षा विभाग ने कार्रवाई की है।

# राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रखंड अध्यक्ष बने सोहन सिंह

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड क्षेत्र के सकरोहर पंचायत अंतर्गत पंचरासी गांव में राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के संगठन विस्तार को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने की। बैठक के दौरान समाज के विकास, युवाओं की भागीदारी तथा करणी सेना के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुँचाने पर गहन मंथन हुआ। उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुँचाना, सामाजिक सौहार्द बनाए रखना और युवाओं को एकजुट कर समाज निर्माण में उनकी भूमिका तय करना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना हमेशा अन्याय के खिलाफ और अधिकार की लड़ाई में अग्रणी रही है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बेलदौर प्रखंड के प्रत्येक गांव और पंचायत स्तर पर संगठन की मजबूती के लिए नए सदस्यों को जोड़ा जाएगा। साथ ही, बहुत जल्द प्रखंड कार्यकारिणी का पुनर्गठन कर समर्पित युवाओं को नई जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। कार्यक्रम के दौरान कई स्थानीय युवाओं ने राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की और सामाजिक कार्यो में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का संकल्प लिया।

# शिक्षक संघ का परिचर्चा सह सेमिनार का आयोजन



**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ गोपगुट जिला इकाई के तत्वाधान में एक दिवसीय परिचर्चा सह सेमिनार का आयोजन मध्य विद्यालय हाजीपुर उत्तर में आयोजित की गई।जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मनोज कुमार के द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि राज्य अध्यक्ष रघुवर रजक भी उपस्थित थे। जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंड के अध्यक्ष सचिव एवं अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारी एवं जिला स्तरीय सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सदस्यता अभियान 1 अगस्त से 30 सितंबर तक चलाने,25 सितंबर को जिला स्तर पर एक दिवसीय भूख हड़ताल का आयोजन,शिक्षकों के ज्वलंत मुद्दे सीटेट परीक्षा नहीं देने पर विचार, मध्या भोजन योजना मद की राशि का एचडीएफसी बैंक द्वारा समय पर भुगतान नहीं करना,नियोजित एवं विशिष्ट शिक्षकों का प्रोन्नति लंबे समय से नहीं होने, सभी मध्य विद्यालयों में विषयगत शिक्षकों का आभाव, नगर परिषद एवं नगर पंचायत से 8 किलोमीटर पर पदस्थापित शिक्षकों का एचआर का भुगतान नहीं करना,नियोजित शिक्षकों का वेतन भुगतान समय पर नहीं होना के संबंध में विचार विमर्ष किया गया। इस एक दिवसीय परिचर्चा सह सेमिनार में उपस्थित पदाधिकारी मदन कुमार दीवाना (वरीय उपाध्यक्ष) गीता गुप्ता (प्रधान महासचिव) रुस्तम अली (वरीय उपाध्यक्ष) जिला संयुक्त सचिव मनोरंजन प्रसाद ,सुनील कुमार,वकील ठाकुर ,रत्नेश कुमार ,मनोरंजन चौरसिया, अलौली प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार भारती, सचिव आशुतोष नंदन,चौथम प्रखंड अध्यक्ष सुधीर कुमार, रवि मेहता, उमेश कुमार ,अजय कुमार, विक्रम कुमार, जयप्रकाश ठाकुर, गोगरी प्रखंड अध्यक्ष भीखो मंडल, मशीर आलम, विजय कुमार निराला, प्रभाश कुमार सहित सैकड़ो शिक्षक उपस्थित थे। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार के द्वारा दिया गया।

# छात्रों को वज्रपात से बचाव की दी गई जानकारी

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** जिले के परबत्ता प्रखंड के मध्य विद्यालय सौढ़ भरतखण्ड में सुरक्षित शनिवार के तहत वज्रपात का कारण,बचाव एवं सावधानी बरतने की जानकारी जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक संजय कुमार पासवान ने किया। प्रधानाध्यापक ने बताया कि बादलों में पानी के छोटे छोटे कण होते हैं। जब हवा और कणों के बीच टकराव होता है तो ये इलेक्ट्रिकल चार्ज हो जाते हैं। कुछ बादलों पर पजिटिव चार्ज होते हैं तो कुछ पर नेगेटिव। जब नेगेटिव और पजिटिव दोनों बादल एक दूसरे से टकराते हैं तो बिजली बनती है। उन्होने बच्चों को वज्रपात से बचने के उपाय बताते हुए कहा कि तालाब व जलाशयों से दूरी बनाकर रखें। समूह में न खड़े होकर अलग -अलग खड़े हों। रेडियो व अन्य संचार के साधनों से मौसम संबंधी जानकारी प्राप्त करते रहें। शिक्षक सिद्धार्थ कुमार ने जानकारी बताया कि यदि आप खुले में हों तो अतिशीघ्र किसी पक्के मकान में आ जाए। उंन्चे वृक्ष आसमानी बिजली गिरते हैं। उनके नीचे खड़े ना रहे। सफर के दौरान अपने वाहन में ही रहें। बिजली से संचालित उपकरणों से दूर रहें। मोबाइल का उपयोग ना करें। तालाब और जलाशयों से दूर रहें आसमानी बिजली से घायल पीड़ित को तुरंत नजदीक के पीएचसी में ले जाएं। जानकारी देते हुए कहा कि बारिश या बिजली चमकते ही घर के अंदर सुरक्षित स्थान पर जाएं। खुले खेत, उंन्चे पेड़, बिजली के खंभों से दूर रहें। वाहन में हैं तो वहीं रुकें, खिड़की दरवाजे बंद रखें। मोबाइल या लोहे की चीजें इस्तेमाल न करें। बिजली गिरते समय पानी में न जाएं। पेड़ के नीचे खड़ा होना जानलेवा हो सकता है । शिक्षक निरंजन कुमार ने बताया कि बिजली बादलों से टकराती है, लेकिन कई बार यह इतनी अधिक होती है कि धरती तक पहुंच जाती है। यह घटना बिजली यानि ठनका कहलाती है। उन्होंने बच्चों को अपने अपने स्तर पर गांव में चर्चा करने एवं ठनका के प्रति संवेदनशील रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। मौके पर शिक्षक सिद्धार्थ कुमार, रामविनोद साह, रामलाल पंडित, उत्कर्ष कुमार, सार्थक कुमार, शिवानी कुमारी, आराधना कुमारी, राजनंदनी कुमारी, सोनम कुमारी, साक्षी कुमारी, संध्या कुमारी, महक कुमारी, हर्ष राज, प्रियांशु कुमार , आयुष कुमार और सैकड़ों छात्र और छात्राएं मौजूद थे।

# वीडियो वायरल होने के 6 घंटे में ही पुलिस ने दोनों आरोपी को दबोचा

**परबत्ता (दैनिक नवसंदेश)।** परबत्ता बाजार में एक ही दिन चोरी के प्रयास और खुलेआम हथियार लहराकर दहशत फैलाने की दो घटनाओं के बाद खगड़िया पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने महज छह घंटे के भीतर दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट समेत अन्य संबंधित धाराओं में विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार, बीती रात परबत्ता बाजार स्थित रामलाल मार्केट में चोरों ने मां फैंसी वस्त्रालय, ष्णा ट्रेडर्स समेत कई दुकानों के ताले और शटर के लक तोड़कर चोरी का प्रयास किया। हालांकि अधिकांश दुकानों में चोरों को बड़ी सफलता नहीं मिली, लेकिन घटना के बाद पूरे बाजार में दहशत का माहौल बन गया। शनिवार सुबह दुकानदार जब अपनी दुकानें खोलने पहुंचे तो टूटे ताले और क्षतिग्रस्त शटर देखकर हड़कंप मच गया। कुछ दुकानों से इंडक्शन चूल्हा सहित अन्य सामान गायब होने की आशंका जताई गई है। दुकानदार अपने-अपने प्रतिष्ठानों का मिलान कर नुकसान का आकलन करने में जुटे रहे। इसी बीच शनिवार शाम परबत्ता बाजार में दो युवकों द्वारा खुलेआम देसी कट्टा लहराने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों युवक बाजार में महिलाओं और दुकानदारों को हथियार दिखाकर दहशत फैलाते नजर आए, जिससे बाजार में भय और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय व्यवसायियों और आम लोगों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आक्रोश देखा गया। घटना की सूचना मिलते ही परबत्ता थाना पुलिस ने जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज, स्थानीय लोगों से पूछताछ और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर छापेमारी शुरू की। वही पुलिस अधीक्षक भानू प्रताप सिंह ने प्रेस कन्फ्रेंस में बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए गोगरी एसडीपीओ चंदन कुमार ठाकुर के नेतृत्व में विशेष जांच टीम का गठन किया गया, जिसमें डीआईयू की टीम को भी शामिल किया गया। पुलिस ने लगातार छापेमारी करते हुए महज छह घंटे के भीतर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गुलशन कुमार, पिता दिनेश साह, निवासी मुजाहिदा, परबत्ता और गुड्डू कुमार, पिता चुन-चुन साह, निवासी मुजाहिदा, परबत्ता के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, दोनों युवक बाजार में महिलाओं और दुकानदारों के बीच भय का माहौल पैदा करने के उद्देश्य से हथियार लहरा रहे थे। उनके पास से एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। दोनों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट सहित अन्य संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। लगातार सामने आ रही आपराधिक घटनाओं से नाराज व्यवसायियों ने बाजार में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने, सीसीटीवी निगरानी मजबूत करने और सुरक्षा व्यवस्था सुढ़ करने की मांग की है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि बाजार में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार अभियान चलाया जाएगा और असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# मां कात्यायनी कांवरिया सेवा समिति ने निकाली शोभायात्रा



कलश शोभयात्रा में शामिल लोग।

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** मां कात्यायनी कांवरिया सेवा समिति द्वारा भव्य शोभायात्रा एवं झांकियां निकाली गई। श्रद्धालुओं, आमजनों एवं मातृशक्ति की भागीदारी ने कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में कलाकारों ने भोले शंकर के भजन पर भावनृत्य की प्रस्तुत देकर दर्शकों को आनंद विभोर कर दिया। जनजागरण हेतु यह शोभायात्रा चित्रगुप्त मंदिर परिसर से कचहरी रोड, पुराना होमगार्ड अफिस, अशोक नगर, राजेन्द्र नगर, गोशाला रोड, आरओबी होते हुए राजेंद्र चौक पहुंची। पुनः आरओवी होते हुए चित्रगुप्त मंदिर के पास आकर शोभायात्रा का समापन किया गया। शोभायात्रा में शामिल शिवभक्तों के लिए जगह-जगह पर मानवता संरक्षण मंच के सदस्यों द्वारा नींबू शरबत, शुद्ध ठंडा पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था को लोगों ने काफी सराहा। विदित हो कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी समिति द्वारा सुल्तानगंज से देवघर के बीच कांवरिया पथ में धौरी नदी के पहले पृथ्वी चक में निःशुल्क सेवा शिविर लगाया जा रहा है जिसमें कांवरिया, बंधुओं, माताओं, बहनों के लिए निःशुल्क शुद्ध पेयजल, नींबू शरबत चाय, मसाज, मरहम, पट्टी, दवाई आदि के साथ-साथ भोजन एवं ठहरने की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। खगड़िया के स्थानीय लोगों एवं शिवभक्तों द्वारा तनमन्धन से सहयोग के फलस्वरूप यह निशुल्क सेवा शिविर निरंतर मानवता धर्म की रक्षा करने के लिए एवं सत्य सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए प्रगति पथ पर अग्रसर है।

# ट्रस्ट ने मानसी सीओ को किया सम्मानित

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** मानसी अंचल की नव पदस्थापित अंचलाधिकारी लीलावती कुमारी को संतोष चौरिटेबल ट्रस्ट बलहा के सभागार में रविवार को सम्मानित किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष कुमार, बीस सूत्री सदस्य राजाराम सिंह सहित अन्य ने अंग वस्त्र देकर सीओ का स्वागत सम्मान किया। संतोष कुमार ने कहा कि मानसी के सर्वांगिन विकास में सीओ महती भूमिका निभायेंगी। बीस सूत्री सदस्य राजाराम सिंह ने कहा कि सीओ काफी जागरूक है। कार्यक्रम का संचालन मुकेश सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन श्रवण आर्य ने किया। मौके पर बीडीओ राजीव कुमार, गायत्री परिवार के मुकेश कुमार, महेंद्र साह, रोहित कुमार, रंजीत महतो सहित अन्य प्रबुद्धजन मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### फरार चल रहे दो आरोपित गिरफ्तार

**फतुहा।** नदी थाने की पुलिस ने रविवार को फरार चल रहे दो आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने बताया कि सम्मसपुर निवासी सागर कुमार सहनी एवं आकाश कुमार को गिरफ्तार किया गया। दोनों बहुत दिनों से फरार चल रहे थे।

### बाकरपुर सब्जी मंडी वाहनों चालकों की मनमानी यथावत

**सोनपुर (एनएसबी)** शहर का सबसे बड़ी बाकरपुर सब्जी मंडी है। यहां पटना और नयागांव, शितलपुर, दिघवारा से सब्जी कारोबारी का आने का सिलसिला आए दिन होता है। वह कारोबारी पिंकअप, डाला टेम्पु, टेम्पु, ई-रिक्शा तथा इंजन चालित ठेला आदि लेकर आते हैं साथ स्थानीय भी है फोर लेन सड़क का अतिक्रमण करते जाम लगा रखा है। इनकी मनमानी और आतंक कुशवाहा चौक तथा पटना दीघा सम्पर्क सड़क की चौक-चौराहा दर्जनाधिक अवैध रुप सड़क पर कब्जा कर रखा।



बाकरपुर सब्जी मंडी आसपास खड़ा वाहन।

इनकी मनमानी हरकतों आम राहगीरों को वाहन चलाने बड़ी भारी परेशानी का सामना होती है। विरोध करने पर गाली-गलौज, हाथापाई आमबात है। पुलिस निरीक्षक-सह-थानाध्यक्ष दिलीप कुमार दैनिक नव संदेश में छपी खबर पर संज्ञान लेते शुक्रवार दिन की सुबह बाकरपुर सब्जी मंडी के आसपास अवैध रुप से फोर लेन सड़क पर से वाहन को खदेड़ा और हिदायत भी की और चालकों को कहा अगर सड़क पर खड़ा वाहन नजर आया तो जूर्माना और जब्त भी होगा। इसके बावजूद भी हरकत यथावत है।

### नेट अभ्यर्थियों के आंदोलन को कांग्रेस ने बताया युवाओं की जीत

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** पटना जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण-2) के जिला प्रवक्ता धर्मवीर कुमार ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर नेट (छम्ज) अभ्यर्थियों और युवाओं की आवाज को राष्ट्रीय स्तर पर मिले समर्थन ने छात्र-युवा एकता की ताकत को साबित किया है। उन्होंने इसे देशभर के लाखों छात्र-छात्राओं की जीत बताते हुए कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी सहित विपक्षी नेताओं ने युवाओं के मुद्दों को मजबूती से उठाया।उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था और प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े मुद्दों पर जवाबदेही तय होनी चाहिए तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफे की मांग भी दोहराई।जिला प्रवक्ता ने इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुरजीत सिंह, पूर्व विधायक विनोद यादव, रामानंद सिंह, पूर्व प्रत्याशी विजय कुमार सिंह, जिला परिषद सदस्य विजय शंकर सिंह, मंटू रजक, बुंदेल पासवान, प्रखंड अध्यक्ष सतीश सिंह, कार्याध्यक्ष प्रो श्याम देव चौहान, रविंद्र सिंह, आमोद मुखिया, विनोद रजक, पशुपतिनाथ दुबे, संजय कुमार एवं पिंटू सिंह सहित सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने सभी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना भी की।

### परीक्षा में पारदर्शिता से ही लौटेगा छात्रों का भरोसा : डा. इकबाल खान

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** पंडारक प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ड़ इकबाल खान ने कहा कि देश की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए केवल नई नीतियां पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि परीक्षा प्रणाली में छात्रों और अभिभावकों का विश्वास बहाल करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रह्लाद जोशी के शिक्षा मंत्री बनने के बाद करोड़ों विद्यार्थियों की निगाहें अब ऐसी परीक्षा व्यवस्था पर टिकी हैं, जो पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और विश्वसनीय हो।ड़ खान ने कहा कि हाल के वर्षों में प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर उठे सवालों ने छात्रों के मन में चिंता पैदा की है। ऐसे में प्रश्नपत्रों की अभेद्य सुरक्षा, तकनीकी निगरानी, परीक्षा एजेंसियों की जवाबदेही, समयबद्ध जांच और दोषियों पर त्वरित कार्रवाई जैसी व्यवस्थाओं को और सशक्त करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मेहनत करने वाले प्रत्येक छात्र को बिना किसी संदेह के समान अवसर मिलना ही शिक्षा व्यवस्था की सबसे बड़ी सफलता होगी।उन्होंने विश्वास जताया कि यदि परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई, तो छात्रों का भरोसा और शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता दोनों और अधिक मजबूत होंगे।

# शिक्षा मंत्री के इस्तीफे को बताया युवाओं के संघर्ष की जीत

**मुंगेर (एनएसबी)।** नीट और सीबीएसई परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं, पेपर लीक तथा आंदोलनरत छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी आंदोलन के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद मुंगेर जिला कांग्रेस कमेटी ने पूर्व निर्धारित कैंडल मार्च और सत्याग्रह के स्थान पर श्विजय मार्चश निकाला। यह विजय मार्च देश के छात्रों, युवाओं तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में चलाए गए संघर्ष को समर्पित बताया गया।जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश मिश्रा के नेतृत्व में निकले विजय मार्च में कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों, विभागों, अग्रिम संगठनों और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। मार्च इंदिरा चौक से प्रारंभ होकर शहीद स्मारक तक पहुंचा, जहां सभा आयोजित कर छात्रों के आंदोलन के प्रति एकजुटता व्यक्त की गई।संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेश मिश्रा ने कहा कि




विजय मार्च निकालते कांग्रेस नेता।

यह विजय किसी राजनीतिक दल की नहीं, बल्कि देश के करोड़ों छात्रों और युवाओं के संघर्ष की विजय है। जिला कांग्रेस कमेटी के ओबीसी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राकेश कुमार मंडल ने कहा कि सरकार लंबे समय तक परीक्षा प्रणाली की विफलताओं का बचाव करती रही, जिससे लाखों छात्रों का भविष्य दांव पर लग गया। उन्होंने कहा कि केवल मंत्री के इस्तीफे से काम नहीं चलेगा, बल्कि पेपर लीक की घटनाओं की निष्पक्ष जांच, दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई तथा परीक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार सुनिश्चित करना होगा।दोनों नेताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे का स्वागत करते हुए कहा,यह युवाओं की जीत है। 12 वर्षों तक किसानों पर लाठियां चली थीं। इस देश के युवा अब जाग उठे हैं। आज देश के किसान और युवा तानाशाही प्रवृत्तियों के अंत का रास्ता प्रशस्त कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि छात्रों के शांतिपूर्ण संघर्ष, देशव्यापी जनदबाव और राहुल गांधी के निरंतर नेतृत्व ने सरकार को कार्रवाई करने के लिए विवश किया है। कांग्रेस छात्रों के अधिकारों, पारदर्शी परीक्षा प्रणाली और शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए अपना संघर्ष आगे भी जारी रखेगी। विजय मार्च में वरिष्ठ कांग्रेसी संजय पोद्दार,दिलीप मंडल, कपिल देव कुमार पंडित,छोटन कुमार तांती,विनय कुमार गुड्डू,बी के निराला, मो साजिद अहमद, रामप्रवेश प्रसाद यादव, दीपक पासवान,मो कमाल, रोहित मणिभूषण, अजीत मालाकार, चंद्रशेखर चौरासिया, रामप्रकाश सहित अनेक कांग्रेसियों ने हिस्सा लिया।

## 100 दिनों में विकास को मिली नई गति, समृद्ध बिहार की मजबूत नींव : वीरेंद्र भुट्टो

**जमालपुर (मुंगेर)।** बिहार सरकार के 100 दिन पूरे होने पर जमालपुर पश्चिम के नगर अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार भुट्टो ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि सरकार ने सेवा, संकल्प और समर्पण के साथ विकास की नई इबारत लिखने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि शुरुआती 100 दिनों में सुशासन, जनकल्याण और विकास को केंद्र में रखकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं, जिनका लाभ आम लोगों तक पहुंच रहा है।उन्होंने कहा कि सरकार ने स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्योग, निवेश, पर्यटन और शहरी विकास जैसे क्षेत्रों में ठोस पहल की है। पंचायत स्तर पर आयोजित सहयोग शिविरों के माध्यम से पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और बेहतर चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में भी प्रभावी कदम उठाए गए हैं। वीरेंद्र भुट्टो ने कहा कि प्रत्येक प्रखंड में मडल स्कूल एवं डिग्री कलेज की स्थापना, उद्योगों को बढ़ावा, निवेश को प्रोत्साहन तथा धार्मिक पर्यटन के विकास की दिशा में सरकार तेजी से कार्य कर रही है। इन प्रयासों से राज्य के समग्र विकास को नई गति मिली है और बिहार आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रहा है।उन्होंने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार विकास, सुशासन और जनसेवा के नए मानक स्थापित करेगा। आने वाले वर्षो में राज्य देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में अपनी मजबूत पहचान बनाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल योजनाओं की घोषणा करना नहीं, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारकर आम जनता के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। सेवा, संकल्प और समर्पण की भावना ही समृद्ध और विकसित बिहार के निर्माण का आधार बन रही है।



पश्चिमी भाजपा नगर अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार भुट्टो।

## फूलों के भव्य श्रृंगार व छप्पन भोग के साथ भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु

**जमालपुर (मुंगेर)।** मारवाड़ी धर्मशाला जमालपुर स्थित श्री श्याम बाबा मंदिर में श्री श्याम बाबा मंदिर समिति का 41वां स्थापना दिवस श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा बाबा का फूलों से भव्य श्रृंगार कर छप्पन भोग अर्पित किया गया। मुख्य यजमान संदीप मेहारिया एवं अंजू मेहरिया ने पुरोहित शिव शंकर के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित की।पूजन के बाद आयोजित भजन संध्या में मुजफ्फरपुर से आई श्याम शरण ग्रुप की मंडली ने गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद एक से बढ़कर एक श्याम भजनों की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। स्थानीय कलाकार अंकिता शर्मा, शिवम शर्मा एवं हर्ष शर्मा ने श्खूब सजो दरबार तेरोश, श्लाल गुलाब से किसने सजायाश, श्भर दे रे श्याम झोली भर देश और श्बाबा के धमालश जैसे लोकप्रिय भजनों से श्रद्धालुओं को देर रात तक भक्ति रस में सराबोर रखा।मंदिर समिति के अध्यक्ष रितेश गर्ग एवं मंत्री सुमित जलान ने बताया कि यह प्राचीन श्याम बाबा मंदिर श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का केंद्र है। यहां आने वाले भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। स्थापना दिवस पर हर वर्ष विशेष धार्मिक आयोजन किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था गणेश शर्मा ने संभाली। मौके पर जयशंकर शर्मा, कमलेश खेतान, गोपाल शर्मा, संजय मेहरिया, सीताराम हवेलीवाला, विकास गर्ग, राहुल अग्रवाल, विशाल संघई सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



भजन पर झूमते मारवाड़ी समाज के युवा।

## गुप्त सूचना पर छापेमारी, घर से 42.09 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद

**जमालपुर (मुंगेर)।** ईस्ट कलोनी थाना क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक घर से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की। मामले में पुलिस ने आरोपी आयुष भारती, पिता संजय कुमार साह,निवासी अल्बर्ट रोड, छोटी चर्च के पीछे, के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। ईस्ट कलोनी थाना की एसआई पुष्पा कुमारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुप्त सूचना मिलने पर आरोपी के घर में छापेमारी की। तलाशी के दौरान कुल 42.09 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। बरामद शराब में ग्रीन लेवल व्हिस्की 180 एमएल की 18 बोतल, आईकनिक व्हाइट व्हिस्की 180 एमएल की 45 बोतल, मैकडवेल व्हिस्की 750 एमएल की 10 बोतल, अफिसर चइस 375 एमएल की 8 बोतल तथा रयल स्टैग 750 एमएल की 18 बोतल शामिल हैं।पुलिस ने मौके से बरामद सभी शराब की बोतलों को जब्त कर लिया है। पुलिस का कहना है कि बरामद शराब कहां से लाई गई थी और इसका उपयोग बिक्री के लिए किया जाना था या नहीं, इसकी जांच की जा रही है। साथ ही मामले से जुड़े अन्य लोगों की संलिप्तता की भी पड़ताल की जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।



गिरफ्तार शराब तस्कर के साथ पुलिस।

## काली पहाड़ की तराई में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**जमालपुर (मुंगेर)।** काली पहाड़ की तराई में रविवार सुबह समाजसेवा के उद्देश्य से एक दिवसीय निरूशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन अधिवक्ता आशीष कुमार एवं समाजसेवी उदय शंकर स्वर्णकार के संयुक्त प्रयास से किया गया। सुबह टहलने के लिए पहुंचे लोगों की ब्लड शुगर, रक्तचाप (बीपी), अक्सीजन स्तर और वजन की जांच की गई। शिविर में बड़ी संख्या में बुजुर्ग, महिलाएं और युवाओं ने भाग लेकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई।आयोजकों ने बताया कि बदलती जीवनशैली के कारण मधुमेह, उच्च रक्तचाप और अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में नियमित स्वास्थ्य जांच लोगों के लिए आवश्यक है। निरूशुल्क शिविर के माध्यम से लोगों को बिना समय और अतिरिक्त खर्च के स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई गई।अधिवक्ता ने शहर के चिकित्सकों एवं आयुष विशेषज्ञों से अपील करते हुए कहा कि यदि वे प्रत्येक रविवार सुबह दो घंटे समाजसेवा के लिए समय दें तो बड़ी संख्या में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा सकता है। वहीं उदय शंकर स्वर्णकार ने बताया कि जनहित को देखते हुए आने वाले रविवार को भी काली पहाड़ की तराई में इसी प्रकार का स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा।शिविर में अजय कुमार, शंभू शाह, सुबोध कुमार चौरसिया, आरएन सिंह, राजकुमार शर्मा, निशा कुमारी, पूजा चौरसिया, राजीव सिंह, रूपाली चौरसिया,भगवान प्रसाद, वीरेंद्र शर्मा, लक्ष्य चौरसिया सहित कई लोगों ने सहयोग किया।



स्वास्थ्य जांच कराते लोग।

## रात्रिकालीन सत्संग के साथ संपन्न हुआ बहु क्षेत्रीय संतमत मासिक सत्संग आश्रम में संतों ने सदाचार, सत्य और ध्यान योग का दिया संदेश

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** बड़ी दरियापुर स्थित महर्षि मेंही संतमत सत्संग आश्रम में देर रात्रि तक आयोजित एक दिवसीय बहुक्षेत्रीय संतमत मासिक सत्संग श्रद्धा एवं भक्ति के माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में रात्रिकालीन सत्संग, प्रवचन, भजन, रामायण पाठ, संतवाणी पाठ, आरती एवं सामूहिक भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें मुंगेर सहित आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों संतमत अनुयायी शामिल हुए। मौके पर सत्संग में संतमत के वरिष्ठ महात्मा स्वामी शशि भूषण बाबा ने कहा कि झूठ सभी पापों का मूल है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को सत्य, सदाचार और संयम का पालन करना चाहिए। इसका दामन कभी नहीं छोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्संग और ध्यान योग से मनुष्य के पाप कर्म नष्ट होते हैं तथा सच्चे संत सद्गुरु अपने भक्तों की कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी रक्षा करते हैं। उन्होंने झूठ, चोरी, नशा, हिंसा और व्यभिचार से दूर रहने का संदेश दिया। स्वामी संतोष बाबा ने कहा कि संत सद्गुरु कल्पवृक्ष के समान हैं, जो श्रद्धालुओं के जीवन को सही दिशा देते हैं। उन्होंने कहा कि मानव जीवन भवसागर से पार होने का सर्वोत्तम अवसर है और सत्संग उसका सबसे प्रभावी मार्ग है। इससे पूर्व कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष परशुराम चौरसिया ने की, जबकि संचालन प्रचार मंत्री राजन कुमार चौरसिया ने किया। उन्होंने बताया कि 29 जुलाई को जिले के सभी संतमत आश्रमों में गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा। वहीं 29 अगस्त को मुंगेर के हाजी सूजन स्थित संतमत सत्संग आश्रम में अगले बहुक्षेत्रीय मासिक सत्संग का आयोजन होगा। इधर, उपस्थित सभी स्वामियों व संतों को उपहार भेंटकर सम्मानित किया गया। मौके पर स्वामी कुशलानंद बाबा, स्वामी बुटन बाबा, स्वामी संजीव बाबा, बासुदेव मंडल, सुरेंद्र प्रसाद, अशोक तांती अनिल कुमार, पप्पू कुमार, श्रवण कुमार, सुमुख दास गुप्ता, रामचंद्र मंडल, सूर्य देव शर्मा, बंटी कुमार,सूरज कुमार, प्रमोद यादव, गोपाल मंडल, प्रताप मंडल, मदन लाल मंडल, हरिश्चंद्र मंडल, मनोज साह सहित जमालपुर, मुंगेर, धरहरा, सुल्तानगंज, बरियारपुर, असरगंज, सूर्यगढ़ा क्षेत्र के सत्संग प्रेमी मौजूद थे।



महात्मा को सम्मानित करते सत्संग प्रेमी।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रहित में जेन जेड का यह आंदोलन सदैव याद रखा जाएगा

**जमालपुर (मुंगेर)।** शिक्षा व्यवस्था में लगातार बढ़ते भ्रष्टाचार आराजकता के विरुद्ध जेन जेड का यह आंदोलन राष्ट्र हीत मे सदैव याद रखा जाएगा उक्त बातें समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा पर छात्रों को बधाई देते हुए कहा श्री यादव ने कहा कि छात्र के आगे या तानाशाही सरकार का झुकना और शिक्षा मंत्री का इस्तीफा इस सरकार में चल रहे बडे स्कैम का एक छोटा उदाहरण है।भ्रष्टाचार और तानाशाही में आकंठ डूबी केन्द्र सरकार के विरुद्ध यह एक शुरुआत है श्री यादव ने आगे कहा कि भाजपा की सरकार ने 12 वर्षो में इस देश के सड़कों और सदनों को गाली कुतर्क असभ्यता और कुसंस्कार का अखाड़ा बना दिया और देश के छात्र युवा जैसे को तैसे के तर्ज पर सरकार को जवाब देकर यह साबित कर दिया कि राष्ट्र राज्य और समाज के छात्र युवाओं में क्रांति की आग अब भी धधक रही है वहीं उन्होंने आगे कहा कि आंदोलनकारी पर हुए मुकदमे वापसी के साथ ही नीट व आंदोलन में शहीद हुए छात्रों के लिए सरकार जब तक मुआवजा का घोषणा नहीं करती है तब तक आन्दोलनकारी अडिग रहे यही वास्तविक जीत होगी।



जानकारी देते पप्पू यादव।

### शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर पुलिस ने एक युवक को शराब के साथ गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपी के पास से एक पैशन प्रो मोटरसाइकिल भी जब्त की है। गिरफ्तार युवक की पहचान छोटी केशोपुर निवासी सोनू कुमार के रूप में हुई है। उसकी गिरफ्तारी हरदेवी स्कूल के पीछे धरहरा रोड स्थित साई एकेडमी स्कूल समीप की गई। थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया कि पुलिसिंग के दौरान एसआई सुजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में नियमित जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान संदिग्ध गतिविधि के आधार पर युवक को रोककर तलाशी ली गई। जांच में उसके पास से शराब बरामद होने पर पुलिस ने तत्काल उसे गिरफ्तार कर लिया। मौके से उसकी ब्लैक रंग की पैशन प्रो मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली गई।

### इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन बुरहानपुर ने पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र एवं आई-कार्ड किया वितरित

**सोनपुर (एनएसबी)** पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा, संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने तथा निष्पक्ष एवं निर्भीक पत्रकारिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन की बुरहानपुर जिला इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक जय स्तंभ के समीप स्थित एक निजी हल में आयोजित की गई। कार्यक्रम में जिले के अनेक पत्रकारों एवं संगठन के पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक की जानकारी देते हुए जिला उपाध्यक्ष सुमेश तायडे ने बताया कि जिला अध्यक्ष शकील खान के नेतृत्व में संगठन का विस्तार करते हुए विभिन्न पदों पर सक्रिय एवं कर्मठ पत्रकारों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य पत्रकारों को एक मजबूत मंच प्रदान करना, उनके अधिकारों की रक्षा करना तथा पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाना है। जिला अध्यक्ष शकील खान ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जनाब सेराज अहमद कुरैशी के निर्देश, राष्ट्रीय सचिव मसूद जावेद कादरी के मार्गदर्शन तथा प्रदेश अध्यक्ष अशफाक आरिफ की संस्तुति पर बुरहानपुर जिले में संगठन का गठन एवं विस्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन सदैव पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा, स्वतंत्र अभिव्यक्ति तथा निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए संघर्षरत रही है और आगे भी पूरे देश में पत्रकार हितों की आवाज बुलंद करती रहेगी। कार्यक्रम के दौरान सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया तथा उन्हें संगठन का नियुक्ति पत्र एवं आधिकारिक आई-कार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पत्रकारों ने संगठन की मजबूती, आपसी एकता और पत्रकार हितों की रक्षा के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। नवनियुक्त पदाधिकारियों में सुमेश तायडे को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राहुल इंगले को जिला महासचिव, मनोज मिश्रा को जिला प्रवक्ता, रमजान सिकंदर को जिला संगठन सचिव, आजाद तड़वी को जिला मीडिया प्रभारी, अनसींग मोरे, संजय परीवाले, मनोज भागवतकर एवं वैभव साल्वे को जिला सचिव, सुलेमान शादाब अली को जिला कोषाध्यक्ष तथा संजय परीवाले को जिला कार्यालय सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष शकील खान ने कहा कि संगठन का प्रत्येक पदाधिकारी पत्रकारों की समस्याओं के समाधान, उनके मान-सम्मान की रक्षा, उत्पीड़न के विरुद्ध संघर्ष तथा संगठन के विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता देगा। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से अपेक्षा की कि वे निष्पक्ष, निर्भीक और जनहितकारी पत्रकारिता की परंपरा को मजबूत करते हुए समाज और लोकतंत्र की सेवा में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों ने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए मजबूत संगठन की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है। इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन पत्रकारों की आवाज को राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाने के लिए निरंतर प्रयासरत है और संगठन का उद्देश्य प्रत्येक जिले एवं तहसील स्तर तक पत्रकारों को एकजुट कर उनके हितों की रक्षा करना है। अंत में जिला महासचिव राहुल इंगले ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी पत्रकार साथियों, अतिथियों एवं पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि बुरहानपुर जिला इकाई संगठन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने तथा पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ कार्य करती रहेगी।



नियुक्ति पत्र के साथ पत्रकार साथी।

### मन की बात के 136वें एपिसोड को भाजपाइयों ने सुना विधायक बोले जनभागीदारी से बनेगा विकसित भारत

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** महीने के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री के श्मन की बातश कार्यक्रम के 136वें एपिसोड का भाजपा कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों पर सामूहिक श्रवण किया। ढलवा गोसाईं स्थित विधायक आवासीय कार्यालय में बाढ़ विधायक ड़ सियाराम सिंह एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम को पूरी तन्मयता से सुना।इस अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा समाज, राष्ट्रनिर्माण, जनभागीदारी और प्रेरणादायी प्रयासों से जुड़े विचारों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के उपरांत उपस्थित नेताओं ने कहा कि श्मन की बातश देशवासियों को सकारात्मक सोच, सामाजिक दायित्व और विकास के प्रति जागरूक करने का प्रभावी माध्यम बन चुका है।कार्यक्रम में प्रिय रंजन कुमार, छोटी कुमार, सत्यनारायण प्रसाद, शशि भूषण प्रसाद, बिट्टू सिंह, संजय गिरी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं सदस्य उपस्थित रहे।




प्रधानमंत्री के मन की बात सुनते विधायक एवं कार्यकर्ता एवं नेता, बाढ़।

## संक्षिप्त खबरें

### जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच फायरिंग से सनसनी

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** गजराजगंज ओपी क्षेत्र के हल्दिया टोला गांव में रविवार की सुबह जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच हुए विवाद के दौरान एक पक्ष द्वारा फायरिंग कर दी गई। इस दौरान एक किशोरी को सिर में गोली छूकर निकल गई। इससे वह जख्मी हो गई। परिजन ने उसका इलाज सदर अस्पताल में कराया। घटना को लेकर गांव सहित आसपास के इलाके में सनसनी मच गई। सूचना मिलते ही गजराजगंज ओपी इंचार्ज चंचल कुमार महथा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गए है। जानकारी के अनुसार, जख्मी गजराजगंज ओपी क्षेत्र के हल्दिया टोला गांव निवासी सुरेंद्र यादव की 16 वर्षीया पुत्र शीला कुमारी है। इधर, जख्मी किशोरी के पिता सुरेंद्र यादव ने बताया कि उनके पट्टीदार राज कुमार एवं राहुल से दो बिगहा जमीन को लेकर कुछ दिनों से विवाद चल रहा है। उनके द्वारा जबरन उनके जमीन को अपना बताया जा रहा है। रविवार की सुबह उसी विवाद ने एक बार फिर तूल पकड़ लिया। तभी उनकी पुत्री खेत में रोपनी करने के लिए जा रही थी। तब राज कुमार, राहुल कुमार एवं मुन्ना अपने अन्य लोगो के साथ हथियार से लैस होकर वहां आ धमके और मारपीट शुरू कर दी।

### ओरल हेल्थ जागरूकता अभियान में बताए स्वस्थ दांतों के मंत्र

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** दांतों और मुंह की सेहत के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से उषा हॉस्पिटल की ओर से भोजपुर जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों और कोचिंग सेंटरों में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व हॉस्पिटल की डेंटल सर्जन डॉ. निधि प्रभाकर ने किया। उषा हस्पिटल की इस पहल को छात्रों और शिक्षकों ने सराहा। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि भविष्य में भी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में इस तरह के ओरल हेल्थ जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को दांतों की देखभाल और नियमित दंत जांच के प्रति प्रेरित किया जाएगा।

### हसनबाजार में अंग्रेजी शराब लदी कार जब्त

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** हसनबाजार थाने की पुलिस ने हसनबाजार कस्बे से अंग्रेजी शराब लदी कार जब्त की है। कार से अलग-अलग ब्रांड की कुल 283 लीटर शराब बरामद की गई। हसनबाजार थानाध्यक्ष जयराम शुक्ला के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि कोई तस्कर कार से शराब लेकर जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस चौकन्नी हो गई लेकिन इस बीच तस्कर शराब लदी कार हसनबाजार कस्बे में रोड किनारे खड़ी कर भाग निकला। बाद में पुलिस ने कार को लावारिस हालत में जब्त कर उसमें रखी शराब बरामद की।

### छात्र जदयू का प्रदेश अध्यक्ष बनने पर धीरज कुमार का स्वागत

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** प्रदेश जदयू के छात्र प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पद पर धीरज कुमार के मनोनयन पर रविवार को जदयू कार्यालय में उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर भोजपुर छात्र जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रीतम कुशवाहा ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंटकर बधाई दी और सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। मौके पर सैफ अख्तर, प्रिंस कुमार, हिमांशु पटेल, शशिकांत, सूरज, धीरज सिंह, विश्वजीत सिंह, गोलू यादव, मोनू कुमार, सौरभ कुमार, सौरभजीत कुमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### रील्स बनाने के दौरान छत से गिरकर किशोर घायल

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** नवादा थाना क्षेत्र के नवादा मोहल्ले में रविवार की दोपहर रील्स बनाने के दौरान असंतुलित होकर किशोर छत से गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी किशोर नवादा थाना क्षेत्र के नवादा मोहल्ला निवासी मदन प्रसाद का 17 वर्षीय पुत्र मयंक कुमार है।

### चोरी की बकरी के साथ युवक गिरफ्तार

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** थाने की पुलिस ने नगर के लोहिया चौक के पास से युवक को चोरी की बकरी के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक सोनू कुमार पीरो नगर के वार्ड नंबर 25 स्थित इब्राहिमपुर मुहल्ले का रहने वाला बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार रविवार की दोपहर लोहिया चौक के पास मोटरसाइकिल पर लाद कर बकरी ले जा रहे युवक पर शक होने पर पुलिस गश्ती दल के सदस्यों ने रोका तो वह मोटरसाइकिल छोड़कर भागने लगा जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ के क्रम में पता चला कि युवक जिस बकरी को ले कर जा रहा था वह कहीं से चुराई हुई है। सख्ती बरतने पर युवक ने बकरी चोरी करने की बात स्वीकार कर ली। पुलिस ने युवक को बकरी व मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया।

### भोजपुरी कला प्रदर्शनी को ले कलाकारों का वैचारिक बैठक

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** वरिष्ठ चित्रकार कमलेश कुंदन के आवास मौला बाग में स्थानीय कलाकारों की वैचारिक बैठक बुलायी गयी थी। बतकही का मुख्य उद्देश्य भोजपुरी कला प्रदर्शनी की तैयारी के संबंध में विचार विमर्श और विकास पर एकमत होने से संबंधित था। तीन अगस्त को वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा में भव्य भोजपुरी कला प्रदर्शनी की तैयारी से संबंधित ढेरों कलात्मक और सारगर्भित विचार सबने बारी बारी से रखी। यह कला प्रदर्शनी आसरा सेवा केन्द्र व प्रभाव क्रियेटिव सोसायटी के संयुक्त बैनर तले आयोजित होगी। भोजपुरी कला प्रदर्शनी सह भोजपुरी कला सेमिनार, यानी सृजनात्मक प्रदर्शनी के साथ-साथ कला बतकही मुख्य मंच से आयोजित होगा। वरिष्ठ चित्रकार कमलेश कुंदन ने अपने संबोधन में कहा कि भोजपुरी हमारे लिए जीवन है और भोजपुरी पेंटिंग को हम सभी राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचा कर मानेंगे। वहीं



कला शिक्षक रौशन राय ने कहा कि इस प्रदर्शनी में कोशिश रहेगा कि भोजपुरी की मूल चित्र शैली पीड़िया लेखन और कोहबर लेखन के मूल खाका पर तैयारियां की जाएं। भोजपुरिया कला संस्कृति जीवन शैली को जमीनी और सारगर्भित पहचान मिले इसी उद्देश्य से यह प्रदर्शनी अहम बन जाती है। सभी सम्मानित कलाकारों ने कड़ी मेहनत शुरू कर दिया है। प्रदर्शनी अपनी कलात्मकता को लेकर भोजपुर की धरती पर रचनात्मक छाप छोड़ेगी-ऐसा मानना है सभी कलाकारों का। कलाकार सुशील विश्वकर्मा, रूपा देवी, मधु कुमारी, अमन राज ने बारी-बारी से कला प्रदर्शनी की तैयारियों पर अपने-अपने विचार रखे। चीतेरी अंकिता सिन्हा, खुशबू कुमारी, मीरा कुमारी, प्रिया कुमारी ने भी प्रदर्शनी को लेकर अपने कलात्मक विचार रखे।

# बाढ़ से विस्थापितों की टाउनशिप में भरा पानी

दैनिक नवसंदेश

**शाहपुर।** जवइनिया गांव के कटाव पीड़ित विस्थापित परिवारों के लिए बिलौटी गांव में बसाई गई टाउनशिप में छेर नदी की बाढ़ का पानी घुस जाने से हालात गंभीर हो गए हैं। टाउनशिप में दो से तीन फीट तक पानी भर जाने के कारण वहां रह रहे 45 विस्थापित परिवारों के घरों में रखा अनाज, कपड़ा,

**घरों में घुसा पानी, 45 परिवारों को बांटी गई पॉलीथिन शीट**

बिस्तर समेत अन्य घरेलू सामान बर्बाद हो गये। जलजमाव से लोगों का जनजीवन भी पूरी तरह प्रभावित हो गया है।

बाढ़ का पानी टाउनशिप में प्रवेश करने के बाद विस्थापित परिवारों के सामने रहने और दैनिक जरूरतों का संकट खड़ा हो गया है। लोग



सुरक्षित स्थानों की तलाश में जुटे हैं, जबकि महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गो को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इधर सूचना मिलने पर प्रशासन हरकत में आया। शाहपुर के अंचलाधिकारी आनंद प्रकाश ने बताया कि प्रभावित 45 परिवारों के बीच राहत के तौर पर पलीथिन शीट का वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है तथा आवश्यकता के अनुसार अन्य राहत सामग्री भी उपलब्ध कराई जाएगी।

## भरत तिवारी को न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ेंगे पप्पू यादव

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** सांसद पप्पू यादव ने रविवार को शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव पहुंचकर कथित पुलिस मुठभेड़ में मारे गए भरत तिवारी के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने परिवार को डेढ़ लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी तथा जवइनिया गांव के कटाव पीड़ितों के भोजन के लिए 40 हजार रुपये देने की घोषणा की। सांसद ने कहा कि भरत तिवारी को हर हाल में न्याय दिलाने के लिए वे कानूनी लड़ाई लड़ते रहेंगे और इस मुद्दे को लोकसभा में भी उठाएंगे। मुलाकात के दौरान पप्पू यादव ने कहा



कि यदि भरत तिवारी निर्दोष थे, तो दोषी पुलिसकर्मियों पर अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई। उन्होंने सरकार से मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज कर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए आश्वासन का उल्लेख करते हुए कहा कि तय समय के भीतर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने भाजपा सांसद मनोज तिवारी पर आरोप लगाते हुए कहा कि परिवार को केवल राजनीतिक उद्देश्य से मुख्यमंत्री से मिलवाया गया। उन्होंने परिवार को पर्याप्त आर्थिक सहायता और एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की भी मांग की। इस दौरान उन्होंने प्रशांत किशोर समेत कई राजनीतिक नेताओं पर भी निशाना साधा। मौके पर आशुतोष सिंह, डॉ. बृजेश कुमार सिंह, लड्डू यादव सहित काफी समर्थक मौजूद थे।

## पंचायत विकास दिवस मनाया गया

**कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड की सभी पंचायतों में रविवार को पंचायत विकास दिवस मनाया गया। बिहार के पंचायती राज विभाग के निर्देश पर प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को पंचायत विकास दिवस का आयोजन किया जाता है। इस बार कार्यक्रम का विषय सुशासन के साथ पंचायत रखा गया, जिसके तहत ग्रामीणों को पंचायत की कार्यप्रणाली, पारदर्शी प्रशासन और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी कुणाल राज ने ग्रामीणों से ग्रामसभा की बैठकों में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा पंचायत के विकास कार्यो में सहयोग करने की अपील की।

## करगिल विजय दिवस पर पूर्व सैनिकों व वीरांगनाओं को किया सम्मानित

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** शहर के शुभ नारायण नगर मझौंवा स्थित शान्ति स्मृति सम्भावना आवासीय उच्च विद्यालय के जुबली हॉल में रविवार को करगिल विजय दिवस के अवसर पर पूर्व सैनिकों एवं वीरांगनाओं का सम्मानित किया गया। उद्‌घाटन लेटिनेंट जनरल (रि) एसके सिंह, मुख्य अतिथि कर्नल पुनीत श्रीवास्तव, कर्नल राणा प्रताप सिंह (अध्यक्ष पूर्व सैनिक कल्याण बोर्ड, भोजपुर), संभावना स्कूल के निदेशक डॉ. कुमार द्विजेंद्र किरण एवं प्राचार्या डॉ. अर्चना सिंह ने संयुक्त रूप से किया। संचालन अरविन्द ओझा ने किया। एसके सिंह ने कहा कि संभावना विद्यालय से मेरा दिल से लगाव है। बच्चों के चरित्र बनाने में इस विद्यालय का योगदान अनुकरणीय है। मैं पूर्व सैनिकों एवं वीरांगनाओं के सहयोग के लिए हमेशा खड़ा हूं। पूर्व सैनिकों एवं वीरांगनाओं की



जो भी समस्या है वह हमसे निःसंकोच मिल सकते हैं। मुख्य अतिथि कर्नल पुनीत श्रीवास्तव ने कहा कि करगिल विजय के 27 साल हो गए। उन बीते सालों में कई यादें पीछे छूट गईं हैं। देशभक्ति गीत कुछ याद उन्हें भी कर लो, जो लौट के घर न आए... सुनकर मन में अजीब भावना उत्पन्न होती है। अध्यक्षता करते हुए कर्नल राणा प्रताप सिंह रि. ने कहा कि विद्यालय परिवार द्वारा हमलोगों को सम्मानित कर मनोबल बढ़ाया जाता है। प्रशांत कुमार ने कहा

**संभावना आवासीय उच्च विद्यालय में आयोजित किया गया कार्यक्रम**

कि फौजी की दुनिया अलग है, जो सिविल से भिन्न है। फौजी अपना परिवार छोड़कर सरहद पर डटा रहता है, तो आप सभी का भी कर्तव्य बनता है कि उनके माता-पिता और परिवार को सम्मान दें। प्राचार्या डॉ. अर्चना सिंह ने कहा कि सरहद पर खड़े होकर हमारे सैनिक देश की सेवा करते हैं। हमें भी कर्तव्यनिष्ठ होकर देश की सेवा करनी चाहिए। धन्यवाद ज्ञापन निदेशक डॉ. कुमार द्विजेंद्र ने किया। मौके राकेश कुमार, प्रशांत कुमार, प्रवीण कुमार, शंभू चौरसिया, ऋषिकेश ओझा, राजेश रमन, विष्णु शंकर, संजीव सिन्हा, जयशंकर, अंकित मिश्र, शिलू, कन्हैया सिंह एवं एनसीसी कैडेट्स मौजूद थे।

## बलिदानियों को करगिल विजय दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि



**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** कारगिल विजय दिवस के मौके पर हसनबाजार में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कारगिल युद्ध में बलिदान हुए देश के महान सपूतों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। अनिल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह सहित कई अन्य लोगों ने कारगिल युद्ध में भारतीय शूरवीरों के शौर्य, साहस व बलिदान की चर्चा करते हुए कहा कि पाकिस्तान के साथ हुए कारगिल युद्ध में हमारे सैनिकों ने अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए दुनिया को दिखा दिया कि वे देश की अस्मिता को बरकरार रखने के लिए बड़ी-बड़ी कुर्बानी देने को तैयार है। कार्यक्रम में शामिल प्रमुख लोगों में राजू पीटर, निर्मल सिंह, रिंकू कुमार, गोवर्धन जी सुबास कुमार, राम कुमार शर्मा विनोद कुमार सिंह आदि थे।

## श्रद्धा और उत्साह के साथ मना करगिल विजय दिवस

**कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)।** संस्कृति पब्लिक स्कूल, कायमनगर में शनिवार को कारगिल विजय दिवस श्रद्धा, सम्मान और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर किया गया। विद्यालय के सचिव एवं पूर्व एमएलसी डॉ. अजय सिंह ने कहा कि कारगिल के वीर सैनिकों का त्याग और शौर्य आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के प्रति समर्पण, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा ही सच्ची देशभक्ति की पहचान है।

विद्यालय के निदेशक डॉ. आलोक सिंह ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रहित और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति भी सजग रहें तथा अपने चरित्र और कर्म से देश का नाम रोशन करें।



प्राचार्य नीतिन मुकेश ने कहा कि 26 जुलाई 1999 का दिन भारतीय सेना के अद्वितीय साहस, पराक्रम और विजय का प्रतीक है। भारतीय जवानों ने विषम परिस्थितियों में दुश्मनों को परास्त कर दुनिया के सामने देश की शक्ति और संकल्प का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि शहीदों का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता और हमें उनके आदर्शो को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। विद्यालय परिसर 'भारत माता की जय' और 'जय हिंद' के नारों से गूंज उठा, जिससे पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग गया।

## श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के छठे दिन 256 गुणों की आराधना

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भगवान महावीर मार्ग (जेल रोड) स्थित श्री बिर जैन चंद्रप्रभु मंदिर में आचार्य श्री सुलभ सागर जी महाराज ससंघ के परम् सानिध्य एवं प्रतिष्ठाचार्य रवि कीर्ति शास्त्री के मंगल निर्देशन में चल रहे श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के छठे दिन सिद्ध परमेष्ठी की 256 गुणों की आराधना की गयी।

मीडिया प्रभारी निलेश कुमार जैन ने बताया कि प्रातः समय में भगवान जिनेन्द्र प्रभु की भक्तिपूर्वक अभिषेक, पूजन एवं शांतिधारा किया गया। तत्पश्चात देवशास्त्र गुरु पूजा, श्री पार्श्वनाथ पूजा, श्री पंचमेरू पूजा, श्री नंदीश्वर द्वीप पूजा के बाद श्री सिद्धचक्र महामण्डल विधान प्रारंभ हुआ। सौधर्म इंद्र-इंद्राणी उर्मिला-सुनील जैन, कुबेर सपना-अनीश जैन, ईशान उषा-आलोक जैन, मैना सुंदरी के रूप में मंजुला-आदेश जैन के साथ सभी इंद्र-इन्द्राणी व श्रावक ने भावपूर्वक विधान मंडल पर 256 श्रीफल, ध्वज, एवं अर्घ्य समर्पित किए। आचार्य सुलभ सागर जी महाराज ने उपस्थित भक्तों को संबोधित करते हुए बताएं



**अष्टान्हिका महापर्व के दौरान शुद्ध भावों से सिद्धों की भक्ति करने से असीम पुण्य का संचय होता है**

कि श्री सिद्धचक्र विधान अनन्तानन्त सिद्धप्रभु की भक्ति के निमित्त किया जाने वाला वृहत विधान है। श्री सिद्धचक्र महामण्डल विधान जैन धर्म का सबसे शक्तिशाली और फलदायी अनुष्ठान माना जाता है, जो आत्मा की शुद्धि के साथ-साथ सांसारिक और पारमार्थिक दोनों प्रकार के सुख प्रदान करता है। अष्टान्हिका महापर्व के दौरान शुद्ध भावों से सिद्धों की भक्ति करने से असीम पुण्य का संचय होता है।

संध्याकालीन कार्यक्रम में महाआरती, भजन, गुरुभक्ति, प्रश्नमंच, सांस्तिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। आयोजन को सफल बनाने में चातुर्मास समिति के ड शशांक जैन, रीना जैन, अजय जैन बबलू जी, मनीष जैन, साहू जैन, रोहित जैन, ओंकार अग्रवाल, अलका जैन, ब्र सुलोचना दीदी, रत्ना जैन, ज्योति जैन, जूही जैन, हर्षित जैन, अतिशय जैन, वंश जैन, आकाश जैन, मन्नू जैन के साथ सैकड़ों की संख्या में गुरूभक्त की भूमिका अहम रही।

## तीन राष्ट्रीय राजमार्गों को जोड़ने वाली लाइफलाइन सड़क का निर्माण शुरू



**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** तीन राष्ट्रीय राजमार्गो को जोड़ने वाली बहुप्रतीक्षित शाहपुर-बनाही सड़क के निर्माण कार्य ने आखिरकार गति पकड़ ली है। अत्याधुनिक एफडीआर (फुल डेप्थ रिक्लेमेशन) तकनीक से सड़क निर्माण का कार्य शाहपुर की ओर से शुरू कर दिया गया है। इस सड़क के बनने से क्षेत्र में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी और व्यापारिक गतिविधियों को भी नया विस्तार मिलेगा। यह महत्वपूर्ण सड़क शाहपुर स्थित एनएच-84 को पटना-बक्सर फोरलेन एनएच-922 तथा जगदीशपुर के समीप आरा-मोहनिया एनएच-30 से जोड़ेगी। इससे शाहपुर, बिहिया और जगदीशपुर प्रखंडों के लोगों को सीधा और सुगम संपर्क मार्ग उपलब्ध होगा। वर्तमान में सड़क पर प्रथम लेयर तैयार करने का कार्य किया जा रहा है। निर्माण एजेंसी के अधिकारियों के अनुसार मौजूदा प्राक्कलन को संशोधित करने के लिए भेजा गया है। सर्वेक्षण के दौरान कई स्थानों पर सड़क के चौड़ीकरण तथा कुछ जगहों पर सड़क की उंचाई बढ़ाने की आवश्यकता महसूस की गई है। संशोधित प्राक्कलन को स्वीति मिलने के बाद शेष कार्य उसी अनुरूप कराया जाएगा। करीब दस किलोमीटर लंबी इस सड़क के निर्माण पर सरकार ने लगभग दस करोड़ रुपये की राशि स्वीत की है। यह सड़क शाहपुर से बनाही स्टेशन, चकरही, महुआव, हेतमपुर और शिवपुर होते हुए एनएच-30 से जुड़ेगी। सड़क बनने के बाद स्थानीय लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिलने के साथ षि उत्पादों के परिवहन, व्यापार और आपातकालीन सेवाओं में भी काफी सहूलियत होगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से इस सड़क के निर्माण की मांग की जा रही थी। अब निर्माण कार्य शुरू होने से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है और लोगों को उम्मीद है कि निर्धारित समय में सड़क बनकर तैयार होने के बाद विकास को नई गति मिलेगी।

## तारकेश्वर पांडेय ने किया अवर निबंधक कार्यालय का कायाकल्प, सरकारी दफ्तरों की बदली छवि

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** अपने कार्यकाल के दरमियान विभागीय उपलब्धि के साथ बेहतर व्यावहारिक संबंध बनाने वाले लोक सेवक प्रशासन से लेकर आम जन तक काफी लोकप्रिय हो जाते हैं। लेकिन जो पदाधिकारी अपनी सूझबूझ है और दूरदर्शिता के कारण विभागीय सुविधाओं को राज्य और राष्ट्रीय मानक के अनुरूप उपलब्ध करा जाते हैं, वे जिले के इतिहास में अपनी अमित छाप छोड़ जाते हैं। ऐसे पदाधिकारियों की चर्चा पीढ़ी दर पीढ़ी चलती रहती है। ऐसे ही पदाधिकारी, जिला अवर निबंधक तारकेश्वर पांडेय का कल स्थानांतरण हो गया। पांडेय ने जिला अवर निबंधन कार्यालय, आरा का कायाकल्प करते हुए सरकारी दफ्तरों की छवि बदलने की मिसाल पेश की है। सौंदर्यीकरण के साथ सुविधाओं की उपलब्धता से यह कार्यालय राज्य और राष्ट्रीय मानक के अनुरूप स्थापित कर दिया




जिला निबंधन कार्यालय का मुख्य द्वार।



जिला अवर निबंधन कार्यालय परिसर में बना बुद्ध उद्यान।

**अपने कार्यालय को बनाया अन्य विभागों के लिए अनुकरणीय**

**शत-प्रतिशत लक्ष्य के साथ पांडेय ने जनता का जीता दिल**

है। नये सिरे से सजे कार्यालय में आम लोगों के लिए भव्य भवन, आरामदायक कुर्सियों से युक्त बेहतर प्रतिक्षालय, लिपिक एवं कम्पयूटर कक्ष, महिला एवं पुरुष षौचालय, शिशु देखभाल केन्द्र (स्तनपान केन्द्र), व्यवस्थित रेकॉर्ड रूम तथा परिसर के भीतर मुख्य द्वार के समीप फव्वारा युक्त बुद्ध उद्यान सरकार के पदाधिकारियों के लिए अनुकरणीय है। 1864 से पड़े दस्तावेजों को काफी संजीदगी के साथ संजोकर रखा गया है। 1972 में शाहाबाद से अलग हुए बक्सर, कैमूर एवं रोहतास जिले के सारे भूआलेख उन जिलों को पांडेय ने हस्तगत करा दिया। पांडेय आरा में तीन वर्ष पूरा कर चुके थे। आगमन के साथ ही लगातार विभागीय कार्य एवं सुधार के साथ अपने व्यवहार से लोगों का दिल जीत लिए। ऐसे पदाधिकारी जब जिला से जाते हैं, तो अपनी छाप छोड़ जाते हैं।

### शत-प्रतिशत विभागीय लक्ष्य पूरा

जिला अवर निबंधक पांडेय ने वर्ष 2023-24 से लेकर 2025-26 तक विभाग द्वारा निर्धारित राजस्व लक्ष्य का शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल किया। गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्धारित राजस्व लक्ष्य का 216 प्रतिषत उपलब्ध हासिल किया। हालांकि पांडेय भवन के सौंदर्यीकरण एवं राजस्व उपलब्धि का सारा श्रेय जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया को देते हैं।

### प्रशासन और जनता का मिला सहयोग : पांडेय




तारकेश्वर पांडेय।

जिला अवर निबंधक तारकेष्वर पांडेय ने कहा कि स्थानांतरण तो एक प्रक्रिया है लेकिन यहां के जिला प्रशासन एवं आम लोगों से जो सहयोग एवं समन्वय स्थापित हुआ, वह अविश्मरणीय रहेगा। विशेषकर जिलाधिकारी सुल्तानिया का आभारी हूं, जिन्होंने हर समय मार्ग दर्शन किया। निबंधन में स्टाम्प ड्यूटी को लेकर वे सदैव प्रोत्साहित करते रहे। निबंधन विभाग का भवन निमार्ण से लेकर रिकॉर्ड अद्यतन करने में उनका भरपूर सहयोग मिला। यू कहिए उन्हीं के बदौलत संभव हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### कारगिल विजय दिवस भारत देश के शौर्य और पराक्रम का प्रतीक : सत्येन्द्र



**अरवल (एनएसबी)।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीद सभी वीर जवानों को नमन करते हुए लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने प्रेस ब्यान जारी कर कहा कि कारगिल विजय दिवस भारत देश के शौर्य और पराक्रम का प्रतीक है । कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है । भारत मे प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है । इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था, जो लगभग 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई के दिन भारतीय जवानों ने पाकिस्तानी सैनिकों को खदेड़ते हुए कारगिल की पहाड़ियों में भारतीय जवानों ने तिरंगा झंडा लहराया और युद्ध समाप्त हुआ और इस युद्ध मे भारत विजयी हुआ । कारगिल विजय दिवस युद्ध मे शहीद हुए वीर जवानों के सम्मान देने के लिए यह दिवस मनाया जाता है । यह दिन उन 527 से अधिक वीर सैनिकों के बलिदान को याद करता है , जिन्होंने माइनस तापमान और बीस हजार की फीट की ऊंचाई पर बेहद कठिन हालातों में भी रक्षा की थी । देश के युवाओं और देशवासियों को भारतीय सेना के त्याग , बलिदान , समर्पण और राष्ट्रीय एकता का संदेश सदैव स्मरण देता रहेगा है ।

### आर्म्स एक्ट के नामजद अभियुक्त को परासी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मेहंदिया (एनएसबी)।** परासी थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट के एक लंबे समय से फरार चल रहे नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान कमलदेव सिंह, , ग्राम नारायण बीघा, थाना परासी, जिला अरवल के रूप में हुई है। वह परासी थाना कांड संख्या-01/24 (आर्म्स एक्ट) का नामजद अभियुक्त था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कमलदेव सिंह का गांव के ही रामबालक राजवंशी से विवाद हो गया था। विवाद के दौरान गुस्से में आकर कमलदेव सिंह ने रामबालक राजवंशी पर पिस्टल तानकर गोली चलाने का प्रयास किया। बताया जाता है कि पिस्टल का ट्रिगर दबाया गया, लेकिन गोली नहीं चली, जिससे रामबालक राजवंशी बाल-बाल बच गए।घटना के बाद रामबालक राजवंशी ने परासी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस द्वारा मामले का अनुसंधान किए जाने के बाद अभियुक्त की तलाश लगातार की जा रही थी। अंततः पुलिस ने उसे उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में परासी थानाध्यक्ष मोहम्मद सिराज ने बताया कि आर्म्स एक्ट मामले के नामजद अभियुक्त कमलदेव सिंह को उसके घर से विधिवत गिरफ्तार किया गया है। यह मामला कई महीनों से लंबित था। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

### 269वें रविवासरीय पौधरोपण अभियान के तहत मंडल कारा, जहानाबाद में बना ह्यधन्वंतरि उद्यान

**जहानाबाद (एनएसबी)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ, जहानाबाद द्वारा निरंतर संचालित 269वें रविवासरीय साप्ताहिक पौधरोपण अभियान के अंतर्गत रविवार को मंडल कारा, जहानाबाद परिसर में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न औषधीय एवं छायादार पौधों का रोपण कर परिसर में



'धन्वंतरि उद्यान' का निर्माण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र के सामूहिक उच्चारण तथा युगऋषि परम पूज्य पं. श्रीराम शर्मा आचार्य एवं वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के आदर्शों के स्मरण के साथ हुआ। इसके बाद पर्यावरण संरक्षण, मानव स्वास्थ्य और प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व का संदेश देते हुए तुलसी, आँवला, गिलोय, अशोक, बेल, तेजपत्ता, एलोवेरा, करीपत्ता, इलायची, लेमन ग्रास, नींबू, हरड़, बहेड़ा सहित अनेक औषधीय एवं उपयोगी पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर काराधीक्षक अजीत कुमार ने कहा कि पौधे केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं हैं, बल्कि मानव जीवन को स्वस्थ, सुरक्षित और संतुलित बनाने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि भारतीय आयुर्वेद में वर्णित औषधीय पौधे हमारी अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर हैं, जिनका संरक्षण और संवर्धन प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के प्रतिनिधियों ने बताया कि संस्था पिछले पाँच वर्षों से प्रत्येक रविवार को नियमित रूप से पौधरोपण एवं पौध संरक्षण अभियान चला रही है। यह अभियान आज अपने 269वें सप्ताह में भी निरंतर जारी है और समाज में पर्यावरण संरक्षण तथा जनभागीदारी का प्रेरणादायी उदाहरण बन चुका है। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित लोगों ने यह संकल्प लिया कि "केवल पौधे लगाना ही नहीं, बल्कि उनकी नियमित देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनाना ही सच्चा पर्यावरण संरक्षण है।" साथ ही नागरिकों से अपने घरों, विद्यालयों, कार्यालयों, सार्वजनिक स्थलों एवं धार्मिक परिसरों में अधिकाधिक पौधरोपण कर हरित एवं स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण में भागीदारी निभाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मंडल कारा प्रशासन एवं प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के कार्यकताओं का सक्रिय सहयोग रहा। इस अवसर पर जेल प्रशासन की ओर से सहायक अधीक्षक मु. अख्तर हुसैन, सतेन्द्र कुमार, सितेश कुमार, विनय सिंह, अनिल कुमार सिंह एवं मुकेश दास उपस्थित रहे। वहीं गायत्री परिवार की ओर से रंगेश कुमार, बचन देव कुमार, कौशल कुमार, धनंजय कुमार, शिशुपाल सिंह, विनोद कुमार, परमेन्द्र कुमार एवं मंटू कुमार सहित अनेक पर्यावरण प्रेमियों ने भाग लिया।

### रिंकू यादव की पहल रंग लाई, नगर परिषद की ₹15 लाख तक की योजनाएं अब विभागीय स्तर से होंगी

**जहानाबाद।** नगर निकायों में विकास कार्यों को गति देने की दिशा में विधान पार्षद कुमार नागेंद्र उर्फ रिंकू यादव की पहल सफल रही है। उनके द्वारा बिहार विधान परिषद में उठाए गए सवाल के बाद राज्य सरकार ने नगर निगम एवं नगर परिषदों में 15 लाख रुपये तक की विकास योजनाओं को विभागीय स्तर से क्रियान्वित करने की पूर्व व्यवस्था बहाल करने का निर्देश जारी किया है। विधान पार्षद रिंकू यादव ने सदन में कहा था कि छोटे-छोटे विकास कार्यों को भी टेंडर प्रक्रिया से कराने के कारण अनावश्यक विलंब होता है। इससे सड़क, नाली, जलनिकासी, स्ट्रीट लाइट, साफ-सफाई और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी योजनाएं समय पर पूरी नहीं हो पातीं, जिससे आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ता है। सरकार के इस निर्णय के बाद अब 15 लाख रुपये तक की योजनाएं विभागीय स्तर पर कराई जा सकेंगी, जिससे नगर निकायों में विकास कार्यों के निष्पादन में तेजी आएगी। इससे स्थानीय आवश्यकताओं से जुड़े छोटे लेकिन महत्वपूर्ण कार्य शीघ्र पूरे होने की उम्मीद है। विधान पार्षद कुमार नागेंद्र उर्फ रिंकू यादव ने इसे जनहित और विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि जनता की समस्याओं को सदन में मजबूती से उठाना उनकी प्राथमिकता रही है और आगे भी जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाते रहेंगे। इस निर्णय से जहानाबाद नगर परिषद सहित राज्य के सभी नगर निकायों में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रक्रिया सरल होगी तथा स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों को नई गति मिलने की संभावना है।

# कांग्रेस नेताओं ने धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को बताया लोकतंत्र की जीत




विजय ज्वेलर्स में शामिल कांग्रेस कार्यकर्ता।

**कुर्था(एनएसबी)।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर चले छात्र-युवा आंदोलन की सफलता पर अरवल जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से रविवार को विजय जुलूस निकाला गया। यह जुलूस अरवल चौक से डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल तक निकाला गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद कैफ ने की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद कैफ ने देशभर के छात्रों और युवाओं को आंदोलन की सफलता पर बधाई देते हुए उनके संघर्ष, साहस और एकजुटता की सराहना की। उन्होंने विपक्ष के नेता राहुल गांधी को भी इस आंदोलन में उनके समर्थन और भूमिका के लिए बधाई दी। इस मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद कैफ ने कहा कि छात्र-युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी ताकत है। जब भी युवाओं ने अन्याय, तानाशाही और जन विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाई है, तब-तब सत्ता को जनता की भावना का सम्मान करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि यह जीत केवल एक मंत्री के इस्तीफे तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश के युवाओं के लोकतांत्रिक अधिकारों, न्याय और उनके भविष्य की रक्षा की जीत है।

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे आगे भी लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और समाज तथा देशहित के मुद्दों पर संगठित होकर अपनी आवाज बुलंद करते रहें। विजय जुलूस के दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने छात्रों और युवाओं के संघर्ष की सराहना करते हुए इसे लोकतंत्र और जनशक्ति की जीत बताया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।

## पंचायत विकास दिवस के अवसर पर ग्राम सभा का किया गया



ग्राम सभा में भाग लेते लोग।

**शहरतेलपा( एनएसबी)।** बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्रालय के द्वारा बिहार के प्रत्येक पंचायत को निर्देश दिया गया है कि महीना के अंतिम रविवार को अपने-अपने पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन करें इसी निर्देश के तहत करपी प्रखण्ड के ग्राम पंचायत केयाल के पंचायत सरकार भवन में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पंचायत के मुखिया राम इकबाल साव ने किया। इस अवसर पर पंचायत स्तरीय सभी विभागों की कर्मचारी उपस्थित रहे।जिसमें जी राम जी पंचायत सचिव, सुनील कुमार, इंदिरा आवास सहायक ,अनिल कुमार डाटा इंट्री ऑपरेटर, पवन कुमार विकास मित्र, कुसुम कुमारी, पंचायत कचहरी सचिव सरिता सिंधु, पंचायत स्वछता पर्यवेक्षक पिन्टु सहित कई लोगों उपस्थित थे। इन तमाम कर्मचारियों के द्वारा ग्राम सभा में आए हुए ग्राम पंचायत के लोगों की समस्याओं को सुना एवं उसके निदान की बात कही, पंचायत सचिव सुनील कुमार ने बताया कि कबीर अंतर्दृष्टि योजना के तहत 6 आवेदन आए हैं। वहीं राशन कार्ड बनाने के लिए भी अनेक लोगों ने अपना आवेदन जमा किया इस ग्राम सभा में राजस्व कर्मचारी का नहीं आना चर्चा का विषय बना रहा ।और लोगों ने उनके प्रति काफी आक्रोश व्यक्त किया।आम लोगों का कहना था कि राजस्व कर्मचारी के ना आने से राजस्व से संबंधित है समस्याओं का निपटारा नहीं किया गया ।ग्राम सभा के माध्यम से सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम सहित कई प्रकार के सरकारी कार्यक्रम की जानकारी आम लोगों को दी गई। प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी का लोगों के द्वारा अंतिम अंतिम तक काफी इंतजार किया गया लेकिन उन लोगों की भागीदारी नहीं हो सकी। ग्राम सभा प्रत्येक महीना के अंतिम रविवार के दिन सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक लगाया जाता है। और इस समय के बीच जो भी आम लोगों के द्वारा समस्या लाई जाती है उसके निदान का प्रयास किया जाता है।

**शहरों में 25 दिन में मिल रही सुविधा; नियम में संशोधन की उठी मांग**

## भारत स्काउट एवं गाइड ने स्वतंत्रता दिवस परेड की शुरू की तैयारी




भाग लेते बच्चे।

**कुर्था(एनएसबी)** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले परेड प्रदर्शन को आकर्षक एवं अनुशासित बनाने के उद्देश्य से रविवार को भारत स्काउट एवं गाइड जिला कार्यालय, +2 जी.ए. उच्च विद्यालय अरवल में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला संगठन आयुक्त राजेश कुमार ने की। बैठक को संबोधित करते हुए स्काउट मास्टर अभिषेक कुमार वर्मा ने बताया कि इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस समारोह में भारत स्काउट एवं गाइड की ओर से दो प्लाटून परेड में हिस्सा लेंगी। उन्होंने कहा कि कैडेटों को बेहतर प्रशिक्षण देकर उत्कृष्ट एवं अनुशासित प्रदर्शन सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि जिले का नाम गौरवान्वित हो। जिला संगठन आयुक्त राजेश कुमार ने कहा कि जिले के सभी मध्य विद्यालयों एवं उच्च विद्यालयों, जहां भारत स्काउट एवं गाइड की इकाइयाँ संचालित हैं, वहां से योग्य एवं अनुशासित स्काउट-गाइड कैडेटों का चयन किया जाएगा। चयनित कैडेट ही स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित मुख्य परेड में भाग लेंगे। उन्होंने सभी प्रखंडों के यूनिट लीडरों से समयबद्ध तरीके से चयन प्रक्रिया पूरी करने तथा नियमित अभ्यास कराने का आह्वान किया। बैठक में परेड की तैयारी, प्रशिक्षण कार्यक्रम, अनुशासन, गणवेश, समय-निर्धारण तथा बेहतर समन्वय को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने कहा कि स्काउट एवं गाइड का उद्देश्य केवल परेड तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में अनुशासन, सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रभक्ति का विकास करना भी है। इस अवसर पर जिला यूनिट लीडर स्काउट रोशन राज, जिला यूनिट लीडर गाइड शिंपू कुमारी सहित जिले के सभी प्रखंड यूनिट लीडर उपस्थित रहे। बैठक का समापन राष्ट्रगान के सामूहिक गायन के साथ किया गया।

## विकसित भारत–समृद्ध बिहार की नींव बना पंचायत विकास दिवस




**जहानाबाद (एनएसबी)।** गांवों के समग्र विकास का सपना तभी साकार होता है, जब लोकतंत्र की सबसे छोटी इकाई—ग्राम पंचायत—जनभागीदारी, पारदर्शिता और सेवा की भावना से सशक्त बने। इसी संकल्प को साकार करने की दिशा में "विकसित भारतझ्रसमृद्ध बिहार अभियान" के अंतर्गत रविवार को जिले की सभी 88 ग्राम पंचायतों में पंचायत विकास दिवस उत्साह और जनसहभागिता के साथ मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम जहानाबाद प्रखंड की सुरंगापुर भवानीचक पंचायत में आयोजित हुआ, जिसमें जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया एवं पुलिस अधीक्षक श्री कोटा किरण कुमार ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ वृक्षारोपण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। स्वागत गीत, राष्ट्रगान और कलाकारों द्वारा प्रस्तुत प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक ने मद्य निषेध एवं नशामुक्ति का ऐसा संदेश दिया, जिसने उपस्थित ग्रामीणों को आत्ममंथन के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम का सामूहिक प्रसारण भी सुना गया। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत चयनित टीबी मरीजों एवं अति-कुपोषित (रअट) बच्चों के बीच 27 फूड बास्केट वितरित किए गए। जिला पदाधिकारी ने कहा कि पोषण, समय पर उपचार और सामाजिक सहयोग ही स्वस्थ एवं समृद्ध समाज की आधारशिला हैं। उप विकास आयुक्त आदित्य कुमार पियूष ने पंचायतों को लोकतंत्र की आत्मा बताते हुए विकास योजनाओं में जनसहभागिता बढ़ाने का आह्वान किया। वहीं पुलिस अधीक्षक कोटा किरण कुमार ने अभिभावकों से बच्चों में अनुशासन, नैतिकता और जिम्मेदारी के संस्कार विकसित करने की अपील की। अपने प्रेरक संबोधन में जिला पदाधिकारी ने कारगिल विजय दिवस पर अमर शहीदों को नमन करते हुए महात्मा गांधी के "सशक्त ग्राम, समृद्ध भारत" के स्वप्न को साकार करने का संकल्प दोहराया। उन्होंने शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव की उपलब्धि के लिए स्वास्थ्य विभाग और आशा कार्यकताओं की सराहना करते हुए सौर ऊर्जा, हरित विकास और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया। स्थानीय मुखिया नरेंद्र कुमार पासवान की अध्यक्षता में आयोजित विशेष ग्राम सभा में ग्रामीणों ने पंचायत विकास से जुड़े सुझाव रखे। कार्यक्रम का समापन राजकीय बिहार गीत के सामूहिक गायन के साथ हुआ, जिसने विकास, लोकतंत्र और जनसहभागिता के इस उत्सव को यादगार बना दिया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुर्था में सुविधा के नाम पर खानापूरी




लगा पेयजल।

**कुर्था (एसएनबी)** एक ओर सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और मरीजों को गुणवत्तापूर्ण इलाज के साथ सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर अरवल जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कुर्था की स्थिति इन दावों की पोल खोलती नजर आ रही है। अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्था के कारण यहां इलाज कराने आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सूत्रों के माने तो मरीजों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए लगाए गए पानी की टंकी की सफाई कब हुई, इसका कोई रिकॉर्ड अथवा तिथि टंकी पर अंकित नहीं है। इसी प्रकार अस्पताल परिसर में लगे आरओ (रिवर्स ऑस्मोसिस) वाटर प्लांट की सर्विसिंग और सफाई की तिथि भी कहीं प्रदर्शित नहीं की गई है। ऐसे में मरीजों और उनके परिजनों के मन में यह सवाल बना रहता है कि आखिर उन्हें जो पानी पीने के लिए दिया जा रहा है, वह कितना सुरक्षित है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार अस्पतालों में पेयजल की स्वच्छता अत्यंत महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि यहां आने वाले अधिकांश मरीज पहले से ही विभिन्न बीमारियों से ग्रसित रहते हैं। यदि दूषित पानी का सेवन कराया जाए तो संक्रमण फैलने का खतरा और बढ़ जाता है। इसके बावजूद अस्पताल प्रशासन द्वारा पानी की टंकी एवं आरओ मशीन के नियमित रखरखाव और उसकी जानकारी सार्वजनिक करने में गंभीर लापरवाही बरती जा रही है। स्थिति और भी चिंताजनक तब हो जाती है। जब बरसात के मौसम में दूर-दराज के गांवों से मरीज इलाज कराने के लिए कुर्था अस्पताल पहुंचते हैं। कई बार मरीजों की गंभीर स्थिति अथवा लगातार हो रही बारिश के कारण उन्हें अस्पताल परिसर में ही रुकना पड़ता है लेकिन अस्पताल में मरीजों के परिजनों के बैठने या रात बिताने के लिए कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। मजबूरन लोग बरामदे, फर्श या खुले स्थानों पर पूरी रात गुजारने को विवश हो जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल में समय-समय पर सफाई, पेयजल व्यवस्था और मरीजों की सुविधाओं की निगरानी होनी चाहिए, लेकिन इस दिशा में अपेक्षित पहल नहीं दिखाई देती। अस्पताल प्रशासन की उदासीनता के कारण मरीजों और उनके परिजनों को बुनियादी सुविधाओं के लिए भी परेशान होना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोगों ने जिला स्वास्थ्य विभाग और संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुर्था की व्यवस्थाओं की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। पानी की टंकी और आरओ मशीन की नियमित सफाई एवं सर्विसिंग सुनिश्चित की जाए तथा उसकी तिथि सार्वजनिक रूप से अंकित कराई जाए। साथ ही बरसात के मौसम को देखते हुए मरीजों एवं उनके परिजनों के बैठने और रुकने की समुचित व्यवस्था भी तत्काल की जाए, ताकि अस्पताल में आने वाले लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

## विधायक पप्पू वर्मा ने क्षेत्र का दौरा कर इलेक्ट्रिक बाइक शोरूम का उद्घाटन



**कुर्था (एनएसबी)** । कुर्था विधानसभा क्षेत्र के विधायक पप्पू वर्मा ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर लोगों से मुलाकात की तथा उनका कुशल-क्षेम जाना। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों से समाधान कराने का भरोसा दिलाया। विधायक के आगमन पर कई स्थानों पर ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और अपनी स्थानीय समस्याओं से अवगत कराया। दौरे के क्रम में विधायक पप्पू वर्मा ने एक नए इलेक्ट्रिक बाइक शोरूम का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक दौर में इलेक्ट्रिक वाहनों का महत्व लगातार बढ़ रहा है। इलेक्ट्रिक वाहन न केवल पेट्रोल और डीजल जैसे प्राकृतिक ईंधनों की बचत करते हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदूषण को कम करने और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण देने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। विधायक ने लोगों से अपील की कि वे पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझें और अधिक से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि सरकार भी स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चला रही है, जिसका लाभ आम लोगों को मिल रहा है। दौरे के दौरान विधायक ने आमजन की समस्याओं और विकास से जुड़े मुद्दों को भी सुना तथा शीघ्र समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास और जनता की सेवा ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उद्घाटन समारोह एवं जनसंपर्क कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।